kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-181 ❐ शनिवार, 02 अगस्त 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट कर कुशलक्षेम जाना एवं प्रदेश की समृद्धि व विकास संबंधी विभिन्न विषयों पर कुशल मार्गदर्शन प्राप्त किया।
उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से दो नेशनल हाईवे समेत 283 सड़कें बंद 11

कांग्रेस ने मालेगांव मामले में हिन्दुओं को अपमानित किया: भाजपा 12

### यूपी फुटवियर, लेदर व नॉन-लेदर क्षेत्र विकास नीति के प्रारूप पर मुख्यमंत्री ने की बैठक

# यूपी को फुटवियर-लेदर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाएगी नई नीति : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने फुटवियर, लेदर और नॉन-लेदर विनिर्माण के क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के पारंपरिक कौशल, प्रशिक्षित श्रमबल, कच्चे माल की प्रचुरता और आगरा, कानपुर व उन्नाव जैसे सशक्त औद्योगिक केंद्रों की मौजूदगी को देखते हुए एक समग्र, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी नीति का निर्माण करना आवश्यक हो गया है। बैठक में 'उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर एवं नॉन-लेदर क्षेत्र विकास नीति 2025' के प्रारूप पर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन-से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि यदि उत्पादन, डिज़ाइन, अनुसंधान और प्रशिक्षण को एकीकृत किया जाए तो यह क्षेत्र न केवल बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित कर सकता है, बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा सकता है। उन्होंने फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्प्लेक्स जैसी अधोसंरचना



नीति

❐ डिज़ाइन टू डिलीवरी' मॉडल के साथ एकीकृत इकोसिस्टम विकसित करेगा उत्तर प्रदेश

❐ उत्तर प्रदेश ने फुटवियर, लेदर और नॉन-लेदर विनिर्माण के क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए है

सुविधाओं की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया ताकि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रस्तावित नीति के तहत अगले कुछ वर्षों में लगभग 22 लाख नई नौकरियों के सृजन की संभावना है। यह नीति उत्तर प्रदेश को वैश्विक फुटवियर और लेदर विनिर्माण का केंद्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक पहल मानी जा रही है। वर्तमान में भारत इस क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है। इसमें उत्तर प्रदेश की भागीदारी महत्वपूर्ण है। अकेले कानपुर और उन्नाव में 200 से अधिक सक्रिय टैनरियां कार्यरत हैं। आगरा को तो देश की ''फुटवियर राजधानी'' के रूप में जाना जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति के तहत न केवल लेदर और नॉन-लेदर फुटवियर निर्माण इकाइयों को बढ़ावा दिया जाए, बल्कि इससे जुड़ी सहायक इकाइयों; जैसे बकल्स, ज़िप, सोल, इनसोल, लेस, केमिकल्स, डाइज, हील्स, थ्रेड्स, टैग्स और लेबल्स के निर्माण को भी विशेष प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मशीनरी निर्माण, विशेष रूप से चमड़ा सिलाई, कटिंग, मोल्डिंग और नॉन-लेदर सेफ्टी शूज़ बनाने वाली तकनीकों से संबंधित इकाइयों को भी समर्थन मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समग्र दृष्टिकोण प्रदेश में एक पूर्ण एकीकृत फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम तैयार करेगा, जिससे 'डिज़ाइन टू डिलीवरी' मॉडल को स्थानीय स्तर पर साकार किया जा सकेगा। उन्होंने बेहतर उत्पादों के लिए स्किलिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग की मजबूत ● शेष पेज 11 पर

### भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश को मुख्यमंत्री योगी ने दी जन्मदिन की बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी है! मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ एवं सुयशपूर्ण जीवन की प्राप्ति हो। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है! उन्होंने लिखा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर यश की प्राप्ति हो।

# मैनपुरी में सड़क हादसे में एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत

एजेंसी

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के बेवर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर को एक मार्ग दुर्घटना में कार सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई है। एक बच्ची घायल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों की पहचान के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।



मुख्यमंत्री ने जताया शोक

पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि मैनपुरी के हरीपुर कैथोली गांव निवासी दीपक चौहानअपने परिवार के साथ आगरा में रहने वाली भतीजी काव्या चौहान का जन्मदिन मनाकर लौट रहा था। जीटी रोड हाईवे पर ग्राम नगला ताल के पास कार अचानक बेकाबू होकर डिवाइडर पार करते हुए कानपुर-आगरा लेन में पहुंच गई। इस दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उनकी कार टकरा गई। हादसे में कार में सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एसपी ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्वाई शुरू कर दी। मार्ग दुर्घटनामें मरने वालों की पहचान मैनपुरी के हरीपुर कैथोली गांव निवासी दीपक चौहान (36), उनकी पत्नी पूजा (34), बेटियां आशी (9), आर्या (4) और बहन सुजाता (50) के रूप में हुई है। दीपक की 11 वर्षीय बेटी आराध्या गंभीर रूप ● शेष पेज 11 पर

## लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने उप सेना प्रमुख का कार्यभार संभाला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने शुक्रवार को उप सेना प्रमुख (वीसीओएएस) का कार्यभार संभाल लिया। उन्हें यह नियुक्ति निवर्तमान उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि की 39 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त होने पर मिली है। नए वीसीओएएस ने आज राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने आज भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख का पदभार



कार्यभार

❐ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की, साउथ ब्लॉक लॉन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने वीर नारियों और उन बहादुरों के परिवार के सदस्यों के साथ नई ● शेष पेज 11 पर

### बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर मतदाता गहन पुनरीक्षण के बाद नई ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता गहन पुनरीक्षण के बाद नई ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी है। शुक्रवार को यह प्रारूप सूची बिहार के सभी जिलों में जिला निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा जारी कर दी गई। बिहार निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) और बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को यह सूची सौंप दी है। इसके साथ ही, जिलों में मान्यता प्राप्त ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### श्रीनगर के बीएसएफ बटालियन मुख्यालय से एक जवान लापता

श्रीनगर। श्रीनगर स्थित 60वीं बटालियन मुख्यालय से गुरुवार देर शाम सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान लापता हो गया है। उसका पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया है । अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ की 60वीं बटालियन का यह जवान पंथाचौक में तैनात था। आस-पास के इलाकों में व्यापक प्रयासों के बावजूद उसका पता नहीं चल पाया है। इसके बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि जवान के लापता होने के पीछे क्या कारण है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के कोतवाली देहात स्थित सिखेरा गांव का मूल निवासी सुगम चौधरी स्वर्गीय देवेंद्र कुमार का पुत्र हैं। प्रारंभिक आंतरिक रिपोर्टों के अनुसार उसका रंग गोरा, बाल काले और कद 174.5 सेमी बताया गया है। लापता होने से पहले उसने किसी भी तरह की परेशानी या असामान्य व्यवहार का संकेत नहीं दिया था। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सभी मानक प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है और उनके परिवार को स्थिति से अवगत करा दिया गया है।

### राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित

नई दिल्ली। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर शुक्रवार को भी राज्यसभा की कार्यवाही बाधित रही। विपक्ष के हंगामे के कारण राज्यसभा पहले 12 बजे तक और फिर सोमवार सुबह 11 बजे तक लिए स्थगित कर दी गयी। राज्यसभा की कार्यवाही शुक्रवार को शुरू होते ही आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखे गए। उसके बाद उप सभापति हरिवंश ने कहा कि आज बिहार के संदर्भ में एसआईआर को लेकर कई लोगों ने नोटिस दिया। आज 30 सदस्यों ने नोटिस दिया जिसे उपसभापति ने अस्वीकार कर दिया। उसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। इस बीच आम आदमी पार्टी के सदस्य अशोक कुमार मित्तल ने अस्पतालों में भीड़ का मुद्दा उठाया। हंगामा फिर भी नहीं थमा। इसके बाद सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। सदन की कार्यवाही 12 बजे दोबारा शुरू होने पर भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा।

## ऊलजलूल आरोप और धमकियों पर उतर आये हैं राहुल : चुनाव आयोग

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह ऊलजलूल आरोप लगा रहे हैं और आयोग तथा उसके कर्मियों को डराने.धमकाने पर उतर आये हैं। आयोग ने कहा है कि वह रोज रोज लगाए जा रहे ऐसे बेबुनियाद आरोपों को नजरअंदाज करता है तथा धमकियों के बावजूद अपने सभी सभी चुनावकर्मियों से ऐसे बयानों पर ध्यान न देने तथा अपना काम निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से करते रहने के लिए कहता है। उल्लेखनीय है कि लोक सभा में विपक्ष के नेता श्री गाँधी ने बिहार में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण अभियान के विरोध में कुछ विपक्षी दलों के अभियान के बीच आज कहा कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है। उन्होंने कहा श्हमारे पास सबूत हैं कि चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है। मैं शत. प्रतिशत सबूतों के साथ ये बात कह रहा हूं। ● शेष पेज 11 पर




### चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के बयान को बताया बेबुनियाद

नई दिल्ली । चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कथित तौर पर धमकी भरे बयान कहा है कि ऐसे बेबुनियाद आरोप रोज-रोज लगाए जा रहे हैं और आयोग इनको नजर अंदाज करता है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया और कहा कि यह संस्था देश के खिलाफ काम कर रही है । उन्होंने यह भी कहा, ल्हम आपको (आयोग) छोड़ेंगे नहीं। राहुल के इस बयान पर चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने कहा, ल्चुनाव आयोग रोज़ रोज़ लगाये जा रहे ऐसे बेबुनियाद ● शेष पेज 11 पर


### देश के खिलाफ काम कर रहा चुनाव आयोग: राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संस्था देश के खिलाफ काम कर रही है। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने संसद भवन के बाहर पत्रकारों से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि हमारे पास सबूत है कि चुनाव के दौरान वोट चोरी हो रही है और चुनाव आयोग इसमें सीधे तौर पर मिला हुआ है। हम इसके बारे में जल्द ही जानकारी जारी करेंगे। जिससे देश के लोगों को स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव दर चुनाव उनका शक गहराता गया है। इसको लेकर कांग्रेस ने जांच करवाई है। इस जांच में 6 महीने लगे हैं और हमें कुछ बहुत बड़ा मिला है, जिससे चुनाव आयोग की साख पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा, इलेक्शन कमीशन में जो भी यह काम कर रहे हैं, राइट फ्रॉम द टॉप टू द बॉटम, आप एक बात याद रखिए- आपको हम छोड़ेंगे नहीं। कुछ भी हो जाए हम छोड़ेंगे नहीं आपको, क्योंकि आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हो, ये राजद्रोह है और इससे कम नहीं है। आप याद रखिए ● शेष पेज 11 पर

## तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में युद्ध के दौरान लापरवाही या चूक की गुंजाइश नहीं : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज के अनिश्चित समय में सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए नागरिक और सैन्य कर्मियों के बीच तालमेल बढ़ाने का आह्वान किया है। उन्होंने ऑपरेशन 'सिंदूर' की सफलता के पीछे रक्षा मंत्रालय के विभिन्न विभागों से सशस्त्र बलों को दिए गए समर्थन को मुख्य वजह बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि युद्ध सिर्फ सेना नहीं लड़ती, बल्कि पूरा देश लड़ता है और आज के तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में हम जरा सी भी लापरवाही या चूक की गुंजाइश नहीं छोड़ सकते। रक्षा मंत्री शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ भवन में 84वें सशस्त्र बल मुख्यालय नागरिक सेवा दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मजबूत सैन्य शक्ति के लिए एक मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था के अनिवार्य होने पर जोर देते हुए राजनाथ सिंह ने युद्ध और शांति काल में देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने



❐ राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए नागरिक और सैन्य कर्मियों के बीच तालमेल बढ़ाने का आह्वान

में अहम भूमिका निभाने के लिए वायु? सेना को सराहा। रक्षा मंत्री ने वायु सेना मुख्यालय के अधिकारियों से सर्वोत्तम प्रणालियों का आकलन करने और उन्हें अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियां, नई चुनौतियां और बदलते वैश्विक परिदृश्य इस बात का संकेत हैं कि प्रशिक्षण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि विकास का एक सतत चक्र ● शेष पेज 11 पर

### राजनाथ सिंह 3 अगस्त को लखनऊ में मेधावी छात्रों को करेंगे सम्मानित

लखनऊ। रक्षा मंत्री और स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह एक दिवसीय दौरे पर 3 अगस्त को लखनऊ आएंगे। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह यहां अखिल भारतीय ब्रह्मा समाज के 23वें मेधावी छात्र सम्मान समारोह में शामिल होंगे। उक्त जानकारी शुक्रवार को अखिल भारतीय ब्रह्मा समाज के मीडिया प्रभारी एचसी तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि यह मेधावी छात्र सम्मान समारोह 3 अगस्त को चारबाग में स्थित रवीन्द्रालय में होगा। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व सांसद डॉ. अशोक बाजपेई, पूर्व सांसद डॉ. रीता बहुगाा जोशी, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया और पूर्व विधायक सुरेश तिवारी भी उपस्थित रहेंगे।

# उमर को साबरमती रिवरफ्रंट पर दौड़ का आनंद लेते देखना अच्छा लगा : मोदी



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को साबरमती रिवरफ्रंट पर दौड़ का आनंद लेते और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने जाते देखकर अच्छा लगा। उनकी यह यात्रा एकता का एक महत्वपूर्ण संदेश देती है और हमारे साथी भारतीयों को भारत के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करने के लिए प्रेरित करेगी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया ष्एक्सष पर कहाए श श्री उमर अब्दुल्ला जी को साबरमती रिवरफ्रंट पर दौड़ का आनंद लेते और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने जाते देखकर अच्छा लगा। उनकी यह यात्रा एकता का एक महत्वपूर्ण संदेश देती है और हमारे साथी भारतीयों को भारत के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करने के लिए प्रेरित करेगी। इससे पूर्व उमर ● शेष पेज 11 पर

## काशी में प्रधानमंत्री आज करेंगे सौगातों की बारिश

एजेंसी

वाराणसी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को उत्तर प्रदेश स्थित अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी सहित पूरे पूर्वांचल में विकास की फिर नई इबारत लिखें देंगे। प्रधानमंत्री काशी में लगभग 2183.45 करोड़ की 52 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। जिसमें सड़क, स्वास्थ, शिक्षा, खेल, पर्यटन और बुनियादी और विकास की योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा देशभर के अन्नदाताओं को ''पीएम किसान सम्मान निधि'' की मिलेगी 20वीं किस्त भी जारी करेंगे। इसमें काशी के 2.21 लाख किसान भी लाभान्वित होंगे। प्रधानमंत्री सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के

❐ 52 योजनाओं का होगा लोकार्पण व शिलान्यास

❐ प्रधानमंत्री सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली (कालिका धाम) गांव में जनसभा को करेंगे संबोधित

❐ अन्नदाताओं के लिए ''पीएम किसान सम्मान निधि'' की 20वीं किस्त जारी करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

बनौली (कालिका धाम) गांव में एक जनसभा भी करेंगे। पावन मास सावन के रक्षाबंधन पर्व से ठीक पहले प्रधानमंत्री का शनिवार का दौरा पूर्वांचल के लिए फिर वरदान साबित होने जा रहा है। प्रधानमंत्री यहां ● शेष पेज 11 पर

# उप्र में 39 पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में लगातार तबादले हो रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार देर रात को डिप्टी एसपी रैंक के 39 उपाधीक्षकों का तबादला हुआ हैं। इससे पहले दिन में 15 अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए गए थे। पुलिस मुख्यालय से जारी सूची के मुताबिक, लखनऊ जोन में तैनात पुलिस उपाधीक्षक गौरव कुमार शर्मा को लखनऊ एयरपोर्ट नागरिक उड्डयन भेजा गया है। हर्षिता गंगवार को महोबा से तकनीकी सेवा शाखा मुख्यालय, सीमा यादव को मंडलाधिकारी मुरादाबाद से 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद, शिव ठाकुर को बुलंदशहर से मंडलाधिकारी मुरादाबाद, दीपक कुमार सिंह द्वितीय को सीतापुर से मंडलाधिकारी आगरा, सत्य प्रकाश शर्मा को मैनपुरी से 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली, ऋषिकांत शुक्ला को उन्नाव से मैनपुरी, तेज बहादुर सिंह को कानपुर कमिश्नरेट से उन्नाव, धर्मेंद्र कुमार सिंह को लखनऊ




कमिश्नरेट में तैनात सहायक पुलिस उपायुक्त के पद से मुक्त करते हुए सहायक सेना नायक 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी , शैलजा मिश्रा को पुलिस उपाधीक्षक मुरादाबाद से पुलिस उपाधीक्षक पीटीसी मुरादाबाद, विजय प्रताप यादव प्रथम को डीजीपी मुख्यालय की लोक शिकायत प्रकोष्ठ से 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र, सुमित त्रिपाठी को बाराबंकी से दूसरी वाहिनी पीएसी सीतापुर भेजा गया हैं। इसी तरह प्रभात कुमार द्वितीय को बलिया से केंद्रीय वस्त्र भंडार कानपुर, रुद्र कुमार सिंह को मुरादाबाद से प्रयागराज कमिश्नरेट, विजय ● शेष पेज 11 पर

# हरी नगर में नाला सफाई में बाधक बने बिल्डिंग मटेरियल के व्यापारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम भले ही शहर में जलभराव की समस्या को लेकर लगातार दावे कर रहा हो, लेकिन ज़मीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। शहर के बालागंज वार्ड स्थित हरी नगर मोहल्ला इस समय जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। बारिश के दिनों में यहां हालात इतने बिगड़ जाते हैं कि लोगों का घर से निकलना भी दूभर हो जाता है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि क्षेत्र में स्थित बड़े नाले में भारी मात्रा में सिल्ट जमा है, और नाले के किनारों पर झाड़-झंखाड़ व अवैध रूप से उगी झाड़ियाँ सफाई के अभाव में जंगल का रूप ले चुकी हैं। यही कारण है कि हल्की बारिश में भी मोहल्ला पानी-पानी हो जाता है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि महापौर से कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है, जिस पर नगर निगम ने कुछ समय पहले सफाई गाड़ियों के साथ टीम भेजी भी थी। लेकिन सफाई का काम शुरू होने से पहले ही रुक गया। वजह थी मुख्य मार्ग पर फैला अतिक्रमण। मोहल्ले के मुख्य मार्ग पर मोरंग-बालू के व्यापारियों द्वारा गिट्टी, बालू, मोरंग व अन्य निर्माण सामग्री का अवैध ढेर लगा दिया गया है, जिससे नगर निगम की सफाई गाड़ियाँ नाले तक पहुँच ही नहीं पाईं और उन्हें वापस लौटना पड़ा। अब स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि जब निगम की टीम खुद मौके तक नहीं पहुँच पा रही है, तो आम नागरिक किससे उम्मीद करें? बारिश का मौसम जारी है और जलभराव से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासी मोहम्मद आसिफ का कहना है कि, ल्लहमने कई बार पार्षद व नगर निगम अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला। अब तो सफाई की गाड़ी भी लौट गई। यह खुला मजाक है जनता के साथ।ङ्क एक अन्य निवासी अजीत ने बताया कि, ल्लबिल्डिंग मटेरियल वालों ने सड़क ही घेर रखी है। हम बच्चे को स्कूल भी नहीं भेज पाते। यह अतिक्रमण हमारे मोहल्ले के लिए आफत बन गया है।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

अब सवाल उठता है कि जब नगर निगम की टीम को भी अतिक्रमण के कारण वापस लौटना पड़ा, तो जिम्मेदार अधिकारी इस अव्यवस्था पर चुप क्यों हैं? क्या नगर निगम के अधिकारियों को यह सब दिखाई नहीं दे रहा या फिर जानबूझकर आँखें मूँद ली गई हैं? महापौर व नगर आयुक्त द्वारा बार-बार यह कहा जा रहा है कि शहर में सभी नालों की सफाई समय से पूरी की जा रही है, लेकिन हरी नगर की स्थिति इन दावों की सच्चाई को उजागर कर रही है। स्थानीय निवासियों ने एलडीए व नगर निगम अधिकारी से मांग की है कि मुख्य मार्ग पर कब्जा जमाए बैठे बिल्डिंग मटेरियल व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए ताकि सफाई गाड़ियाँ नाले तक पहुँच सकें। नाले की शीघ्र सफाई कर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। जब तक नगर निगम इस ओर ठोस कदम नहीं उठाएगा, तब तक हरी नगर के लोगों को राहत मिलना मुश्किल ही लगता है। ज्ञात हो कि इसी मार्ग पर लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही बसंत कुंज योजना भी स्थित है, जिसे एशिया की एक प्रतिष्ठित योजना के रूप में देखा जा रहा है। जाहिर है कि मुख्य सड़क पर हो रहे अवैध अतिक्रमण न केवल स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का कारण हैं, बल्कि इस महत्वाकांक्षी आवासीय परियोजना की छवि और विकास कार्यों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं।

### मामले पर क्या बोले अधिशासी अभियंता

नगर निगम अभियंत्रण विभाग ज़ोन 6 के अधिशासी अभियंता जे. राम से जब इस पर बात की गयी तो उन्होंने कहा की कल ही वहाँ से रोड पर जो मोरंग बालू गिट्टी आदि डालकर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया है उसको मैं हटवा दूंगा जिससे कि नाले की सफाई सुनिश्चित हो सके किन्तु अधिशासी अभियंता को यह कहे हुए एक हफ्ता बीत चुका है और स्थिति जस की तस है। न तो रोड पर सजी इस अवैध मौरंग बालू की मंडी को अधिशासी अभियंता द्वारा हटवाया गया और ना ही उस नाले की आज तक सफाई हो सकी जिससे कि लोगों को राहत मिल सके।

## हज रद्दीकरण पर लाखों की कटौती का फैसला लोकतंत्र में नादिर शाही फरमान : अनीस मंसूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी हज 2026 की रद्दीकरण नीति को लोकतंत्र में 'नादिरशाही फरमान' करार देते हुए कहा है कि यह आदेश देश के करोड़ों गरीब मुसलमानों की भावनाओं और संघर्ष पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित देशभर से सबसे अधिक हज यात्री पसमांदा मुस्लिम समाज के वे लोग होते हैं जो मेहनत-मजदूरी कर, एक-एक, दो-दो रुपये जोड़कर सालों में यह पवित्र यात्रा करने का सपना संजोते हैं। ऐसे में रद्दीकरण पर 1 लाख रुपये तक की कटौती और अंतिम समय पर पूरा पैसा जब्त कर लेना, सरासर अमानवीय और क्रूर निर्णय है।

श्री मंसूरी ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा, ''हज अब आस्था की नहीं, अमीरी की औकात का प्रमाण बनता जा रहा है।'' गरीब हाजी, जिनकी माली हालत रोज़ रोटी से ऊपर नहीं उठ पाती, वे अपनी छोटी-छोटी ज़रूरतें कुर्बान कर, गहने गिरवी रख, या कर्ज लेकर हज की रकम जमा करते हैं। ऐसे में किसी अचानक आई बीमारी, पारिवारिक आपदा या मजबूरी में अगर उन्हें यात्रा रद्द करनी पड़े और फिर सरकार उनकी जमा पूंजी को छीन ले तो इससे बड़ा अन्याय और क्या होगा? पूर्व मंत्री ने सवाल उठाया कि रद्दीकरण करने पर 2,300 से लेकर 1 लाख तक की कटौती आखिर किस आधार पर है? यह कौन सी सेवा है जिसके एवज में गरीब हाजी से इतनी बड़ी रकम वसूली जा रही है? क्या सरकार और हज कमेटी अब गरीबों की मज़बूरी पर टैक्स लगा रही है? उन्होंने कहा कि सऊदी अरब की तरफ से नियम सख्त हुए हैं।

## भाजपा सरकार का नया फरमान, उसकी शिक्षा विरोधी नीति की नैतिक हार : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि शिक्षा का अधिकार अखंड होता है और रहेगा। प्राइमरी स्कूलों को बंद करने जा रही भाजपा सरकार का नया फरमान उसकी शिक्षा विरोधी नीति की नैतिक हार है। यह पीडीए पाठशाला आंदोलन की महाजीत है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने आठ साल में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। भाजपा सरकार साजिश के तहत पीडीए और गरीबों को शिक्षा से दूर करना चाहती है। समाजवादी लोग भाजपा की शिक्षा विरोधी षड्यंत्रकारी नीति को सफल नहीं होने देंगे। भाजपाई, कान खोल कर सुन लें और आंख खोल कर देख लें। हम बच्चों के शिक्षा के अधिकार को किसी को छीनने नहीं देंगे। श्री यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में समाजवादियों द्वारा छात्रों को शिक्षा देने के लिए शुरू की गई पीडीए पाठशाला को छात्रों और अभिभावकों से मिल रहे भारी जनसमर्थन से भाजपा सरकार घबरा गई है। इसी के चलते सरकार बैकफुट पर है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का शिक्षा विरोधी चेहरा इसी से उजागर हो रहा है कि एक तरफ वह शिक्षा से वंचित करने का कार्य कर रही है दूसरी तरफ पीडीए पाठशाला संचालित करने वाले समाजवादियों को तरह-तरह से प्रताड़ित कर रही है। शिक्षा देने जैसा पवित्र कार्य कर रहे लोगों पर फर्जी एफआईआर करा रही है। श्री यादव ने कहा कि शिक्षा और शिक्षण कार्य सबसे महान होता है। इसी से देश और समाज का विकास होता है। लेकिन भाजपा सरकार समाज को पीछे ले जाना चाहती है। तरह-तरह के अवरोध खड़ा कर बच्चों को शिक्षा से दूर कर रही है। समाजवादी पार्टी इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

## थानों में ''कारखास'' का दबदबा, मनमर्जी से चल रही पोस्टिंग , सवालों के घेरे में पुलिस व्यवस्था




प्रयागराज । जिले के थानों में ''कारखास संस्कृति'' एक बार फिर चर्चा में है। यमुनानगर क्षेत्र के खीरी थाने में तैनात सिपाही संतोष यादव, जो पहले मांडा थाने में भी कारखास की भूमिका निभा चुके हैं, एक बार फिर अपनी पकड़ और प्रभारी से नजदीकी के चलते थाने की व्यवस्थाओं पर हावी दिख रहे हैं।सूत्रों के मुताबिक, थाना प्रभारी के करीबी माने जाने वाले संतोष यादव को जहां भी उनके 'संबंधी' इंस्पेक्टर की पोस्टिंग होती है, वहां बुला लिया जाता है। खीरी थाने में भी यही दोहराया गया है। संतोष अब कारखास की भूमिका निभा रहे हैं और थाने की अहम व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं।मामला यहीं नहीं रुका। जानकारी के अनुसार, संतोष यादव ने अपने एक मित्र अंकित सिंह को भी लेडियारी चौकी में ''कारखासी'' करने के लिए तैनात करवा दिया है। यह स्पष्ट रूप से विभागीय नियमों और निष्पक्षता की भावना के खिलाफ माना जा रहा है।पुलिस विभाग में इस तरह की कारखास नियुक्तियों पर लगातार सवाल उठते रहे हैं, क्योंकि इससे न केवल कार्य में पारदर्शिता पर असर पड़ता है, बल्कि थानों की कार्यप्रणाली भी व्यक्तिगत हितों के अधीन हो जाती है।अब देखना यह होगा कि आला अधिकारी इस मामले का संज्ञान लेते हैं या यह ''मनपसंद पोस्टिंग और दबदबे की परंपरा'' ऐसे ही चलती रहेगी।

## गंगा–यमुना में उफान, प्रशासन अलर्ट मोड पर

प्रयागराज । गंगा और यमुना नदियों में जलस्तर लगातार बढ़ने से प्रयागराज में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बीते 24 घंटे में दोनों नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है, जिसके चलते प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है।प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, गंगा नदी का जलस्तर 3.41 सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है, जबकि यमुना में जलस्तर 4.2 सेंटीमीटर प्रति घंटा की गति से बढ़ोतरी हो रही है।ऽ फाफामऊ में 24 घंटे में गंगा का जलस्तर 82 सेंटीमीटर बढ़ा है।ऽ छतनाग में गंगा का जलस्तर 104 सेंटीमीटर की बढ़त के साथ खतरनाक स्तर की ओर बढ़ रहा है।ऽ वहीं नैनी में यमुना नदी का जलस्तर 101 सेंटीमीटर बढ़ा है।बढ़ते खतरे को देखते हुए प्रशासन ने बाढ़ राहत शिविर खोल दिए हैं और 88 बाढ़ चौकियों को अलर्ट पर रखा गया है। प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है और बचाव टीमें तैयार रखी गई हैं।प्रशासन ने नदी किनारे बसे लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन से संपर्क करें। साथ ही, खतरे वाले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किए जाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज में मेडिकल माफियाओं का बोलबाला

प्रयागराज । स्वरूप रानी नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। यहां अस्पताल परिसर में मेडिकल माफियाओं का खुला राज देखने को मिल रहा है, जो न केवल मरीजों की जेब पर डाका डाल रहे हैं बल्कि स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से यह गोरखधंधा बिना किसी रोकटोक के फल-फूल रहा है।सबसे हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ अस्पताल की पुलिस चौकी के सामने हो रहा है, जहां मरीजों के दवाओं के पर्चे जबरन छीने जा रहे हैं और उन्हें मेडिकल माफियाओं द्वारा संचालित दुकानों की ओर भेजा जा रहा है। वायरल वीडियो में एक युवक खुलेआम मरीज को 50% छूट देने का लालच देता दिख रहा है, जिससे यह साफ है कि यह एक संगठित गिरोह का हिस्सा है।हालांकि इस मामले को लेकर पहले भी हाई कोर्ट द्वारा सख्त निर्देश दिए गए थे कि अस्पताल परिसर में किसी भी तरह की बिचौलिया और दलाली व्यवस्था पर रोक लगाई जाए, लेकिन जमीनी हकीकत में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है।स्थानीय लोगों और मरीजों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी की कमी और मिलीभगत से ये गतिविधियां लगातार जारी हैं। मरीजों को मुफ्त या सस्ती दवा की जगह महंगे और अनावश्यक मेडिकल दुकानों से खरीदारी के लिए मजबूर किया जा रहा है।अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले पर क्या सख्त कदम उठाता है या फिर मेडिकल माफियाओं का यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक सम्पन्न

### युवाओं को स्थानीय स्तर पर सेवायोजन पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में आज जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित एसएसडीएफ, प्रोजेक्ट प्रवीण एवं दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना की प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक में सीडीओ ने प्रशिक्षण प्रदाताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे कोर्स के अनुरूप कार्ययोजना बनाएं और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी कहा गया कि अधिक से अधिक युवाओं को जनपद स्तर पर ही सेवायोजित किया जाए, ताकि उन्हें रोजगार के लिए अन्यत्र न जाना पड़े।सीडीओ हर्षिका सिंह ने जिला समन्वयक को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद की इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप भविष्य की प्रशिक्षण योजनाएं तैयार की जाएं। स्थानीय उद्योगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को स्वरूप देने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, प्रशिक्षण प्रदाता संस्थानों के प्रतिनिधि और जिला समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के मुताबिक प्रशिक्षित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना रहा।

## कैसरबाग चौराहा बनेगा स्मार्ट लखनऊ की नई पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी का ऐतिहासिक और अति व्यस्त कैसरबाग चौराहा अब जल्द ही एक नए रूप में नजर आएगा। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत नगर निगम लखनऊ द्वारा यहां सौंदर्यीकरण, अतिक्रमण हटाने, सीवर लाइन सुधार और बिजली के तारों को भूमिगत करने जैसे कार्य युद्धस्तर पर कराए जा रहे हैं। शुक्रवार को मंडलायुक्त के निर्देश पर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने चौराहे का स्थलीय निरीक्षण किया और कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त ललित कुमार सहित नगर निगम, लेसा, जलकल, एलडीए, पीडब्ल्यूडी, ट्रैफिक पुलिस और स्मार्ट सिटी की टीमें भी मौके पर मौजूद रहीं। नगर आयुक्त ने सभी विभागों को परस्पर समन्वय के साथ कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि चौराहे पर फैले बिजली के खुले तारों के मकड़जाल को हटाकर इन्हें पूरी तरह अंडरग्राउंड किया जाए ताकि क्षेत्र की सुरक्षा और सौंदर्य दोनों में सुधार हो। साथ ही पुरानी इमारतों की फसार्ड लाइटिंग, सड़क किनारे टाइल्स, भित्ति सौंदर्यीकरण और अतिक्रमण हटाने जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। कैसरबाग में नया पार्किंग स्थल भी विकसित किया गया है, जिसकी मार्किंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। जल्द ही इसे किराए पर देकर स्थानीय ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाया जाएगा। जलभराव की समस्या को देखते हुए जलकल विभाग की टीम ने भी क्षेत्र का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि सीवर सफाई और मरम्मत का कार्य तेजी से किया जाए, जिससे बारिश के मौसम में नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो। यह परियोजना केवल कैसरबाग की भौतिक सुंदरता को ही नहीं बढ़ाएगी, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और स्वच्छ वातावरण भी उपलब्ध कराएगी। स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत नगर निगम द्वारा किया जा रहा यह प्रयास लखनऊ को एक आधुनिक और स्मार्ट शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कैसरबाग चौराहा जल्द ही राजधानी के आकर्षक और सुव्यवस्थित चौराहों में शुमार होगा, जहां सौंदर्य, सुव्यवस्था और स्वच्छता का आदर्श समन्वय देखने को मिलेगा।

## समेसी में भाकियू (भानू ) की मासिक बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ। भाकियू भानु संगठन की मासिक बैठक समेसी पंचायत भवन में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता इंद्रसेन लोधी भाकियू के नेतृत्व मे हुई बैठक के मुख्य अतिथि तहसील अध्यक्ष देवता दीन रहें। बैठक में मौजूद कार्यकताओं ने कहा देवता दीन आप संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं, जय जवान जय किसान,जय भानु संगठन आदि के नारों से गूंज उठी । वही बाराबंकी के लोनी कटरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ब्रह्मचारी का पुरवा निवासी राजकुमारी सहित कई नेता अपनी समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी वही मधु गुप्ता ने बताया कि समेसी पंचायत मे आवास योजना में काफी गड़बड़ी की जा रही है, किसान नेता सुन्दर लाल ने बताया कि हमारे गांव में आने जाने के मार्ग पर हमेशा पानी भरा रहता है और जब निकासी की समस्या बनी हुई है, इन समस्याओं को लेकर ग्राम प्रधान अशोक कुमार रावत से बात की गई तो उन्होंने जल्द से जल्द समस्याओं का निस्तारण करने की बात कही, वहीं दर्जनों किसानों बिजली विभाग की समस्याओं को लेकर समेसी पावर हाउस पहुंच कर विद्युत विभाग के अधिकारी एसडीओ से बात किया, किसानों से विद्युत विभाग के एसडीओ ने 5 दिन के अंदर समस्या निस्तारण का आश्वासन दिया।

### बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ में नवनियुक्त अधिकारियों का हुआ सम्मान

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रधान महासचिव की उपस्थिति में बलरामपुर चिकित्सालय में नवनियुक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी एवं नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला का पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्रधान महासचिव ने कहा कि चिकित्सालय सुचारु एवं प्रभावी रूप से संचालित करने हेतु सभी कार्मिकों, चिकित्सकों एवं अधिकारियों को साथ लेकर चलना अत्यंत आवश्यक है। सामूहिक सहयोग और समन्वय से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और अधिक सुधार संभव है।

## स्थानान्तरित डीएम मोनिका रानी को दी गयी भावभीनी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जनपद में 02 वर्ष से अधिक अवधि तक सफल कार्यकाल के उपरान्त विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा एवं अपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा के पद पर स्थानान्तरित होने पर निवर्तमान जिलाधिकारी मोनिका रानी व अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर तहसील नानपारा में उपजिलाधिकारी न्यायिक के पद पर तैनात संजय कुमार के सेवा निवृत्त होने पर बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में नवांगतुक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की गरिमामययी उपस्थिति में निवर्तमान जिलाधिकारी को जिले के अधिकारियों कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, संभ्रान्त व गणमान्यजनों, बुद्धजीवियों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरूओं, उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।

### उत्तर मध्य रेलवे की गाइड सोनाली विश्वकर्मा को राष्ट्रपति गाइड पुरस्कार, प्रयागराज को गर्व

प्रयागराज । उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, राज्य मुख्यालय प्रयागराज की गाइड सोनाली विश्वकर्मा को राष्ट्रपति गाइड पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 22 जुलाई 2025 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया।इस गौरवपूर्ण अवसर पर राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. अनिल कुमार जैन, मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. के.के. खंडेलवाल, निदेशक दर्शना पावस्कर सहित कई राष्ट्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूरे भारत से केवल 16 चयनित गाइड्स को यह सम्मान प्राप्त हुआ, जिसमें प्रयागराज की सोनाली भी शामिल रहीं।सोनाली, प्रयागराज मंडल के अंतर्गत शक्ति समूह की सदस्य हैं और पिछले 12 वर्षों से स्काउट-गाइड से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने 17वीं राष्ट्रीय जम्बूरी (मैसूर), अखिल भारतीय रेलवे जम्बूरी (भुवनेश्वर) सहित अनेक प्रशिक्षण शिविरों, कार्यशालाओं व सामाजिक सेवाओं में भाग लिया है। प्रयागराज जंक्शन पर निःशुल्क जल सेवा, महाकुंभ मेला 2025 और स्वच्छता अभियानों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है।उन्होंने स्काउटिंग की सभी परीक्षाएं जैसे प्रवेश, प्रथम, द्वितीय, तृतीय सोपान तथा राज्य पुरस्कार सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कीं और इसके बाद राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चयनित हुईं। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता, शिक्षकों, समूह लीडर, और स्काउट-गाइड परिवार को दिया।सोनाली ने अपनी स्कूली शिक्षा इलाहाबाद पब्लिक स्कूल, सूबेदारगंज से तथा स्नातक की पढ़ाई यूनाइटेड यूनिवर्सिटी, प्रयागराज से पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में की है। वह दैनिक जागरण के साथ इंटर्नशिप भी कर चुकी हैं।

## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत स्वच्छता संकल्प लेकर किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत स्वच्छता शपथ कार्यक्रम के आयोजन के साथ हुई। इस अवसर पर महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के संकल्प की याद दिलाई और उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाई।शपथ में यह संकल्प लिया गया किसभी कर्मचारी स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और हर सप्ताह कम से कम दो घंटे स्वच्छता कार्यों के लिए समय देंगे।स्वच्छता की शुरुआत स्वयं, परिवार, कार्यस्थल और समाज से की जाएगी।देशभर में स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा।यह भी संकल्प लिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम 100 अन्य लोगों को भी शपथ दिलाने का प्रयास करेगा, जिससे यह आंदोलन जनभागीदारी के रूप में सशक्त बन सके।महाप्रबंधक जोशी ने इस अवसर पर कहा कि ल्लमहात्मा गांधी ने भारत को राजनीतिक आजादी दिलाई, अब देश को स्वच्छता के माध्यम से सच्ची आजादी दिलाना हमारा कर्तव्य है।ङ्क उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यस्थलों और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाए रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।कार्यक्रम में प्रमुख विभागाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों समेत रेलवे मुख्यालय के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर एक स्वच्छ, स्वस्थ और जिम्मेदार भारत के निर्माण की दिशा में उठाया गया सराहनीय कदम रहा।

## डॉ. प्रशान्त श्रीवास्तव ने नीट परीक्षा में 72 वां स्थान प्राप्त कर देवरिया का बढ़ाया मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देवरिया। डॉ. प्रशान्त श्रीवास्तव ने नीट सुपर स्पेशलिटी की राष्ट्रीय परीक्षा में परचम लहराया। राष्ट्रीय स्तर पर हुई इस परीक्षा में 72वां स्थान प्राप्त कर लखनऊ के प्रतिष्ठित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में पल्मोनरी मेडिसिन और क्रिटिकल केयर में डीएम कोर्स में प्रवेश लिया और देवरिया जिले का मान बढ़ाया। देवरिया जिला में जीवन मार्ग सोफिया कालेज से दशवीं पास कर शिक्षा प्राप्त की। पिता श्री राकेश श्रीवास्तव सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया देवरिया से एलडीएम अधिकारी पद से सेवानिवृत्त है। सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने ने जिले में सोशल कार्यों एवं बैंकिंग ट्रेनिंग में देवरिया जिले व प्रदेश में अपना योगदान देते रहे हैं। इनके बड़े सुपुत्र शुभम श्रीवास्तव ने केजीएमयू लखनऊ से डॉक्टरी की पढ़ाई पढ़ कर अब बीएचयू में फैकल्टी आर्थोपेडिक सर्जन के रूप में सेवा दे रहे हैं। डॉ शुभम श्रीवास्तव ने भी सरस्वती विद्यामंदिर से 12 तक की शिक्षा प्राप्त की।

**Notice**

Satish Kumar S/O Late Subedar Singh Add. Husenpur Tarai District-Farrukhabad, UP- 209601 hereby declared that in my wife POONAM DEVI (NOK) date of birth is 25-07-1979, Daughter name is DEEP SHIKHA and Son Name is SUBHAM KUMAR in my Army Service Records incorrectly mentioned but my wife correct date of birth is 05-04-1981, Daughter correct name is DEEPSHIKHA MATHUR and Son correct name is SHUBHAM KUMAR, which is true and correct should be ready and written as per Aadhaar Card.

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे सेना के सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी पूनम देवी (POONAM DEVI) की जन्मतिथि 25-07-1979, पुत्री DEEP SHIKHA और पुत्र का नाम SUBHAM KUMAR दर्ज है जो गलत है। जबकि मेरी पत्नी की सही जन्मतिथि 05-04-1981, पुत्री का सही नाम DEEPSHIKHA MATHUR एंव पुत्र का सही नाम SHUBHAM KUMAR है। जो की इनके आधार कार्ड में भी है, लिखा पढ़ा व दर्ज किया जाय । आर्मी नंबर 10405850ङ्ग रैंक लांस नायक सतीश कुमार (SATISH KUMAR) पुत्र स्व. सूबेदार सिंह निवासी हुसैनपुर तराई, जिला-फरुखाबाद, उत्तर प्रदेश 209601

# यूपी में गाय के गोबर से बनेगा कपड़ा और बायोप्लास्टिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में एक बड़ा और क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। अब प्रदेश में निराश्रित गऊ माताओं के गोबर से बायोप्लास्टिक, जैव-पॉलिमर, बायोटेक्सटाइल, वस्त्र, इको-पेपर, बोर्ड, बायोगैस, कम्पोस्ट और नैनोसेल्यूलोज जैसे उत्पाद तैयार किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में निराश्रित गोवंश से प्रतिदिन औसतन 54 लाख किलोग्राम गोबर उत्पन्न होता है, जिसका उपयोग इन प्रोडक्ट को बनाने में किया जाएगा। गोबर से वैज्ञानिक पद्धति के जरिए न केवल प्लास्टिक के विकल्प तैयार किए जाएंगे, बल्कि जैव प्रदूषण को भी रोका जाएगा। इससे पर्यावरण संरक्षण को भी नया बल मिलेगा। सीएम योगी के नेतृत्व में 8 साल में प्रदेश ने विकास के क्षेत्र में नई लकीर खींच दी है।

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि यह योजना मुख्यमंत्री के ल्लहर गांव ऊर्ज़ा केंद्रङ्क मॉडल के अनुरूप है। इसमें गोबर आधारित बायोगैस से ऊर्ज़ा उत्पादन के साथ-साथ जैविक/प्राकृतिक खेती, ग्रामीण रोजगार और गोशालाओं की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की जाएगी।

गो-सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि इस योजना की तकनीकी सलाहकार डॉ. शुचि वर्मा, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर (बायोटेक्नोलॉजी), रामजस कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय हैं। इन्होंने गोबर से बायोप्लास्टिक निर्माण की प्रभावी तकनीक विकसित की है। आयोग में उन्होंने अपने किए गए शोधों पर व्याख्यान भी प्रस्तुत किया।

इस योजना से लाखों ग्रामीण युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं ग्रामीण महिलाओं को लघु उद्यम के अवसर भी मिलेंगे। इन नवाचारों के जरिए प्रदेश सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी। गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा और गांवों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में यह कदम बेहद अहम साबित होगा।

# शक्ति का शंखनाद : विधायक के नेतृत्व में निकली पदयात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। हाथों में तिरंगा और भगवा ध्वज थामें हज़ारों महिलाएं, तख्तियां, तलवारें, बेलन और आँखों में क्रांति की ज्वाला, जुबां पर सिर्फ़ एक आवाज़, 'नारी सम्मान ही राष्ट्र सम्मान है!' विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के आह्वान पर सरोजनी नगर 'शक्ति का शंखनाद' पदयात्रा, शुक्रवार को बंगला बाज़ार चौराहे से निकलकर ग्रैंड इंपीरियल बैंक्वेट लॉन तक एक ऐतिहासिक जनजागरण में तब्दील हो गई। यह पदयात्रा एक मौलाना द्वारा समाजवादी पार्टी की सांसद के परिधान (साड़ी) पर की गई अपमानजनक टिप्पणी और विपक्ष के नेताओं की खामोशी के विरोध में थी। विधायक ने अपने संबोधन ने कहा कि भारत में नारी शक्ति निर्बल नहीं, वह सृजन, संस्कार और संस्कृति की जीवंत प्रतीक है। जो परंपराओं और नारी गरिमा का अपमान करते हैं, वे न संस्कृति के साधक हैं, न राष्ट्र के सेवक! मौलाना की टिप्पणी हो या विपक्ष की चुप्पी, यह केवल विचारधारा की दरिद्रता नहीं, राष्ट्र विरोध है! डॉ. सिंह ने तीखा प्रहार करते



## तिरंगा, तलवार और तख्ती लेकर शामिल हुई हजारों महिलाएँ

हुए कहा कि जो लोग भारतीय संस्कृति, साड़ी जैसे पारंपरिक परिधानों और नारी गरिमा का उपहास उड़ाते हैं, वे कायर, आत्मविहीन और मूल्यहीन मानसिकता के वाहक हैं। उन्होंने कहा, ल्लहम ऐसी राजनीति और उन दलों का विरोध करते हैं जो तुष्टिकरण के लिए संस्कृति और महिलाओं के सम्मान को दांव पर लगा देते हैं।ङ्क उन्होंने आगे जोड़ा कि भारत भूमि रानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना ऊदा देवी और देवी अहिल्याबाई होल्कर जैसी वीरांगनाओं की भूमि है और यह धरती कभी मौलवियों के फतवों से नहीं डरेगी।

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि मातृशक्ति एकजुट हो, बेटियां डॉक्टर, इंजीनीयर, साइंटिस्ट, सीएम, पीएम तक बनें इसके लिए जरुरी है, तालिबानी विचारधारा को भारत में पनपने न दिया जाए, जातिवादी - तुष्टिकरण की राजनीति को आगे न बढ़ने दिया जाए। इसी क्रम में डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर की 25 होनहार छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए लैपटॉप देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पार्षद द्रौपदी रावत, रीना उपाध्यक्ष, नीना दीक्षित, मधु द्विवेदी, साधना गुप्ता, प्रियंका सिंह, मधु चौरसिया, पूजा चौहान, सुनीता, नेहा सिंह, शिविता गोयल, पूर्व वायु सेना अधिकारी एवं मिशन योगी अगेन सीएम के प्रदेश संयोजक स्वामी ओम प्रकाश, स्वामी राम चन्द्र, सभी मंडल अध्यक्ष, स्थानीय भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# केकेवी महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया तुलसी जयंती महोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के बप्पा श्रीनारायण वोकेशनल महाविद्यालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा, अक्षरा संस्था लखनऊ एवं बप्पा श्रीनारायण वोकेशनल पी0जी0 कॉलेज, हिंदी विभाग, लखनऊ के सहयोग से 'तुलसी जयंती महोत्सव - 2025' का आयोजन किया गया।महाविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं तुलसीदास जी के चित्र पर पूजन अर्चन और माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित कवियों और साहित्यकारों का सम्मान किया गया। इस महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्रों के बीच में 'रामचरितमानस में जीवनोपयोगी शिक्षायें' विषयक निबंध प्रतियोगिता, 'तुलसीकृत समस्त साहित्य में मूल तत्व और वर्तमान में उनकी प्रासंगिकता' विषयक संगोष्ठी एवं 'तुलसी के राम' काव्य रामर्चन (कवि गोष्ठी) में तुलसीदास जी के समग्र साहित्य पर अपने विचारो एवं कविताओं के माध्यम से सभाकक्ष को रसासिक्त कर दिया। गो0 तुलसीदास की जयंती के अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित प्रथम पुरस्कार के रूप में 1500 की धनराशि ओम अवस्थी को प्रदान की गई । इसी क्रम में द्वितीय पुरस्कार शिवम कुमार को 1000 की धनराशि,तृतीय पुरस्कार ?700 का आस्था को और पांच सांत्वना पुरस्कार ?500 - ?500 के पुरस्कार हर्ष मिश्रा, सौरभ चन्द्र, अर्जुन कुमार, प्रांशु दीक्षित और गोविंद कुमार को प्रमाण पत्र के साथ प्रदान किया गया शेष समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए। संगोष्ठी में उपस्थित पं0 आदित्य द्विवेदी ने तुलसीदास के समग्र साहित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसी जी का साहित्य सिर्फ धार्मिक नहीं है बल्कि वह जीवन पथ है जिसमें लोक कल्याण की भावना भी निहित है। इसी क्रम में डॉ मधुसूदन उपाध्याय ने कहा कि यह विषय जितना गहन उतना ही समय सापेक्ष भी है जिसमें लोक कल्याण की भावना एवं सामाजिक तथा पारिवारिक मूल्यों को उजागर किया गया है। डॉ0 राजेन्द्र द्विवेदी ने आज की संगोष्ठी में प्रतिभाग करते हुए कहा कि आज हमारा समाज नैतिक गिरावट, आत्मिक अशांति,जातीय संघर्ष आदि से जूझ रहा है ऐसे में तुलसी दास का साहित्य हमें एक दिशा देता है। डॉ प्रणव मिश्रा ने कहा कि तुलसीदास का साहित्य केवल भक्ति की अभिव्यक्ति नहीं है बल्कि वह नीति, दर्शन, समाज, मानव मन और जीवन मूल्यों की अमूल्य धरोहर है। कार्यक्रम में आयोजित काव्य गोष्ठी में सम्भल से पधारे सुकवि डॉ सौरभ कांत शर्मा ने वनवासी राम शीर्षक कविता पढ़कर सबको भावविभोर कर दिया। मेरठ से आईं डॉ0 शुभम त्यागी ने अपने मुक्तकों और गीतों से सबको आह्लादित कर दिया। अम्बेडकर नगर से पधारे युवा वीर रस कवि अभय सिंह निर्भीक ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं सुनाकर सभागार में भारत माता की जय के नारे लगवाए तो वहीं सीतामढ़ी, बिहार से आये चेतना के युवा तेवर प्रशांत बजरंगी ने अपने छन्दों से सबको तालियां बजाने को विवश कर दिया। अंत में कार्यक्रम के समन्वयक/संयोजक डॉ0 अतुल वाजपेई ने सभी का आभार ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 संजय मिश्र, लुआक्टा के अध्यक्ष प्रो0 मनोज पाण्डेय सहित महाविद्यालय के अन्य संकायों के शिक्षक तथा महाविद्यालय स्टाफ समेत सैकड़ों छात्र छात्राएं एवं शहर के कई साहित्यानुरागी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# छन्दोईया में सहमति से समाधान: किसानों को राहत, अब बिना तोड़फोड़ होगा विकास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा, लखनऊ। विकास प्राधिकरण (LDA) और ग्राम छन्दोईया के निवासियों के बीच लंबे समय से चला आ रहा जमीन और निर्माण विवाद आखिरकार सर्वसम्मति से सुलझ गया है। अब गांव में 12 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण बिना किसी आवासीय भवन को हटाए किया जाएगा। इस फैसले से ग्रामीणों में संतोष और राहत की लहर है।

सहयोग से सुलझा वर्षों पुराना विवाद

ग्राम छन्दोईया, जो बसंत कुंज योजना (सेक्टर-ए) के अंतर्गत आता है, वहां लंबे समय से यह विवाद था कि योजना के नाम पर कहीं ग्रामीणों के मकानों को तो न तोड़ दिया जाए। किसानों और गांववालों की आशंकाएं लगातार बढ़ती जा रही थीं, क्योंकि भूमि अधिग्रहण को लेकर स्थिति अस्पष्ट थी।

लेकिन 28 जुलाई को एक बड़ी बैठक में यह विवाद शांतिपूर्वक सुलझा लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा के लखनऊ पश्चिम से प्रत्याशी श्री अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने की। उनके साथ उपस्थित थे भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री फिरोज अहमद, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री विमल चौधरी, तथा LDA के वरिष्ठ अधिकारी।

बैठक में साफ़ तौर पर यह निर्णय हुआ कि



## खक्क और ग्रामीणों के बीच ऐतिहासिक सहमति, अब 12 मीटर सड़क बनेगी — कोई मकान नहीं हटेगा

ग्राम छन्दोईया की वर्तमान आबादी को योजना से अलग रखा जाएगा। और सभी बुनियादी निर्माण कार्य ग्रामीणों के हित को ध्यान में रखते हुए किए जाएंगे।

आवासीय सुरक्षा पर मिली गारंटी, ग्रामीणों को मिला भरोसा

इस बैठक के बाद LDA के चकबंदी अधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र प्रताप शुक्ला (नायब तहसीलदार) ने गांव में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से ग्रामीणों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (गग्ए) दिया और यह भरोसा दिलाया कि उनके मकान भूमि और निजी निर्माण कार्य पूरी तरह से सुरक्षित रहेंगे।

यह कदम ग्रामीणों के लिए अत्यंत आश्वस्तकारी साबित हुआ। जिन घरों के टूटने का डर वर्षों से लोगों को बेचैन किए था, अब वे अपने स्थान पर सुरक्षित बने रहेंगे।

किसानों की रज़ामंदी से खुले विकास के रास्ते

गांव के किसानों और ग्रामवासियों ने इस सहमति के बाद सड़क निर्माण व अन्य विकास कार्यों में पूरा सहयोग देने का वादा किया है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उन्हें भरोसे में लेकर कोई काम किया जाएगा, वे कभी भी विकास का विरोध नहीं करेंगे।

एक स्थानीय बुजुर्ग किसान ने कहा हम सड़क के विरोधी नहीं हैं, लेकिन अपने घर-बार की सुरक्षा भी हमारे लिए जरूरी है। अब जब प्रशासन ने यह भरोसा दिया है तो हम भी कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।

फिर भी भविष्य को लेकर एक संशय बाकी

हालांकि यह सहमति गांव के लिए राहत की सांस लेकर आई है, पर कुछ ग्रामीणों के मन में अभी भी भविष्य की योजनाओं को लेकर हल्का संदेह बाकी है। उनका कहना है कि अभी तो प्रशासन ने साफ-साफ कहा है कि कोई घर नहीं टूटेगा पर अगर भविष्य में नीतियां बदलीं तो क्या तब भी यही सहमति बनी रहेगी? हालांकि ग्रामीणों ने चिंता जताई आज जो भरोसा मिला है वो अच्छा है। लेकिन क्या ये भरोसा आने वाले सालों में भी बना रहेगा?

# अवैध रूप से कूड़ा लेने वाले तीन लोगों पर एफ़आईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। स्वच्छता व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने और नागरिकों को अनधिकृत वसूली से निजात दिलाने की दिशा में नगर निगम लखनऊ ने एक और सख्त कदम उठाया है। जोन-2 में अवैध रूप से कूड़ा उठान और जबरन धन वसूली की शिकायतों के बाद नगर निगम की स्वच्छता एजेंसी लायन एनवायरो प्राइवेट लिमिटेड की ओर से तीन लोगों के खिलाफ तालकटोरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। एफआईआर के साथ ही आरोपितों को विधिसम्मत नोटिस भी जारी किए गए हैं। शहादत हुसैन कोठारी बंधु क्षेत्र में निजी रूप से कूड़ा उठान करते हुए पकड़ा गया इसके अलावा अली व उसकी पत्नी बिस्मिल पार्क-2, बाबा की बगिया व आसपास के क्षेत्रों में अनधिकृत रूप से कूड़ा संग्रह कर रहे थे इसके अलावा विमला देवी सपना कॉलोनी क्षेत्र में बिना अनुमति के कूड़ा उठान कर रही थी। नगर निगम की जांच में सामने आया कि ये लोग बिना किसी अधिकृत अनुमति के ठेले से घर-घर जाकर कूड़ा उठा रहे थे और बदले में जबरन पैसे वसूल रहे थे। निगम का कहना है कि यह न केवल सफाई व्यवस्था के लिए बाधक है, बल्कि आम नागरिकों के आर्थिक शोषण का भी मामला है। लायन एनवायरो के अधिकारियों के मुताबिक, अवैध कूड़ा संग्रहण से अधिकृत सिस्टम प्रभावित होता है और नागरिक धोखाधड़ी के शिकार बनते हैं। इसलिए इस तरह की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार का कार्य करने से पहले सोचने पर मजबूर हो। नगर निगम लखनऊ ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत सफाई कर्मचारियों को ही कूड़ा दें। यदि कोई अनधिकृत व्यक्ति जबरन वसूली या कूड़ा संग्रहण की कोशिश करता है, तो इसकी सूचना तुरंत नगर निगम के टोल फ्री नंबर: 1533 पर या लायन एनवायरो प्रा. लि. के हेल्पलाइन नम्बर 18002626172 पर दें। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा है कि स्वच्छता के मामले में नगर निगम ''जीरो टॉलरेंस पॉलिसी'' के तहत कार्य कर रहा है और इस तरह की अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# ओंकार ही सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का सार : कथा वाचक जय शंकर प्रसाद शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । दखिना में चल रही शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन शुक्रवार को कथा वाचक जय शंकर प्रसाद शुक्ला ने प्रसंग में बताया कि शिव महापुराण में ओंकार (?) को श्रष्टि का प्रतीक माना गया है। जो त्रिदेव ( ब्रह्मा , विष्णु और महेश ) का संयुक्त रूप है और यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का सार है। कथा वाचक ने बताया कि ओंकार से ही श्रष्टि की उत्पत्ति हुई है और इसी में इसका लय भी है। प्राणी के जीवन में ओंकार के महत्व से ही शिव कृपा , ओंकार का ध्यान एवं शिव भक्तों के लिए निमित है यह चारों फलों को देने वाला है। प्रकृति के विकार युक्त होने से भी शिव की कृपा से माया के किए मोह को दूर करने और ज्ञान देने से संतोष दायक ,

## सुंदर झांकी के साथ दिखाया गया शिव-पार्वती विवाह

जगत के कल्याण कारक और लक्ष्मी को देने वाले हैं। मानव अपने जीवन में ? तत्व को जागृत कर श्रष्टि के दर्शन होते हैं। कथा के आयोजक एवं भोले बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष अनमोल तिवारी ने बताया कि कथा का पांचवा दिन था। कथा के चौथे दिन सुंदर झांकियों के साथ दिखाया गया शिव-पार्वती विवाह एवं तारकासुर वध , कथा वाचक ने बताया कि आज और कल शिव जी के महिमा का वर्णन होगा तत्पश्चात चार अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# हरी नगर में नाला सफाई में बाधक बने बिल्डिंग मटेरियल के व्यापारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम भले ही शहर में जलभराव की समस्या को लेकर लगातार दावे कर रहा हो, लेकिन ज़मीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। शहर के बालागंज वार्ड स्थित हरी नगर मोहल्ला इस समय जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। बारिश के दिनों में यहां हालात इतने बिगड़ जाते हैं कि लोगों का घर से निकलना भी दूभर हो जाता है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि क्षेत्र में स्थित बड़े नाले में भारी मात्रा में सिल्ट जमा है, और नाले के किनारों पर झाड़-झंखाड़ व अवैध रूप से उगी झाड़ियाँ सफाई के अभाव में जंगल का रूप ले चुकी हैं। यही कारण है कि हल्की बारिश में भी मोहल्ला पानी-पानी हो जाता है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि महापौर से कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है, जिस पर नगर निगम ने कुछ समय पहले सफाई गाड़ियों के साथ टीम भेजी भी थी। लेकिन सफाई का काम शुरू होने से पहले ही रुक गया। वजह थी मुख्य मार्ग पर फैला अतिक्रमण। मोहल्ले के मुख्य मार्ग पर मोरंग-बालू के व्यापारियों द्वारा गिट्टी, बालू, मोरंग व अन्य निर्माण सामग्री का अवैध ढेर लगा दिया गया है, जिससे नगर निगम की सफाई गाड़ियाँ नाले तक पहुँच ही नहीं पाईं और उन्हें वापस लौटना पड़ा। अब स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि जब निगम की टीम खुद मौके तक नहीं पहुँच पा रही है, तो आम नागरिक किससे उम्मीद करें? बारिश का मौसम जारी है और जलभराव से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासी मोहम्मद आसिफ का कहना है कि, हमने कई बार पार्षद व नगर निगम अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला। अब तो सफाई की गाड़ी भी लौट गई। यह खुला मजाक है जनता के साथ।ङ्क एक अन्य निवासी अजीत ने बताया कि, ल्लबिल्डिंग मटेरियल वालों ने सड़क ही घेर रखी है। हम बच्चे को स्कूल भी नहीं भेज पाते। यह अतिक्रमण हमारे मोहल्ले के लिए आफत बन गया है।

## (प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल)

अब सवाल उठता है कि जब नगर निगम की टीम को भी अतिक्रमण के कारण वापस लौटना पड़ा, तो जिम्मेदार अधिकारी इस अव्यवस्था पर चुप क्यों हैं? क्या नगर निगम के अधिकारियों को यह सब दिखाई नहीं दे रहा या फिर जानबूझकर आँखें मूँद ली गई हैं? महापौर व नगर आयुक्त द्वारा बार-बार यह कहा जा रहा है कि शहर में सभी नालों की सफाई समय से पूरी की जा रही है, लेकिन हरी नगर की स्थिति इन दावों की सच्चाई को उजागर कर रही है। स्थानीय निवासियों ने एलडीए व नगर निगम अधिकारी से मांग की है कि मुख्य मार्ग पर कब्जा जमाए बैठे बिल्डिंग मटेरियल व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए ताकि सफाई गाड़ियाँ नाले तक पहुँच सकें। नाले की शीघ्र सफाई कर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। जब तक नगर निगम इस ओर ठोस कदम नहीं उठाएगा, तब तक हरी नगर के लोगों को राहत मिलना मुश्किल ही लगता है। ज्ञात हो कि इसी मार्ग पर लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही बसंत कुंज योजना भी स्थित है, जिसे एशिया की एक प्रतिष्ठित योजना के रूप में देखा जा रहा है। जाहिर है कि मुख्य सड़क पर हो रहे अवैध अतिक्रमण न केवल स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का कारण हैं, बल्कि इस महत्वाकांक्षी आवासीय परियोजना की छवि और विकास कार्यों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं।

## ( मामले पर क्या बोले अधिशासी अभियंता )

नगर निगम अभियंत्रण विभाग ज़ोन 6 के अधिशासी अभियंता जे. राम से जब इस पर बात की गयी तो उन्होंने कहा की कल ही वहाँ से रोड पर जो मोरंग बालू गिट्टी आदि डालकर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया है उसको मैं हटवा दूंगा जिससे कि नाले की सफाई सुनिश्चित हो सके किन्तु अधिशासी अभियंता को यह कहे हुए एक हफ्ता बीत चुका है और स्थिति जस की तस है। न तो रोड पर सजी इस अवैध मौरंग बालू की मंडी को अधिशासी अभियंता द्वारा हटवाया गया और ना ही उस नाले की आज तक सफाई हो सकी जिससे कि लोगों को राहत मिल सके।

# एंटी क्राइम एंटी करप्शन संगठन की समीक्षा बैठक सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## प्रदेश अध्यक्ष सुयश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में लखनऊ में हुआ आयोजन

लखनऊ। एंटी क्राइम एंटी करप्शन संगठन, लखनऊ ज़ोन की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक 1 अगस्त को आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्री सुयश श्रीवास्तव ने की। बैठक की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, जिससे कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति का भाव गूंज उठा। बैठक में प्रदेश और ज़िला स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रदेश सलाहकार ऋषभ श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव धीरज जायसवाल, युवा पदाधिकारी यशराज सिंह, और ज़िला सदस्य अमित शर्मा, विकास श्रीवास्तव व सुषांत श्रीवास्तव प्रमुख रूप से शामिल रहे। समीक्षा बैठक के दौरान संगठन की वर्तमान गतिविधियों, आने वाली योजनाओं और भ्रष्टाचार के विरुद्ध रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने संगठन के कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव रखे। प्रदेश अध्यक्ष सुयश श्रीवास्तव ने टीम के समर्पण की सराहना करते हुए कहा, ''संगठन की असली ताकत इसकी सक्रिय टीम है, जो निस्वार्थ भाव से समाजहित में काम कर रही है। बैठक का उद्देश्य संगठन की जमीनी पकड़ को मजबूत बनाना, अपराध व भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष को तेज करना और जनहित में नई योजनाओं की दिशा तय करना रहा।एंटी क्राइम एंटी करप्शन संगठन ईमानदारी, निष्पक्षता और जनसेवा की भावना से कार्यरत है। यह बैठक संगठन के आगामी अभियानों के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# ऑनलाइन उपस्थिति के खिलाफ शिक्षक संघ का हल्ला बोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पुरानी पेंशन बहाली सहित कई मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय पर जोरदार धरना**

सीतापुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पाण्डेय गुट सीतापुर का आज जनपदीय धरना जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुनील मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ऑनलाइन उपस्थिति की अव्यवहारिक आदेश तुरंत वापस इससे पठन पाठन व्यवस्था ध्वस्त हो रही है अन्यथा हम सड़क पर उतर कर इसका विरोध करेंगे।धरने में प्रांतीय और जनपदीय समस्याओं का मांग पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया गया शिक्षकों के द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया इसमें 25 विद्यालयों के एक सैकड़ों शिक्षक साथी व शिक्षिका बहनें उपस्थित हुए। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष यतेंद्र सिंह ने आज शिक्षकों, छात्रों व विद्यालय के संबंध में विभिन्न मुद्दों को उठाया सह जिलामंत्री रामसूरत गुप्ता ने जनपद से जुड़ी हुई शिक्षकों की समस्याओं को रखा। जिला संगठन प्रवक्ता डॉक्टर तहसीलदार तमोली जी ने बताया कि विद्यालय में शिक्षकों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए इसके लिए सेवा सुरक्षा धारा 21 की बहाली अति आवश्यक है माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की जाए इसके अतिरिक्त चिकित्सा सुविधा कैशलेस की व्यवस्था भी कराया जाए तमाम शिक्षकों के द्वारा पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा रखा गया सरकार विद्यालयों के प्रति नकारात्मक रुख अपनाए हुए हैं साथ ही रामानंद सरोज जी ने बताया कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से तत्काल मुक्त कराया जाए।सभी वक्ताओं उपाध्यक्ष विपिन कुमार, राजेश कुमार, संग्राम सिंह,संतोष विश्वकर्मा, लक्ष्मी देवी,राजकमल,अभिषेक शुक्ल सहितकई शिक्षकों ने शिक्षा व्यवस्था के लिए पुरानी पेंशन बहाली करने की बात पुनः दोहराई है यदि पुरानी पेंशन लागू नहीं होती है तो शिक्षक रिटायर होने के बाद भी परेशान रहेगा गष्ट्र किसी भी स्थिति में ठीक नहीं है शिक्षकों की समस्याओं को शिक्षा क्षेत्र के पदाधिकारी अपनी समस्या समझकर बात करें, साथ ही राजकमल जी ने कहा कि संगठन को मजबूत किया जाए,उन्होंने बताया कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की धारा 21 को हटा लेने से स्वयं सरकार को क्या फायदा हुआ सरकार को इसका जवाब देना चाहिए रीता देवी ने कहा कि हमारे नेताओं को पेंशन मिल रही है तब शिक्षकों को पुरानी पेंशन क्यों नहीं दी जा रही है यह दोहरी व्यवस्था ठीक नहीं है जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेंद्र सिंह ने धरना स्थल पर आकर ज्ञापन प्राप्त किया।और समस्याओं को अवगत कराया गया उन्होंने समस्याओं को सुना एवं त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया इसके अतिरिक्त उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों से नवाचार में रुचि लेने का भी आवाहन किया एवं साथ-साथ भी यह बताया कि आप अपने विद्यालय से मेधावी छात्रों की पहचान कर उनको आगे बढ़ाने में मदद करें।

आज के इस कार्यक्रम के अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा कोषाध्यक्ष अनिल कुमार राठौर जिला मंत्री अवनीश कुमार संरक्षक राम किशोर द्विवेदी चंद्र कुमार शुक्ला जी सुभाष चंद्र राजपूतप्रान्तीय संरक्षण मंत्रीसंजय कुमार बाजपेयी ने आह्वान किया कि किसी भी समस्या का हल बगैर संघर्ष के सम्भव नहीं हैयह आपके संख्या बल का प्रभाव है कि अधिकारी हमारे मध्य आकर मांगपत्र लेते हैं और उन समस्याओं पर वही विचार विमर्श करते है।धरने कोसंरक्षण मंत्री तेजराम जी नंद कुमार राजेश गुप्ता शारदा प्रसाद कमलेश कुमार यादव रुचि सोनकर, ज्ञान प्रकाश श्रीमती पूनम पाल विनय कुमार अंकुर गुप्ता दीप कुमार जी राजेश कुमार शैलेश कुमारराजेन्द्र यादव रामचंद्र सरोज विपिन कुमार कृष्णकांत सुशील कुमार जनार्दन शुक्लने भी संबोधित किया।धरने में इलियास खान,भूपेंद्र सोनकर, विपिन मौर्य मनोज दुबे ज्ञानी राम डी पी यादव,पंकज शुक्ला, उमेश यादव, श्रीकृष्ण, लल्लू राम,निशीथ कुमारमनोज गुप्त, अभिषेक पाण्डेय, जंगबहादुर अंजुम सिंह दीपक बाजपेयी नंदीश मिश्र, सुशील कुमार,सुरेन्द्र वर्मा मनोज कुमार सहित सैकड़ोंशिक्षक साथी उपस्थित रहे ।अंत जनपदीय संरक्षक द्वय चन्द्र कुमार शुक्ल एवं रामकिशोर द्विवेदी नेआए हुए शिक्षको का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया।

## सर्पदंश से बचाव हेतु आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सीतापुर द्वारा एडवाइजरी जारी

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया है कि पिछले कुछ वर्षों में सर्पदंश एक गंभीर आपदा के रूप में सामने आई है। इसके चलते सर्पदंश को राज्य आपदा की श्रेणी में शामिल किया गया है। सर्पदंश से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए प्राथमिक उपाय के रूप में लोगों को सर्पदंश से बचने के उपायों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। बरसात के मौसम में सर्प अक्सर बाहर निकल आते है, इसलिए इनसे बचाव करना जरूरी है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि सर्पदंश से बचाव व उसके लक्षण के विषय में जानकारी प्राप्त कर स्वयं बचें एवं दूसरे को भी बचाने का कार्य करें तथा साथ ही साथ एक दूसरे को जागरूक कर जनहानि की घटना को कम करने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंध प्राधिकरण भारत सरकार नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण लखनऊ के माध्यम से भारत और उत्तर प्रदेश में घटित सर्पदंश की घटनाएं प्रायः बढ़ने के दृष्टिगत उससे होने वाले नुकसान और बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की गई है।

# एक के बाद एक घटना को अंजाम दे रहे बेखौफ चोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर। थाना क्षेत्र कमलापुर के अंतर्गत बेखौफ हुए चोर एक के बाद एक घटना को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं। लेकिन स्थानीय पुलिस अपनी मठाधीशी में मस्त नजर आती है। बीती रात कस्बा कमलापुर के अंतर्गत डॉक्टर असलम क्लीनिक के पीछे बने आवासीय घर सुनील के घर का ताला तोड़कर दो बैट्रा इनवर्टर उठा ले गए।

आए दिन चोर कस्बा कमलापुर के आसपास आवासीय घरों के सामने खड़े वाहनों को निशाना बनाते हैं। अभी विगत कुछ दिन पूर्व मां वैष्णो फिलिंग सेंटर (भारत पेट्रोल पंप) के पास स्थित संजय कुमार शुक्ला के मकान के बाहर खड़े निजी ट्रक से सामने का शीशा निकाल कर अज्ञात चोर ट्रक का बैट्रा निकाल ले गए। जबकि लगभग दो माह पूर्व उक्त पेट्रोल पंप के सामने बने घर के बाहर खड़े ई रिक्शा के बैट्रा चोरी हो गए थे। जिसकी तहरीर स्थानीय थाने पर दी गई थी। पूर्व में भी उक्त पेट्रोल पंप से लेकर आसपास से बैटरी चोरी डीजल चोरी ,टायर चोरी जैसी कई घटनाएं हो चुकी है। स्थानीय लोगों का मानना है।

अज्ञात चोरों का गिरोह चलता है। जो हाईवे के किनारे एकांत में खड़े वाहनों को निशाना बनता है। लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन की मठाधीशी के चलते घटनाओं पर अंकुश लगाना पहाड़ साबित हो रहा है। सूत्रों का दावा है। चोरी से संबंधित आए प्रार्थना पत्र बिना रिकॉर्ड के आवेदक से ले लिए जाते हैं। और आश्वासन देकर बिना रिसीविंग के विदा कर दिया जाता है। जब सूचना सोशल मीडिया पर वायरल होती है। तो पीड़ित पर पुलिस द्वारा अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। पीड़ित से पूछकर मुकदमा लिखने की बात कही जाती है। घटना से पल्ला झाड़ लिया जाता है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कार्यक्रमों एवं योजनाओं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु किया निर्देशित**

**10 अगस्त से 28 अगस्त तक आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिए निर्देश**

**संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु भी किया निर्देशित**

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्रों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनता की सुविधा के दृष्टिगत जन्म प्रमाण पत्र समय से जारी कराए जाने हेतु प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। संस्थागत प्रसवों में डिस्चार्ज के समय अनिवार्य रूप से जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाये। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं, वैक्सीन आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। दिनांक 10 अगस्त से 28 अगस्त 2025 तक आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन करने हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को अधिक क्रियाशील बनाया जाए। जिलाधिकारी ने सीएचओ उपस्थिति एवं सीएचओ स्तर पर की जा रही ओपीडी में सुधार के निर्देश भी दिए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्रों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आभा आईडी बनाए जाने की प्रगति में सुधार किया जाये। 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्रों को नियमानुसार आयुष्मान कार्ड तत्काल जारी कराए जाए। ई-रूपी बाउचर योजना का पूर्ण सदुपयोग करने हेतु प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। ?जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संचालित निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराते हुए हस्तांतरित कराया जाये। जनपद में स्थापित सभी हेल्थ एटीएम के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने का कि एनआरसी को प्रभावी रूप से संचालित कराया जाये। यू विन पोर्टल पर नियमति रूप से टीकाकरण सत्रों की फीडिंग सुनिश्चित कराई जाये। संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। ?जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक जांच करायी जायें। चिन्हित मरीजों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्क्रीनिंग करते हुए टीबी मरीजों को चिह्नित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।

## घर से शौच गई दलित युवती की धार दार हथियार से हुई निर्मम हत्या

सीतापुर । आपको बताते चलें कि कोतवाली लहरपुर क्षेत्र के ग्राम अकरैला मजरा तारनपुर निवासी श्री राम चौधरी पुत्री सीमा चौधरी जो कि कल साम 6 बजे के आस पास शौच करने के लिए निकली हुई थी उसके बाद काफी देर हो चुकी लेकिन सीमा चौधरी घर नही पहुंची परिवारीजनों के द्वारा खोज बीन शुरू कर दी गई रात भर ढूढने के बावजूद कोई सुराग हाथ नहीं लगा जब आज सुबह हुई तो गांव के ही एक व्यक्ति अपने खेत को पेड़ देखने के लिए गया हुआ था तभी उसे एक दुप्पटा दिखाई दिया तो वह व्यक्ति करीब गया तो झाड़ी में सर धड़ से अलग एक लाश पड़ी मिली बगल में दो लोग अपने खेत में काम कर रहे थे तो उन्होंने उन लोगों को बताया कि देखो झाड़ी में लास पड़ी है यह देख वो लोग हैरान हो गए स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस फ़ोर्स ने जांच पड़ताल शुरू कर पांच टीमों का गठन किया गया है मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी व एसपी सीतापुर लहरपुर सीओ, कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजुद रहा और लास को कब्जे में लेकर तुरंत पोस्टमार्टम हेतु सीतापुर के लिया भेज दिया गया।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण दिया

**जनपदीय एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने दिया प्रशिक्षण ''नारी सशक्तिकरण के बिना प्रदेश का सशाक्तिकरण संभव नहीं: देवेंद्र**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । सीतापुर जनपद के सबसे प्राचीन ऐतिहासिक उजागर लाल इंटर कॉलेज सीतापुर में आज जनपदीय एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के द्वाराछात्राओं को प्रदेश सरकार के द्वारा मिशन शक्ति के रूप में चलाए जा रहे नारी सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रशिक्षण दिया गया तथा प्रदेश सरकार के द्वारा इस दिशा में किये जा रहे कार्यों के विषय में जानकारी दी गई। टीम की एस आई पूजा कटियार ने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा? मिशन शक्ति के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की योजनाएं नारी शक्ति हेतु चलाई जा रही है परंतु बिना जागरूकता के यह अभियान सफलता की उन ऊंचाइयों तक नहीं पहुंच सकता है जिसकी कल्पना सूबे के मुख्यमंत्री तथा देश के प्रधानमंत्री ने की है इसमें सबसे अहम रोल छात्राओं का है कि वह प्रदेश सरकार के द्वारा नारी शक्ति हेतु क्या-क्या योजनाएं दी गई है उनके विषय में जाने तथा उसकी चर्चा अपने घरों में जाकर के करें जिससे कि हर नारी अपने अधिकारों को जान सके। टीम की रश्मि मिश्रा ने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वीमेन हेल्पलाइन 181 वीमेन हेल्पलाइन 112 पुलिस हेल्पलाइन के साथ-साथ 102 तथा 108 हेल्पलाइन नंबर प्रदेश सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं आज हर घर में फोन है सिर्फ दिये गये नंबरो का प्रयोग करके ही छात्राएं नारियां अपनी स्वयं की सुरक्षा कर सकती है तथा अपना आत्म बल बढ़ा सकती है इस दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रदेश के हर जनपद में एंटी रोमियो स्क्वायड टीम का गठन किया गया है तथा यही टीम विशेष रूप से छात्राओं को प्रशिक्षित करने का कार्य कर रही हैं अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर देवेंद्र पांडे ने कहा कि हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है।

## सरकारी स्कूल के बच्चे जमीन पर बैठकर कर रहें पढ़ाई



नैमिषारण्य, सीतापुर । प्राथमिक विद्यालय कनवाखेड़ा में बच्चे जमीन पर बैठकर कर रहे पढ़ाई मास्टर साहब गर्मी का बहाना बताकर मामले का टालने की कोशिश की लेकिन सच्चाई उजागर हो गई पूरे विद्यालय मेंदो कमरे में 61 बच्चे हैअध्यापक पांच है जबकि मौके पर दो ही अध्यापक स्कूल में मिले स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि सीसीअल परआरती विश्वकर्मा पर है एक अध्यपाक मेडिकल पर गया है उदय नारायण पांडेय. जबकि दो कमरे से स्कूल चल रहा है न पानी पीने की व्यवस्था न ही साफ सफाई साथ ही शौचालय में ताला लटकता हुआ मिला

# ग्राम पंचायत बरोठा में आयोजित हुई ग्राम चौपाल, विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। ग्राम पंचायत बरोठा में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता निघासन विधानसभा से भाजपा विधायक शशांक वर्मा ने की। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। चौपाल में कुल आठ शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों के निराकरण हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।विधायक शशांक वर्मा ने चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा–''पूरब पीपल, पश्चिम पाकड़, उत्तर दिशा में बरगद लगाएं, व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में धरातल पर कार्यो संचालित योजनाओं के बारे अधिकारियों को निर्देशित किया ओर ग्रामीणों से कार्य के बारे में लोगों से पूछा ओर कहा किसी की कोई शिकायत हो उससे हमें अवगत कराये तथा सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया*हरा-भरा, संरक्षित हो जीवन, मिलकर सब कदम बढ़ाएं।''*इसी संदेश के साथ आगामी 1 अगस्त को जनपद खीरी के सभी राजस्व ग्रामों एवं सार्वजनिक स्थलों पर ''हरि शंकरी पौधारोपण अभियान'' चलाने हेतु रणनीति बनाई गई। इस अभियान को लेकर ब्लॉक सभागार निघासन में एक व्यापक योजना बैठक आयोजित की गई, जिसमें लोक भारती, जनपद प्रशासन, वन विभाग, सामाजिक संगठनों एवं ग्रामीणों के सहभाग से अभियान को सफल बनाने पर चर्चा हुई।बैठक में जिला संयोजन समिति के सदस्यों एवं विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा बताया गया कि हरि शंकरी पौधे–पीपल, पाकड़ और बरगद– न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि इनका पर्यावरणीय योगदान भी अत्यधिक है। इनके रोपण, उपयुक्त स्थान के चयन व संरक्षण संबंधी विस्तृत जानकारी साझा की गई।*खण्ड विकास अधिकारी ने विधायक के समक्ष ग्रामीणों से की अपील*खण्ड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने योजना के क्रियान्वयन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए हरि शंकरी पौधों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया इसके साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही ब्लाक स्तर से योजनाओं के बारे में बताया बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने आवास के सर्वे के बारे में बताया ओर कहा सत्यापन कार्य चालू हे जिसकी लिस्ट जल्द ही तैयार कर के लगभग दिसंबर माह से पात्र आवास लाभार्थियों को आवंटित कार्य शुरू हो जायेगा इसके साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान योजना व श्रमिक कार्ड से मिलने वाले लाभों के बारे में बताया।

# गंगा स्नान के दौरान सरयू में डूबे दो कांवड़िये मिले शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी । लखीमपुर-खीरी के धौरहरा क्षेत्र में सरयू (घाघरा) नदी में सोमवार को स्नान के दौरान डूबे दो कांवड़ियों के शव मंगलवार शाम बरामद कर लिया गया। ढखवा गांव निवासी अभिषेक अपने दो साथियों अमन (20) और एक अन्य युवक के साथ बाइक से जल भरने और स्नान के लिए जालिमनगर सरयू घाट पहुंचा था।नहाने के दौरान अभिषेक और अमन नदी के तेज बहाव में बह गए, जबकि तीसरा साथी किनारे पर बैठा रहा। दोनों के अचानक लापता होने से घबराया युवक देर शाम पुलिस को जानकारी देने पहुंचा, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया।ट्क्क्ष्म शशिकांत मणि, तहसीलदार आदित्य और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रात में अंधेरा होने के कारण तलाशी अभियान रोक दिया गया था, लेकिन मंगलवार सुबह फिर से फ्लड पीएसी और 20 गोताखोरों की टीम ने नदी में सघन तलाशी शुरू की।करीब शाम छः बजे फ्लड पीएसी को अभिषेक व अमन के शव बरामद हो गए शवो की हालत देखकर परिजनों की चीख-पुकार मच गई और घाट पर मातम छा गया। शवो की शिनाख्त के बाद अंतिम कार्रवाई की जा रही है, घटना स्थल पर हल्का लेखपाल शशांक शुक्ला, एसडीएम शशिकांत मणि, स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी।

## बेसिक शिक्षकों को बनाया जाए राजकीय शिक्षक:राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ



सीतापुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश जनपद सीतापुर की मासिक बैठक हेडगेवार भवन आरएसएस कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। जिला महामंत्री कृष्ण मोहन गुप्ता द्वारा आहूत उक्त मासिक बैठक की अध्यक्षता जिला संयुक्त मंत्री राजेश कुमार राजू द्वारा की गयी। जिला मीडिया प्रभारी देवर्षि प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के विभिन्न विकासखंडो से प्रतिभाग कर रहे शिक्षक-पदाधिकारियों ने चयन वेतनमान, विद्यालय की समुचित साफ सफाई, मध्यान भोजन व्यवस्था में ग्राम प्रधानों का बढ़ता, हस्तक्षेप, तहसील दिवस की तरह प्रत्येक विकासखंड स्तर पर बीआरसी दिवस आयोजित कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु एक पटेल प्रदान कराए जाने के संदर्भ में अपनी मांगे व्यक्त की। बैठक में शिक्षकों को राजकीय शिक्षक बनाए जाने की मांग बहुत जोर-जोर से उठी, जिस पर सभी उपस्थित पदाधिकारी व शिक्षको ने एक स्वर में अपना समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर बैठक में जिला संगठन मंत्री राजेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष संजीव रावत, संयुक्त महामंत्री राजकुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, मनोज गौड़, प्रेम चंद, सियाराम वर्मा, जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला, संतोष सिंह, ज्योति गुप्ता, पुनीत वर्मा जिला संयुक्त मंत्री राजेश कुमार राजू, सनोज कुमार, अमित गुप्ता, सह मीडिया प्रभारी गौरव सिंह, अरुण मौर्या, कार्यालय प्रमुख नीरज गौतम, लेखा परीक्षक आशीष सिंह चंदेल तथा आमंत्रित सदस्य रविंद्र कुमार, रणधीर बर्मन, विजय गुप्ता, अरविंद माली, प्रवीण तिवारी, अजय प्रताप सिंह, सुनील कटारिया, शैलेन्द्र सिंह, कीर्त कुमार, हीरेंद्र प्रजापति, मनोज कनौजिया, अंकुर, नीरज गुप्ता, उमेश चंद्र, दिलीप यादव, जयप्रकाश, बीना पटेल, मनीष यादव, ज्योति, शादाब अंसारी आदि मौजूद रहे।

## मंदिर के पास अचेत मिला युवक, मौत, हत्या की आशंका

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में शुक्रवार सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय अनूप लोध के रूप में हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर युवक की पत्नी सुनीता उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंची। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनूप की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।आपको बताते कि मृतक की पत्नी सुनीता ने पुलिस को बताया कि उनके पति बीते तीन दिनों से लापता थे। परिवार के लोग उन्हें लगातार खोज रहे थे। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने सूचना दी कि अनूप गांव के देवी माता मंदिर के पास अचेत अवस्था में पड़े हैं। सूचना मिलते ही सुनीता वहां पहुंचीं और पड़ोसी कल्लू के ई-रिक्शा की मदद से पति को घर लाईं। हालत बिगड़ते देख परिजनों ने तुरंत एम्बुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने जांच के बाद अनूप को मृत घोषित कर दिया। अनूप मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी सुनीता के अलावा तीन छोटे बच्चे हैं दो बेटियां और एक बेटा। अचानक हुई इस मौत से पूरा परिवार शोक में डूब गया है। परिजनों ने अनूप की मौत को सामान्य नहीं मानते हुए किसी साजिश के तहत हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि वह बिना किसी जानकारी के तीन दिन से गायब थे। अचानक इस तरह अचेत अवस्था में मंदिर के पास मिलना संदेह पैदा करता है। दही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा।

## मियागंज ब्लॉक संसाधन केंद्र में बीईओ और प्रधान शिक्षकों की समीक्षा बैठक

उन्नाव। मियागंज ब्लॉक क्षेत्र संसाधन केंद्र मियागंज में परिषदीय विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों की माह जुलाई 2025-26 की समीक्षा बैठक खंड शिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बीईओ मनींद्र कुमार ने विद्यालय में नवीन नामांकन पर जोर देते हुए कहा कि छात्र ही देश का भविष्य है और अच्छे भविष्य का निर्माण एक शिक्षित समाज में होता है इसलिए हमें ये संकल्प लेना है कि हमारे समाज का एक भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। विभाग के निर्देशानुक्रम में इस बैठक में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व में वितरित किए गए टैबलेट्स के शिक्षण में प्रयोग एवं विद्यालयों में स्थापित की जा रही आई सी टी लैब के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया। बी ई ओ मनींद्र कुमार ने डिजिटल शिक्षा के महत्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की,विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि नवीन नामांकन को प्रेरणा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए।

# सिंगाही से 151 फिट लम्बी तिरंगा यात्रा निकालने वाले कांवड़ियों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिंगाही खीरी। कस्बा सिंगाही के भेडौरा वार्ड नं0 4 गौरी बाबा मन्दिर से छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए प्रति वर्ष शिव भक्तों के द्वारा पैदल कावड़ यात्रा सभासद ध्रुव दिवाकर की अगुवाई में जाती थी। लेकिन इस वर्ष कुछ नया कर दिखाया गत 26 जुलाई 2025 को घ्रुव दिवाकर के मार्गदर्शक मे 151 फिट तिरंगा कावड यात्रा निकाली गई जिसमे सहयोगी जीतू शर्मा, रूपेश सिंह, हरीश मौर्य, ध्रुव अर्कवंशी, सोनू गुप्ता, सुग्गी दिवाकर आदि के नेतृत्व में एक मन मोहक तिरंगा कावड यात्रा निकाली गई थी जो नगर व क्षेत्र मे जगह जगह कावडियो पर पुष्प वर्षाकर सम्मानित कि गयी साथ ही प्रसंशा का विषय बन चुकी हैं। यह कावड़ यात्रा इसी से प्रभावित होकर भाजपा नेता सुनील बत्रा ने 31 जुलाई 2025 को दुर्गा माता मन्दिर प्रांगण मे एक जनसभा का आयोजन करते हुए तिरंगा कावड यात्रा मे नेतृत्व करने वाले लोगों को सुनील बत्रा द्वारा सम्मानित किया गया। इस जनसभा में पूर्व चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र, उत्तम कुमार सोनी, संजय जैन,उमाकांत कटियार, सभासद आशीष भण्डारी, प्रभात शुक्ला, पूर्व सभासद जोगेंद्र शाक्य, शिशिर गुप्ता, इतवारी शाक्य,प्रधान अर्जुन गुप्ता,सभासद प्रतिनिधि नरेन्द्र गुप्ता, अमर गुप्ता, रत्नेश सिंह, अभय शाह, प्रहलाद भार्गव, रवि गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, मोहित त्रिवेदी, महेश कश्यप, सुशील त्रिवेदी, आदि अनेक सम्भ्रान्त लोगों के साथ समस्त कावडियों की टीम और तिरंगा कावड यात्रा के मार्गदर्शक कमेटी टीम भी उपस्थित रहे।

# धौरहरा की सड़कों पर मौत का खुला दरवाज़ा

**नगर पंचायत की लापरवाही से दहशत में राहगीर, तमाम शिकायतों के बाद भी नहीं होती सुनवायी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा, खीरी। नगर पंचायत धौरहरा की लापरवाही इन दिनों आमजन की जान पर भारी पड़ रही है। कस्बे की कई मुख्य सड़कों और क्रॉसिंग पर मैनहोल बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं, जो हर गुजरने वाले के लिए एक जानलेवा खतरा बन चुके हैं।विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास से बबुरी गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित प्राथमिक विद्यालय के गेट के सामने एक मैनहोल महीनों से खुला पड़ा है। इस रास्ते से प्रतिदिन बड़ी संख्या में राहगीर, विशेषकर स्कूली बच्चे और महिलाएं गुजरते हैं। यह मैनहोल अब तक कई लोगों को घायल कर चुका है और किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।खास तौर पर महिला इंटर कॉलेज की छात्राएं इसी मार्ग से रोज़ गुजरती हैं। यदि कोई दुर्घटना घटती है तो उसका असर छात्राओं के शिक्षा और भविष्य पर गंभीर रूप से पड़ सकता है, जिससे उनके सामाजिक और पारिवारिक जीवन में भी बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं।स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पंचायत को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के चलते आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया। क्षेत्र में डर का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।जनता ने प्रशासन से मांग की है कि इन खतरनाक स्थलों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए मैनहोल को ढंका जाए और अन्य क्षतिग्रस्त हिस्सों की भी मरम्मत कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों को राहत मिल सके।

# रोडवेज बस स्टैंड परिसर बहजोई में प्रारम्भ हुआ सात दिवसीय आकांक्षा हाट

**सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का किया गया भव्य आयोजन**

**प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने फीता काटकर आकांक्षा हाट का किया शुभारंभ**

**मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा जिला विकास अधिकारी एवं उप कृषि निदेशक सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को मंत्री जी द्वारा आकांक्षात्मक ब्लॉकों में उत्कृष्ट कार्य करने पर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, (बहजोई)। रोडवेज बस स्टैंड बहजोई परिसर में नीति आयोग भारत सरकार के द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं साप्ताहिक ( 1 अगस्त से 7 अगस्त तक) आकांक्षा हाट का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा. प्रभारी मंत्री मा. राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति जी रहे। कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि द्वारा आकांक्षा हाट एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हस्ताक्षर एवं हुनर की छाप के अन्तर्गत हाथ की छाप लगायी तथा विभिन्न विभागों के अन्तर्गत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लगायीं गयीं स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मा. मंत्री जी को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से निर्मित गौमय उत्पाद एवं अन्य उत्पाद जिलाधिकारी द्वारा भेंट किये गये तथा अन्य अतिथि गणों को पुष्प एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया तथा यूपी वाले भैया गाने पर भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं साप्ताहिक आकांक्षा हाट कार्यक्रम के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव द्वारा केन्द्र सरकार एवं यूपी सरकार द्वारा चलायीं जा रही लाभार्थी परक योजनाओं की सराहना की तथा उन्होंने कहा की योजनाएं धरातल पर पहुँच रही हैं जनपद अपने विकास पथ पर चल रहा है। पूर्व एम एल सी परमेश्वर लाल सैनी ने भी संबोधित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी एवं मा.मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में अंतिम व्यक्ति के उत्थान में पूर्ण सहयोग मिले उसके लिए आकांक्षा हाट एक महत्वपूर्ण कदम है। जिलाधिकारी ने प्रयास कर रहे हैं कि जिला तरक्की करे एवं विकास करे। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को हम सभी लोग घर घर तक पहुंचाने का प्रयास करें। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि नीति आयोग द्वारा गत वर्ष स्वास्थ्य, कृषि तथा सामाजिक विकास इन तीनों विषयों को लेकर सम्पूर्णता अभियान चलाया गया और उसी के अन्तर्गत जनपद सम्भल को पूरे प्रदेश के अन्य 10 जनपदों के साथ सिल्वर मेडल भी मिला है। मा.प्रधानमंत्री जी द्वारा 2018 में आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम शुरू किया उसी से प्रेरणा लेकर उत्तर प्रदेश आकांक्षात्मक ब्लॉक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ तथा भारत सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में आकांक्षात्मक ब्लॉक कार्यक्रम लागू किया तथा उसी में हमारे जनपद ने 6 इंडीकेटर्स में सम्पूर्णता अभियान में सिल्वर मेडल प्राप्त किया तथा 6 इंडीकेटर्स में से 5 में संतृप्तता पूरी की। उन्होंने कहा कि हमारा जनपद सिल्वर मेडल एवं गोल्ड मेडल प्राप्त किये प्रदेश के 14 जनपदों में सम्मिलित है। उन्होंने 14 जनपदों में सम्मिलित होने पर जनपद के अधिकारियों तथा फ्रंट लाइन वर्करों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की और उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमारी सम्भल टीम एक साथ मिलकर नीति आयोग एवं नियोजन विभाग के द्वारा जारी सातों आकांक्षात्मक ब्लॉकों को संतृप्त करेगी। मुख्य अतिथि मा. मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि आकांक्षा हाट हमारे प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी की दूरगामी सोच का परिणाम है।

## विद्यालय में किया पौधारोपण

अनूपशहर। इंदिरा गांधी इंटर कालेज सोरला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए गए। प्रधानाचार्य अनुज कुमार बंसल ने बताया कि कालेज परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पीपल, बरगद, अमरूद, मौसमी आदि पौधों का पौधारोपण किया गया। सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह अपने घर के निकट एक पौधारोपित करने के साथ आगामी 1 वर्ष तक उसकी देखभाल करें। जिससे वह एक पेड़ का रूप ले सके। इस मौके पर मानव जीवन में पेड़ पौधों का महत्व भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदीप कुमार, राकेश दत्त शर्मा, रूप सिंह, विकास कुमार, रनजीत सिंह, कंछी शर्मा, मनोरमा, आशु, निशा शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पट्टा आवंटन 5 अगस्त को

अनूपशहर। तहसील क्षेत्र के 17 गांव के मत्स्य पालन के लिए तालाबों के पट्टे 5 अगस्त को तहसील परिसर में किए जाएंगे। एसडीएम प्रियंका गोयल ने बताया है, कि गांव रूपवास, हिसावटी, सूरतगढ़ उर्फ लोधई, मलकपुर, राजनेर उर्फ सोरला, बोढा, बामनपुर, सौहरखा, जटवाई, बढपुरा, भोपुर, लछोई, जुगसाना कलां, जुगसाना खुर्द, डबकौरा, पचदेवरा, आजमपुर उर्फ तोरई खादर में पट्टों का आवंटन किया जाएगा। पट्टे मछुआ समुदाय व अनुसूचित जाति के लोगों को बोली के आधार पर किए जाएंगें।

## प्रशासनिक अधिकारी को भावपूर्ण विदाई



अनूपशहर । तहसील में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी राजकमल सक्सेना के सेवानिवृत होने पर साथियों ने भावपूर्ण विदाई दी। गुरुवार को देर शाम तहसील परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासनिक अधिकारी पद पर 3 वर्ष तक कार्यरत रहे राजकमल सक्सेना को साथियों ने भावपूर्ण विदाई देते हुए कहा कि उन्होंने बहुत ही विनम्रता से अपना कार्यकाल पूर्ण किया है। इस मौके पर श्याम सुंदर त्यागी, सौरभ शर्मा, के पी सिंह, नरेश सिंह, सतीश शर्मा, हरीश चंद, गौरव सिंघल, राकेश शर्मा, योगेश शर्मा, सुशील सिंह आदि मौजूद रहे।

## 29 सितम्बर तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी रहेगी धारा 163

बदायूँ। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अरुण कुमार ने बताया किमाह अगस्त 2025 से सितम्बर 2025 में रक्षाबन्धन, चेहल्जुम, स्वतन्त्रता दिवस, जनमाष्टमी, ईद-ए-मिलाद/बाराबफात, अनन्त चर्तुदशी, विश्वकर्मा पूजा, महाराज अग्रसेन जयंती, दशहरा (महाष्टमी) आदि के त्यौहार मनाये जाने है। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 आयोजित की जाने वाली परीक्षा भी प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के परिपेक्ष्य में यह संम्भव है कि कतिपय अराजक समाज विरोधी, शरारती, सम्प्रदायिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के तत्व समाज में साम्प्रदायिक, जातिगत, वर्गगत, विद्वेष तथा अफवाहें फैलाकर सामाजिक समरसता, सदभाव व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बिगाड़ने का सुनियोजित प्रयास कर सकते है, जिसके कारण लोकशान्ति भंग होने की प्रबल संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि इसके दृष्टिगत सम्पूर्ण जनपद में 01 अगस्त 2025 से 29 सितम्बर 2025 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अधीन (पुरानी सी.आर.पी.सी. 1973 की धारा 144) प्रभावी रहेगी। इस आदेश की अवहेलना भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

## अनुसूचित जाति की महिलाओं को कुक्कुट पालन योजना में मिलेगा लाभ

बदायूँ। मुख्य पशु अधिकारी डॉ0 समदर्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि कुक्कुट पालन योजना (राज्य योजना) अनुदान सं0 83 के अन्तर्गत जनपद में 200 इकाई प्रति इकाई (50 कुक्कुट) कुक्कुट पालन हेतु लाभार्थियों का चयन किया जाना है अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए बैकयार्ड पोल्ट्री डवलपमेनट कार्यक्रम योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जनपद बदायूँ को 200 (दो सौ) कुक्कुट इकाईयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।उन्होंने बताया कि यह योजना अनुसूचित जाति के आर्थिक रूप से निर्बल वर्ग की महिला लाभार्थियों के लिए है। लभार्थियों के चयन हेतु ग्राम प्रधान द्वारा प्रदत्त चयनित सूची का परीक्षण सम्बन्धित पशुचिकित्सा अधिकारी व पोल्ट्री प्रोग्राम आफिसर करेगें। इसके बाद जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, लाभार्थियों के चयन को अन्तिम रूप प्रदान करेगें। जिसमें योजना के लाभार्थी अनुसूचित जाति के निर्बल वर्ग की महिला हों, उसी ग्राम के निवासी होगे, स्वयं के रहने की व्यवस्था हो तथा कुक्कुट पालन मे रूचि रखते हो, पात्र होगें।

## 6 अगस्त को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में होगा महिला जनसुनवाई का आयोजन

बदायू। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने जानकारी देते बताया कि 06 अगस्त 2025 को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस बदायूं में पूर्वान्ह 11:00 से राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्या श्रीमती अवनी सिंह महिलाओं की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु महिला जनसुनवाई करेंगी।

## बकरी पालन योजना में लाभार्थियों का चयन, महिलाओं और कमजोर वर्गों को प्राथमिकता

बदायूँ। मुख्य पशु अधिकारी डॉ0 समदर्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि बकरी पालन योजना (राज्य योजना) (राज्यांश 90, लाभार्थी 10 प्रतिशत) अनुदान सं0 15 के अन्तर्गत जनपद में 08 इकाई प्रति इकाई (05 मादा 01 नर) बकरी पालन हेतु लाभार्थियों का चयन किया जाना है बकरी पालन को प्रोत्साहन हेतु इच्छुक बकरी पालाकों महिला व पुरुष का चयन ग्रामीण स्तर पर ग्राम प्रधान, पशुचिकित्साधिकारी, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा।उन्होंने बताया कि प्राथमिकता को द्वष्टिगत रखते हुये भूमिहीन महिला व पुरुष, विधवा निराश्रित महिला एवं कोविड प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता दी जायेगी। चयन प्रक्रिया में उपलब्धतानुसार अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की महिला, पुरुष एवं दिव्यांगजन को भी सम्मिलित किया जाना हितकर होगा। लाभार्थी चयन में उपलब्धतानुसार महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से वरीयता दिया जाना उचित होगा (उपलब्धता के आधार पर) तो यह उनकों स्वावलम्बी बनाने में सहयोग करेगा। लाभार्थी चयन में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 20 प्रतिशत अतिरिक्त लाभार्थियों का चयन किया जायेगा जो कि प्रतीक्षा सूची में रहेगें।उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी से प्राप्त सूची के आधार पर लक्ष्य से 20 प्रतिशत अतिरिक्त लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। लाभार्थी द्वारा 10 प्रतिशत धनराशि 4500 रुपए जमा करने से सम्बन्धित धनराशि का विवरण प्राप्त होने के उपरान्त ही लाभार्थी का चयन किया जाना है, साथ ही चयनित लाभार्थी से 10 रुपए के स्टाप पेपर पर शपथ पत्र प्राप्त किया जायेगा कि स्थापित होने वाली बकरी इकाई को न्यूनतम 03 वर्ष तक संचालित किया जायेगा।

# हज यात्रा की तिथि बढ़ाकर 7 अगस्त हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा हज-2026 की अधिकारिक घोषणा 07 जुलाई 2025 को कर दी गयी है। हज सत्र-2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक 07.07.2025 से हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेबसाइट https://www.hajcommittee.gov.in व हज सुविधा ऐप पर भरे जा रहे हैं एवं आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 से बढाकर 07 अगस्त 2025 कर दी गयी है।सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि जिला स्तर पर स्थापित हज सुविधा केन्द्र/फैसिलिटेशन सेन्टर/साइबर कैफ़े व स्वयं ऑनलाइन वेबसाइट https://www.hajcommittee.gov.in व मोबाइल ऐप 'हज सुविधा' के माध्यम से हज 2026 के आवेदन निर्धारित अन्तिम तिथि 07 अगस्त 2025 तक कर सकते हैं। हज आवेदन भरने से पूर्व हज-2026 के दिशा-निर्देशों (गाइडलाइन) को ध्यान से पढ़ लें। आवेदन हेतु पासपोर्ट मशीन पठित होना चाहिए, हस्तलिखित नहीं, जिसकी वैद्यता दिनांक 31 दिसम्बर, 2026 तक होना अनिवार्य है। आवेदन हेतु सामान्य 40 दिवस की यात्रा के अतिरिक्त छोटी 20 दिवसीय हज यात्रा हेतु आवेदन करने का विकल्प रखा गया है जिसमें कम सीटें उपलब्ध हैं एवं व्यय अधिक होने की संभावना है तथा ऐसा विकल्प चयनित करने वालों हेतु केवल सात (07) उड़ान स्थल निर्धारित हैं। (अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोच्चिन, दिल्ली, हैदराबाद व मुम्बई) निर्धारित हैं। विस्तृत दिशा-निर्देश हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेबसाइट https://www.hajcommittee.gov.in व उ0प्र0 राज्य हज समिति की वेबसाइटव https://www.hajcommittee. up.gov.in पर उपलब्ध हैं। फार्म भरने से पूर्व इसका अवलोकन अवश्य कर लें। ऑनलाइन आवेदन हेतु पासपोर्ट साइट फोटो, पासपोर्ट का प्रथम व अन्तिम पृष्ठ, ऐडरेस प्रूफ, बैंक खाते का विवरण कैन्सिल्ड चेक अथवा बैंक पासबुक की प्रति अपलोड करनी होगी। ऑनलाइन आवेदन उपरान्त आवेदन फार्म का प्रिंटआउट डाउनलोड करके उसे सचिव/कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य हज समिति, मोलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ को उपलब्ध कराना होगा। हज-2026 हेतु जिला स्तर पर हज यात्रियों की सुविधा हेतु मदरसा सिराजुल उलूम, हिलाली सराय, सम्भल को हज ई-सुविधा केन्द्र स्थापित कर मदरसे के कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्री मौ0 जकरिया को नोडल अधिकारी नामित किया गया है ताकि हज यात्रियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने में सुविधा प्रदान की जा सके।जिला स्तर पर हेल्पलाइन मोबाइल नम्बर, श्री साजिद हुसैन-8077217042, श्री मौ0 जकरिया-9759140796, श्री अब्दुल खालिक-9457271007, श्री मौ0 अली-9897320778, श्री तकी अशरफ-9557862256 आज्ञा से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, सम्भल।

# तुलसीदास जी की जयंती पर एक दिवसीय विचार गोष्ठी आयोजित





कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। डीपीबीएस कालेज में भारतीय साहित्य जगत के अमर महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर एक दिवसीय विचार गोष्ठी आयोजित की गई।शुक्रवार को डीपीबीएस कालेज में हिंदी विभाग द्वारा 'रामचरितमानस' के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. जी.के. सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय परंपरा, संस्कृति एवं साहित्यिक धरोहर से जोड़ने का कार्य करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी का जीवन एक आदर्श शिक्षण है, जिसे अपनाकर युवा पीढ़ी श्रेष्ठ नागरिक बन सकते है।हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार तिवारी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी का साहित्य भारतीय जनमानस की आत्मा में रचा-बसा है। उनकी काव्य-कला केवल धार्मिक भक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि वह जीवन के प्रत्येक पहलू को गहराई से स्पर्श करती है। डॉ. सुनीता गौड़ ने कहा कि तुलसीदास जी का साहित्य आज की पीढ़ी के लिए न केवल एक मार्गदर्शक है, बल्कि वह मानवीय संवेदनाओं, आदर्शों और आचरण की गहराई से समझ भी कराता है। इस अवसर पर डॉ. शैलेंद्र सिंह व विद्यार्थियों द्वारा रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों की सामूहिक प्रस्तुति की।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल कराई समाप्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के द्वारा बिल्सी तहसील सहसवान ब्लाक ग्राम हैदराबाद के रास्ते का विवाद बड़े ही गहमागहमी में बृहस्पतिवार की दोपहर को सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार पाल, एसडीएम बिल्सी आने के बाद लिखा पाढी मे समाधान हुआ।

उल्लेखनीय है। पाँच अगस्त से ग्राम हैदराबाद का जाने वाला रास्ता कुछ लोगों ने जोत दिया था। इसके विरोध में धरना भूख हड़ताल चल रही थी। सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा भूख हड़ताल पर बैठे सेवाराम को जूस पिलाकर हड़ताल खत्म कर दी। मंडल उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह का लिखित पत्र से प्रशासन में हड़बड़ी थी उन्होंने गुरुवार की शाम आत्मदाह का नोटिस दे दिया था। सिटी मजिस्ट्रेट कल से ही समस्या का निराकरण के लिए लग गए थे। तहसीलदार बिल्सी के साथ कई दौर की वार्ता चली रास्ते का विवाद खत्म हुआ सीधा ही रास्ता चलेगा। लिखित आश्वासन एसडीएम बिल्सी ने दिया। महापंचायत मंडल उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह के आत्मदाह से सुनकर भारी संख्या में लोग एकत्र हुए महापंचायत को मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने संबोधित करते हुए कहा संघर्ष से ही जीत होती है हैदराबाद के संघर्ष से लोगों की जनहित में जीत हुई है। इसअवसर पर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह ने कहा मैंने बिल्सी क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में मार्गो का निर्माण कराया है। जनहित के कारण मैंने संघर्ष किया जब भी संघर्ष किया है। सफलता मिली है। सिटी मजिस्ट्रेट की सूझबूझने टकराव की स्थिति खत्म करके प्रशासन द्वारा जनहित में कदम उठाया गया है जनहित सर्वोपर है। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुर अजय पाल सिंह व पंडित रामकुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष चौधरी रमेश सिंह, जिलाउपाध्यक्ष चौधरी प्रेमपाल सिंह, मंडल सचिव पप्पू यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# शिव मंदिर में हुआ संगीतमय शिव पार्वती विवाह का गुणगान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संभल । सीता आश्रम स्थित मूछों वाले शिव मंदिर प्रांगण में महिला शक्ति ग्रुप ने आज धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ संगीतमय शिव विवाह का आयोजन किया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर भजन-कीर्तन और मंगल गीत गाए। ढोलक और हारमोनियम की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भक्त झूम उठे।

भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह का मंचन एवं पूजन विधि-विधान से सम्पन्न किया जाता है। कार्यक्रम में भक्तों ने पूजा-अर्चना कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की।सब सुमिरहु श्री भगवान. पार्वती निर्मय उजे सोई कर कल्याण'' ।''बड़ा अवतारा कलयुग का है श्री राम अब जो तुम सुता पर नेहु तो अस जाए सिखावन'' ''देहु करे सो तप जेह मिलह. महेशु आन उपाय न मिटह कलेशु'' ''नारद वचन सग गर्व सहित. सुंदर सबगुण निधि वृश केतु असच तुम तजहु असं सबह भांति संकलंका'' ।''पार्वती पति हर-हर शम्भो, पाहि पाहि दातार हरे'शिव योगी, स्वयं अकिंचन,जनमनरंजन पर शिव परम उदार हरे। पार्वती पति हर-हर शम्भो, पाहि पाहि दातार हरे''मुनि अनुसासन गनपतिहि पूजेउ संभु भवानि. कोउ सुनि संसय करै जनि सुर अनादि जियँ जानि''पूरे वातावरण में ''हर-हर महादेव'' के जयकारों से गूंज उठी और मंदिर परिसर भक्ति भाव से सराबोर हो गया।इस दौरान बीना वार्ष्णेय,गीता वार्ष्णेय,डोली शर्मा, रंजना, डोली गुप्ता,मीना,दुर्गेश्वरी,महिमा वार्ष्णेय, प्रीति, गुंजन, गीता शर्मा,मोनिका आदि उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने साप्ताहिक परेड में अनफिट पुलिसकर्मियों की लगवाई दौड़



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिले तेजतर्रार एसएसपी द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की ली गई सलामी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों को लगवाई गयी दौड़। नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश। शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया। परेड उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन की समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन बदायूँ में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी। परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी उझानी लाइन डॉ0 देवेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी तथा सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी तथा सभी पुलिस कर्मियों एवं रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, समयबद्धता, और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व पर बल देते हुए प्रेरित किया गया एवं पुलिस सेवा के उच्च मानकों को बनाए रखने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। परेड के पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन बदायूँ स्थित क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, गार्दरुम, जीपी स्टोर, यातायात कार्यालय, परिवहन शाखा, जीडी कार्यालय, केन्द्रीय पुलिस कैन्टीन, गैस एजेन्सी, आरओ प्लांट, पुलिस कन्ट्रोल रुम, क्रिप्टो सेन्टर पुलिस रेडियो शाखा, पुलिस मॉर्डन स्कूल बदायूँ, आटा/मसाला चक्की, भोजनालय, पुलिसकर्मियों के बैरक आदि का निरीक्षण किया गया, तदोपरांत रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित आर0टी0सी बैरक, स्कूल, अस्पताल, सैलून, भोजनालय, शौचायल आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बिसौली सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी दातागंज के0 के0 तिवारी, क्षेत्राधिकारी सहसवान कर्मवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी बिल्सी संजीव कुमार, प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक गौरव उपाध्याय एवं प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह, आरटीसी प्रभारी राजेन्द्र सिंह पुण्डीर व प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस लाइन के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद के जयंती पर मनाया गया बलिदान दिवस



मुरादाबाद। महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में विश्व प्रसिद्ध लोकग्रंथ ''श्री रामचरित मानस'' के रचयिता ''गोस्वामी तुलसीदास'' जी की ''जयंती'' एवं हिन्दी के सशक्त हस्ताक्षर, हिन्दी कहानी एवम उपन्यास के महान लेखक ''मुंशी प्रेमचन्द'' जी की ''जयंती'' एवम क्रांतिकारी शहीद ''उधम सिंह'' जी का ''बलिदान दिवस'' मौहल्ला सेमर टोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में समारोह पूर्वक मनाकर तीनों चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित करते सभी एवं कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र।

# कोतवाली, उझानी, उधैती, बिनावर और उसावा में चोरों का आतंक, पुलिस बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उझानी। बीते पूर्व दिन रात चोरों ने एक बंद घर का ताला काटकर हजारों रुपए की नगदी जेवर और बर्तन चोरी कर लिए। खेत से लौट रहे एक ग्रामीण ने घर खुल कर देखकर आवाज दी तो कर भागने लगे। ग्रामीण ने पीछाकर एक चोर को दबोच लिया। तभी दूसरे छोर ने युवक को सरिया मारकर उसे घायल कर दिया और साथी चोर को छुडाकर फरार हो गया। घायल ग्रामीण का उपचार उझानी सीएचसी पर कराया गया है। पीड़ित ने बरेली से लौटते के बाद कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वही आपको बता दें कि पूरा मामला गांव जिरौलिया के रहने वाले पूर्व सैनिक विवेक कुमार शर्मा घर में ताला लगाकर बरेली स्थित अपने आवास पर गए थे। रात में चोर दरवाजे पर लगे ताले का कुंडा काटकर घर में दाखिल हो गए और कमरे में रखी अलमारी में नकदी,चांदी, सोने के कुंडल और घर में रखे बर्तन चोरी कर ले गए इसी दौरान गांव के ही राजेंद्र राजपूत खेत से लौटते समय घर की ओर आ रहे थे उन्होंने विवेक का घर खुला देखा तो संदेह होने पर आवाज लगाई आवाज सुनते ही चोर भागने लगे। वहीं आपको बता दें कि दूसरी घटना उधैती में चोरों ने एक घर में नकब लगाकर नगदी सहित सोने,चांदी के जेवर पार कर लिए। घटना के समय परिवार के लोग घर के बरामदे में सो रहे थे, इसी समय चोरों ने घर की पिछली दीवार में नकब लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दिए गांव के धरैरा निवासी विधवा ममता पत्नी चंद्रशेखर बीती रात अपने परिवार के साथ गर्मी अधिक होने के चलते मकान के बरामदे में सो रही थी चोरों ने दीवार काटकर घर में रखी नगदी व सोने के कुंडल पाजेब सहित करीब लाखों रूपये की चोरी कर फरार हो गए।आपको बता दें की तीसरी घटना बिनावर क्षेत्र के गांव कुतुबपुर थरा में गुरुवार तड़के चोरी का प्रयास कर रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया ग्रामीणों ने दोनों की जमकर धुनाई कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उन्हें पूछताछ के बाद मजदूर बात कर छोड़ दिया ग्रामीण ने बताया कि गांव गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित है। और बीते कई दिनों गांव में अजनबी लोगों की आवा-जाई देखी जा रही है। चोरी की कोशिशें से परेशान होकर ग्रामीण रात में छत पर बैठकर पहरा दे रहे हैं। गुरुवार सुबह करीब चार बजे एक टेंपो गांव में आकर रुक ग्रामीण अनुसार उसमें सवार आधा दर्जन लोग देर से गांव की गलियों में चक्कर लगा रहे थे।वही आपको बता दे की चौथी घटना उसावा क्षेत्र के गांव गिलटैया में बुधवार रात उस समय हड़काम गया जब गांव के शिव मंदिर में चोरी का प्रयास हुआ। मंदिर में चोरों ने जैसे ही अंदर कदम रखा और घंटा चोरी करने का प्रयास किया तो आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण जाकर और उन्होंने मंदिर में चोरों को चारों ओर से घेर लिया मंदिर में चोरी करते युवक को ग्रामीणों ने मौके पर रंगे हाथ पकड़ लिया।

# समय से अस्पताल पहुंचे चिकित्सक,ना लिखी जाए बाहर की दवा: मंडलायुक्त

**आयुक्त देवी पाटन मंडल ने गुरुवार की देर शाम मंडल के सभी चिकित्सा अधिकारियों के साथ कमिश्नरेट सभागार में समीक्षा बैठक की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। देवीपाटन मंडल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग की मण्डलीय समीक्षा हेतु आयुक्त देवी पाटन मंडल ने गुरुवार की देर शाम मंडल के सभी चिकित्सा अधिकारियों के साथ कमिश्नरेट सभागार में समीक्षा बैठक की गयी।

आयुक्त ने बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर स्वा स्थ्य कार्यक्रमों को बेहतर बनाने एवं लोगों को तत्काल स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि अपने-अपने जनपद में स्वास्थ्य सेवा ओं को बेहतर से बेहतरीन बनाया जाए।किसी भी अस्पताल में डॉक्टर या अन्य स्टाफ अनुप स्थित ना रहे।कोई भी डॉक्टर अस्पताल से बाहर की दवा ना लिखें।दवा का स्टॉक खाली होने से पहले ही सभी दवाई मंगा ली जाए। उन्होंने कहा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता में अतःसभी सीएमओ व अन्य चिकित्सा अधिका री पूरी तत्परता के साथ कार्य करते रहें। समी क्षा बैठक के दौरान आयुक्त ने जनपद स्तरीय चिकित्सालय में सर्जरी की स्थिति के साथ-साथ आभा आईडी,क्वालिटी एश्योरेंस, टीबी कार्यक्रम,मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, एम आई एस कार्यक्रम सहित बच्चों एवं गर्भवती महिला ओं के बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं पोषण हेतु एक पल अभियान की समीक्षा की,आयुक्त ने सभी सीएमओ का निर्देश दिए कि वह समय-समय पर सीएचसी व पीएचसी का निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध कराई जा रही आपातका लीन सेवाओं का सत्यापन जरूर करें।आयुक्त ने 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने,नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत वीएचएसएनडी सत्र का आयोजन करने,बायोमेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण करने,अस्पताल में समस्त स्टाफ ड्यूटी के सम य अपने यूनिफॉर्म एवं आईडी कार्ड के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए।आयुक्त ने समी क्षा में पाया की आभा आईडी के संबंध में बह राइच व श्रावस्ती जनपद में बेहतर कार्य हुआ है। दोनों जनपदों में 50% से अधिक आभा आईडी बनाई गई है।इसके अलावा पूरे मंडल के 17597 छय रोगियों को गोद लिया गया है। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत पूरे मंडल में 294 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हो चुकी हैं।मण्डलायुक्त ने वीएचएनडी सत्रों पर सभी आवश्यक संसाधनों की शत-प्रतिशत उपलब्ध ता सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने बच्चों एवं गर्भवती माताओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है।डिप्थीरिया,काली खांसी, बीसी जी सहित अन्य टीको का निर्धारित समय के अन्तर्गत बच्चों का टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया है।उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाये।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट कार्यालयों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिला अधिकारी प्रियंका निरंजन चार्ज लेने के बाद ही एक्शन मोड में आ गई हैं।उन्हों ने आज कलेक्ट्रेट के सभी कार्यालयों का अधि कारियों के साथ खुद पैदल चलकर औचक नि रीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीएम प्रियंकानिरंजन ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए।उन्होंने फाइलों के उचित रखरखाव पर भी जोर दिया कहा की फाइलों का सही से रख रखाव किया जाए किसी भी कार्यालय में फाइलों के रखरखाव को लेकर अव्यवस्था न हो।डीएम ने कार्यालय के आसपास और बाहर साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा है उन्होंने लापरवाह कर्मचारियों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी।डीएम ने स्पष्ट किया कि लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा एगी।इसके बाद जिलाधिकारी आपदा विभाग कार्यालय पहुंचीं।वहां उन्होंने चौबीस घंटे घाघ रा नदी के जलस्तर की निगरानी करने के निर्दे श दिए।डीएम ने तटबंधों की सीसीटीवी कैमरे से हो रही निगरानी का भी गहनता से अवलोक न किया है।इनसेटबढ़ते जलस्तर को लेकर निगरानी के निर्देशडीएम प्रियंका निरंजन ने आपदा विशेषज्ञ राजे श श्रीवास्तव को सभी बाढ़ चौकियों और तटबं धों पर कैमरे लगवाने के निर्देश दिए।इससे यहां से वहां की सीधी निगरानी की जा सकेगी।उन्हों ने आपदा विशेषज्ञ को सोशल मीडिया और इले क्ट्रॉनिक मीडिया पर चल रही खबरों का भी सं ज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।डीएम ने कहा कि शासन के मंशा अनुरूप सभी कर्मचारी गोंडा में काम करें फरियादियों को न्याय मिले शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो यह मेरी पहली प्राथमिकता है।

# चोरी की योजना बनाते पांच पशु तस्कर गिरफ्तार

**कब्जे में तमंचा व पिकअप वाहन बरामद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय व क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना तरबगंज पुलिस टीम ने चोरी की योजना बनाते पांच शातिर पशु चोरों को गिरफ्तार किया है।परसपुर व वजीर गंज थाने से संबंधित घटनाओ का खुलासा कर ते हुए चोरी में प्रयोग होने वाले उपकरण लोहे का नुकीली सरिया, नायलान रस्सी,एक छोटा डण्डा आदि बरामद किया गया,बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया।एक अगस्त को अपराध निरीक्षक राजकुमार यादव फोर्स के साथ रात्रिगस्त,क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि सूचना प्राप्त हुई की ग्राम गिरधरपुरवा में तरबगंज से डुमरियाडीह रोड नागनाथ पुरवा तिराहे पर एक खाली पिकअप खड़ी है जिसके पीछे बैठकर कुछ संदिग्ध लोग बातचीत कर रहे हैं।उक्त सूचना पर निरीक्षक राजकुमार यादव मय फोर्स मौके पर पहुंचकर आरोपी फारूख पुत्र सूरत उर्फ नजीर, लक्ष्मण कुमार पुत्र मुस्करीदीन,बन्ने नट पुत्र जन्त्री नट, सोनू पुत्र सजन नट व उमेश कुमार नट पुत्र शेरा नट को गिरफ्तार कर लिया गया तथा जामा त लाशी पर एक तमंचा बारह बोर,दो जिन्दा कार तूस बारह बोर, एक चाकू तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त होने वाले उपकरण एक लोहे का नुकी ला सरिया(सबरी) नायलान की सफ़ेद रस्सी आदि बरामद किया गया है।बरामदगी व गिर फ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभि योग पंजीकृत कर गिर फ्तार अभियुक्तों के विरू द्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवा ही की गयी।वही चोरों से पूछताछ के दौरान प ता चला कि ये लोग पशु चोरी करने की योजना बना रहे थे कि पुलिस द्वारा चोरी योजना बनाते समय पकड़ लिया गया है।11 अप्रैल की रात थाना परसपुर क्षेत्र के ग्राम चंदईपुरवा डेहरास में एक भैंस व पड़वा की चोरी की थी,तथा 23 जून को थाना वजीरगंज क्षेत्र ग्राम नैपुरिया बहा दुरा से एक भैंस व पड़िया की चोरी किये थे इन लोगो का एक संगठित गिरोह है जो आर्थिक लाभ कमाने के लिए तरह-तरह के तरीके अप नाकर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पशु चोरी की घटनाओ को अंजाम दिया करते हैं।जिनको पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया है।

## नवांगतुक डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया निरीक्षण



बहराइच । नवांगतुक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट परिसर व स्थित कार्यालयों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव इत्यादि का जायजा लेते हुए मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, एसडीएम महसी आलोक कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# टैक्स कंसलटेंट के ऑफिस में आयकर विभाग की टीम ने मारा छापा

**मचा हड़कंप ,15 दिन के भीतर इनकम टैक्स की दूसरी छापे मारी अबकी बार शहर के आवास विकास में**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में आवास विकास कॉलोनी स्थित रामायण भवन में टैक्स टैक्स कंसलटेंट अरविंद कुमार पाण्डेय के आवास एवं कार्यालय पर आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की।कार्र वाई शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही।यह कार्रवाई लखनऊ से आई आईआरएस अधिका रियों की विशेष टीम द्वारा की जा रही है।जान कारी के अनुसार,अरविंद पांडेय लंबे समय से जिले के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्याल यों में कार्यरत शिक्षकों तथा अन्य सरकारी कर्मचारियों की आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने के साथ-साथ कटौती एवं रिफंड संबंधी कार्य करते हैं। साथ ही वह वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय के साथ समन्वय बनाकर कर्मचारियों की वेतन,भत्ते व कर कटौती से जुड़े अभिलेख तैयार कराते रहे हैं।

बताया जा रहा है कि आयकर विभाग को कुछ गड़बड़ियों की शिकायत मिली थी।इसके बाद गुरुवार को टीम ने छापेमारी शुरू की।शुक्रवार को भी टीम ने दस्तावेज खंगाले।कई महत्वपूर्ण डिजिटल व फिजिकल रिकॉर्ड जब्त किए।बंद ऑफिस में टैक्स कंसलटेंट से पूछताछ इनकम टैक्स में हेरा फ़ेरी की टीम कर रही जांच इस दौरान किसी को आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई। टीम ने कंप्यूटर, लैपटॉप, फाइलें, पेन ड्राइव समेत कई डिवाइस को सील कर जांच शुरू की है।

# कुर्सी के लिए,पत्नी की इज्जत से समझौता ठीक नहीं: हरिनाथ भाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। एक मौलाना द्वारा, सांसद डिंपल यादव जी पर की गयी अमर्यादित टिप्पणी पर जहां सारे लोग आक्रोशित हैं, वहां पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी का मौन धारण कर लेना, एक साथ कई प्रश्न पैदा करता है। सच तो यह है कि मुसलमान भी धीरे-धीरे सपा का साथ छोड़नें लगे हैं और कुछ बचे-खुचे को बचाने के लिए वे पत्नी क्या ,किसी शर्त पर समझौता करनें को मजबूर हो गये हैं।''यह विचार भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और उप्र0एससी, एसटी आयोग के पूर्व सदस्य हरिनाथ भाई के हैं। एक मुलाकात में उन्होंने आगे बताया कि डिम्पल यादव जी, मात्र एक सांसद और पूर्व मुख्यमंत्रियों की बहू और पत्नी ही नहीं हैं अपितु देश की बहन और बेटी है। उनका पहनावा, और बात करनें का तरीका प्रमाणित करता है कि वे, एक सभ्य और सांस्कारित मां - बाप की बेटी तथा एक आदर्श महिला हैं। भारतीय जनता पार्टी की तो संस्कार में ही नारी को देवी मानकर, सम्मान देनें की परम्परा है। ऐसे में आल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी नें, डिम्पल जी पर जो असभ्य और अमर्यादित टिप्पणी की है, वह दण्डनीय अपराध है। उससे बड़ा अपराध, श्री अखिलेश यादव जी का मौन धारण करना है ।भाई जी नें द्वापर और त्रेता युग की घटनाओं का जिक्र करते हुए आगे बताया कि दुर्योधन जब, द्रौपदी को अपमानित कर रहा था तब पाण्डव, सिर झुका कर मौन धारण किए हुए थे, कारण कि वे जुआ में द्रोपदी को हार चुके थे।फिर अखिलेश जी, की कौन सी मजबूरी है जो मौन धारण किए हुए हैं।मां सीता की रक्षा में जटाएं, रावण से लड़ कर और मर कर अमर हो गया, किन्तु अपनी धर्मपत्नी के इज्जत की रक्षा में अखिलेश जी का मौन, एक शेर को रेखांकित करता है उनके पैरों के नीचे जमीन नहीं है।ताज्जुब है उनको यकीन नहीं है। आज डिंपल जी को एक मौलाना अपमानित किया और कल एक अन्य मौलाना में, मस्जिद में मीटिंग पर अखिलेश जी को फटकार लगाई थी।सपा से मुसलमानों का खिसकता जनाधार, उपरोक्त शेर को प्रमाणित करता है।

# हर परिस्थिति से निपटने के लिए जवानों का फिट रहना जरूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल नेरिजर्व पुलिस लाइन के मैदान में जवानों की साप्ताहिक परेड कराई।एसपी ने कहा कि वर्त मान परिदृश्य के दृष्टिगत हर परिस्थिति से निप टने के लिए जवानों का मानसिक और शारीरि क रूप से फिट रहना आवश्यक है।जवानों के साथ दौड़ लगाकर फिटनेस के लिए प्रेरित कि या गया, उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया। ड्रि ल,शस्त्राभ्यास,सैल्यूट,स्क्वाड ड्रिल,दौड़,तेज चाल से मंच से गुजरना आदि का अभ्यास करा या। इसके बाद पुलिस लाइन कार्यालयों,मेस, जिम आदि का निरीक्षण किया। प्रगतिशील निर्माण कार्यों के संबंध में प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए।वहां सीओ शिल्पा वर्मा प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# डॉ. आशीष शुक्ला पर गंभीर आरोप, कार्रवाई न होने पर मुख्यमंत्री के आवास पर करेंगे आत्मदाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के खरगूपुर थाना क्षेत्र के गौनरिया के रहने वाले शिवशंकर मिश्र पुत्र रंजीतपाल मिश्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है जिसमें कहा है कि वह अपने 71 वर्षीय वृद्ध पिता का इलाज कराने के लिए 26 जुलाई को जिला अस्पताल में डॉ.आशीष शुक्ला के पास लेकर गया।उसके पिता रंजीत पाल मिश्र के पैर के तलवे में कोई कंटीला वस्तु चुभ गया था जिससे वह चलने-फिरने में अस्मर्थ हो गये थे।जिला चिकित्सालय में डॉ. आशीष शुक्ला ने उसके पिता को देखा और एक्स-रे कराने के लिए पर्चा लिख दिए। वह एक्स-रे करा लाया,जिसे देखकर डॉक्टर शुक्ला ने कहा कि इसमें तो कुछ दिखाई नहीं दे रहा है।इसे ओटी (ऑपरेशन थियेटर) में देखना पड़ेगा,तब तक आप कुछ जांचें और करा लें। पीड़ित शिवशंकर का कहना है कि 28 जुलाई को सभी जांचें कराकर रिपोर्ट लेकर वह पुनः अपने पिता के साथ डॉक्टर आशीष शुक्ला के पास सुबह 09.30 बजे पहुंचा।डॉक्टर शुक्ला को उसने सारी रिपोर्टें, एक्स-रे और उनके द्वारा लिखे गए पर्चे को दिया जिसे देखकर उन्होंने रख लिया और बाहर बैठने को कहा। वह अपने बुजुर्ग व बीमार पिता के साथ दोपहर 12.00 बजे तक डॉक्टर शुक्ला के कक्ष के बाहर बैठा रहा।इस बीच उसने देखा कि पिन्टू नाम का एक व्यक्ति फाइल और मरीजों को लाकर डॉक्टर को दिखाकर ले जा रहा था।पता करने पर बताया गया कि पिन्टू दलाल है और वह मरीजों को दिखाने के बदले में एक से दो हजार तक लेता है।उसे जो रूपए दे देता है, उसे वह तुरंत ले जाकर डॉक्टर आशीष शुक्ला को दिखा देता है।पीड़ित शिवशंकर का आरोप है कि उसने जब पिन्टू से संपर्क कर अपने पिता को दिखाने का अनुरोध किया तो इसके बदले उसने 2000 रूपए की मांग की।इसकी शिका यत उसने जब डॉक्टर शुक्ला से की तो उन्होंने भी कहा कि अगर जल्दी है तो दो हजार रूपए पिन्टू को दे दो।उसके बाद पिन्टू के साथ अंदर आइए ,अन्यथा किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में जाकर दिखवा लीजिए।डॉक्टर आशीष शुक्ला ने तीमारदार को कहा कि मुझे जब फुर्सत मिलेगी, तब देखूंगा।आरोप है कि यह कहते हुए डॉक्टर शुक्ला गुस्से से लाल हो गये और ओटी में चले गए।बाद में एएनएम के द्वारा उसकी रिपोर्ट व पर्चा वापस कर दिया गया।इतना ही नहीं, हद तो तब हो गई जब वह इसकी शिका यत करने सीएमएस के पास गया लेकिन वह नदारद मिले।वहां रामजी शुक्ल नाम का कर्म चारी मिला,जिसने बताया कि सीएमएस मीटिंग में गये हैं।इस बीच पिन्टू नामक व्यक्ति सीएम एस ऑफिस भी पहुंच गया और वहां उसे देखते ही भड़क गया।आरोप है कि पिन्टू उसे तथा उसके बुजुर्ग पिता को पकड़कर जबरन डॉक्टर आशीष के पास ले गया। देखते ही डॉक्टर शुक्ला भड़क गए और अपशब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि हम डॉ.आलोक शुक्ला के भाई हैं।हमारी पहुंच ऊपर तक है। अब तुम्हारा इलाज पैसे देने पर भी नहीं करूंगा।जहां जाना हो, वहां जाओ।आरोप है कि डॉक्टर ने भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए डॉक्टर शुक्ला व पिन्टू ने उसे तथा उसके बुजुर्ग पिता को धक्के देकर वहां से भगा दिया। धक्का देने से उसके पिता गिर पड़े जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई है। वह बोल नहीं पा रहे हैं। वह तीन-चार दिन से कुछ खा-पी भी नहीं पा रहे हैं।पीड़ित शिवशंकर मिश्र का कहना है कि डॉक्टर शुक्ला और उनके दलाल द्वारा धक्का दिए जाने के कारण उसके पिता मरणासन्न अवस्था में पड़े हैं।डॉक्टर आशीष शुक्ला और उनके दलाल पिंटू के इस दुर्व्यवहार और कृत्य से उसे तथा उसके पिता को गहरा सदमा पंहुचा है। इस सदमे से यदि उसके पिता के जीवन को कोई खतरा होता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी डॉक्टर आशीष शुक्ला, पिंटू नामक व्यक्ति, सीएमओ व जिला प्रशासन की होगी। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुए जांच कराकर डॉ आशीष शुक्ला व पिन्टू नामक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने तथा अन्य विधिक एवं विभागीय कार्रवाई तथा डॉक्टर आशीष शुक्ला को जिला चिकित्सालय से स्थानांतरित करने की भी मांग की है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई न की गयी तो आगामी 15 अगस्त को अपने पिता (यदि जीवित रहे तो) के साथ मुख्यमंत्री के आवास पर आत्मदाह कर लूंगा। वही इसकी जानकारी गोण्डा मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.धनंजय श्रीकांत कोटा स्थाने नेबताया कि पीड़ित मेरे पास आया था,उसे मैने न्याय का आश्वासन दिया है।प्रकरण की जांच के लिए कमेटी गठित की जायेगी जो सात दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट देगी।तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## कर्मियों की मांगे पूरी नहीं हुई तो संघ धरना प्रदर्शन करने को होगा बाध्य

गोरखपुर । पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय पर महामंत्री विनोद राय और सहायक महामंत्री एनएफआईआर नई दिल्ली के समक्ष इलेक्ट्रिक एसी कोच कर्मचारियों की मीटिंग हुई , कर्मचारियों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है पहले इनको शुरू से लास्ट गाड़ी जाने पर कोई सीट बैठने के लिए नहीं है ,दूसरा पावर कार से सटे जनरल कोच लगाए जाने के कारण मेंटेनेंस के कार्य में दिक्कत हो रही है ,तीसरा सबसे बड़ा कार्य हो गया कि प्राइवेट कर्मचारियों को टेंडर देकर काम कराने जाने का आदेश किया गया है जबकि कर्मचारी अधिक है कार्य करने के लिए टी एल के कर्मचारी भी एयर कंडीशन कोच में काम करते हैं उसके बावजूद टेंडर का कार्य किया गया है फिर भी एक बड़ा आदेश और हुआ इलेक्ट्रिक का कार्य मैकेनिकल के ऑफिसर देखेंगे उनकी कंट्रोलिंग मैकेनिक के लोग देखेंगे सब की पढ़ाई अलग-अलग होती है इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल का कार्य अलग-अलग है जो जिस विभाग का पढ़ाई किया है उसको कार्य करना चाहिए इसमें कर्मचारियों की कठिनाई होती है प्रदर्शित नहीं होती है लोग अकारण प्रताड़ित करते हैं की इलेक्ट्रिकल के ऑफिसर अब कार्य नहीं देखेंगे मैकेनिक के ऑफिसर एयर कंडीशन कोच के कर्मचारियों का कार्य देखेंगे इससे बहुत दिक्कतें आएंगी सब की ट्रेनिंग अलग-अलग होती है पूर्वोत्तररेलवे कर्मचारी संघ फ़ेडरेशन के महामंत्री डॉक्टर यम राघवैया जी से वार्ता किया गया उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड से वार्ता करके मैं कार्य कराने के लिए पूरा प्रयास करूंगा अगर रेल कर्मचारियों का इस तरीके से उत्पीड़न किया जाएगा तो पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की जिम्मेदारी होगी

# पीएआई के माध्यम से ग्राम पंचायतों को शशक्त बनाना है: सुमन यादव

**पंचायतीराज विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पंचायत विकास सूचकांक (पीएआई) के माध्यम से शैलेश कुमार पांडे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। विकास खण्ड ब्रह्मपुर मुख्यालय के मीटिंग हॉल में पंचायतीराज विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पंचायत विकास सूचकांक (पीएआई) के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुशल प्रशिक्षक शैलेश कुमार पांडे ने प्रशिक्षण दिया।प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख सुमन यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी गरिमा सिंह ने की। इस प्रशिक्षण में विकास खण्ड के समस्त सचिव, विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, क्षेत्र पंचायत सदस्य और पंचायत कर्मचारी शामिल हुए।प्रशिक्षण में पीएआई के माध्यम से नौ थीम पर ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। ये नौ थीम हैं - गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, पर्याप्त जल युक्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित एवं न्यायपूर्ण संगत पंचायत, सुशासन वाली पंचायत और महिला हितैषी पंचायत।प्रशिक्षण में बताया गया कि जो ग्राम पंचायतें इन थीम में किसी न किसी श्रेणी में शामिल होंगी, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के विकास में सहयोग के लिए विकास खण्ड स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रभारी एडीओ पंचायत नंदकिशोर यादव, ब्लॉक प्रमुख मानवेंद्र यादव, सचिव संदीप सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जेडी खान के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग और अन्य कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# यूरिया तस्करी की कोशिश नाकाम

**एसएसबी ने 29 बोरी खाद और तीन साइकिलें की जब्त**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइचम। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने तस्करी की बड़ी कोशिश को विफल करते हुए 29 बोरी यूरिया खाद और 3 साइकिल जब्त की हैं। यह कार्रवाई बधापुरवा सीमा चौकी क्षेत्र में की गई, जहां एसएसबी की टीम गश्त कर रही थी। एसएसबी के सहायक निरीक्षक जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में गश्ती दल ने सीमा स्तंभ संख्या 669 के पास कुछ संदिग्ध गतिविधियों को चिन्हित किया। तीन साइकिल सवार व्यक्ति यूरिया खाद लेकर नेपाल की ओर बढ़ते नजर आए, लेकिन सुरक्षा बलों की मौजूदगी देखकर वे मौके से भाग निकले और साइकिलों समेत खाद वहीं छोड़ गए। एसएसबी ने तत्परता दिखाते हुए खाद की 29 बोरियां और तीन साइकिलों को अपने कब्जे में ले लिया। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत, जब्त सामग्री की सूचना जिला कृषि विभाग को दी गई। इसके बाद जिला कृषि अधिकारी की टीम मौके पर पहुंची और खाद को विधिक कार्रवाई हेतु अपने अधीन ले लिया। एसएसबी की यह कार्रवाई सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों और तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। वाहिनी द्वारा लगातार निगरानी और सक्रियता के चलते तस्करी की कई कोशिशें पहले भी नाकाम की जा चुकी।

# खून से लथपथ महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को जल्द ही खुलासा करने का निर्देश दिया**



अमेठी । थाना जामो क्षेत्र के गांव पूरबगौरा फत्ते का पुरवा में गांव के किनारे खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने मौके पर पहुंचकर मातहतों को दिशा निर्देश दिया और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव फत्ते का पुरवा निवासी इलायची देवी पत्नी दादू मंगता उम्र पैंतालिस वर्ष गुरुवार को घर से बाजार के लिये निकली थी और वह वापस घर नही लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी लेकिन पता नही चल सका।शुक्रवार की सुबह खून से लथपथ महिला का शव गांव के किनारे बरामद हुआ है।महिला के गले पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या किये जाने की बात सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने उक्त घटना से संबंधित घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा प्रभारी निरीक्षक जामो को घटना के शीघ्र अनावरण के सम्बन्ध में आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि महिला के शव की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य का संकलन किया गया है। पुलिस प्रत्येक बिंदु पर जांच कर रही है।

घटना के खुलासे के लिये पुलिस टीम गठित कर दी गई है जल्द ही इस घटना का अनावरण कर दिया जायेगा।

# ब्लॉक प्रमुख ने युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल को वितरण की खेल प्रोत्साहन सामग्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग पीलीभीत के तत्वाधान में विकास खण्ड मरौरी के चयनित मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री वितरण कार्यक्रम मरौरी विकास खण्ड सभागार में आयोजित किया गया। इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सभ्यता देवी वर्मा ब्लाक प्रमुख मरौरी एवं विशिष्ट अतिथि लियाकत अली खण्ड विकास अधिकारी मरौरी एवं मेहरबान सिंह राणा एडीओ पंचायत मरौरी उपस्थित रहे। प्रोत्साहन सामग्री 7 युवक मंगल दल एवं 13 महिला मंगल दल को वितरित की गयी। बीडीओ मरौरी द्वारा मंगल दलों की सार्थकता एवं उपयोगिता को समझाया गया एवं किसी भी प्रकार के कार्यों के लिए सीधे संपर्क करने के लिए एवं सामजिक विकास,पौधारोपण हेतु अपना योगदान करने के लिए कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मंगल दलों के कार्यों एवं जिम्मेदारियों के बारे में विशेष रूप से बताया गया। मुख्य अतिथि सभ्यता देवी वर्मा द्वारा मंगल दलों के सामाजिक कार्यों एवं कल्याणकारी योजनाओं में जुड़ने का एवं युवाओं को जोड़ने का आह्वाहन किया गया एवं अपने स्तर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। स्वाति देवी महिला मंगल दल अध्यक्षा करनापुर द्वारा भजन की शानदार प्रस्तुति दी गयी। सभी मंगल दलों को एक एक पौधा देते हुये पौधारोपण में भागीदारी का सन्देश दिया गया। अमित कुमार क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी द्वारा कार्यक्रम की समस्त जानकारी देते हुये सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यालय स्टाफ हेमन्त कुमार,मोतीराम, लता कश्यप,महेंद्र कुमार, सागर बाबू,सुरेश कुमार,महेंद्र पाल आदि उपस्थित रहे हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में दो गो-तस्करों को लगी गोली, मीनो गिरफ्तार

सुल्तानपुर। शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे कादीपुर कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने गो तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मुड़िला बाजार से कादीपुर की ओर जा रहे गो तस्करों की मझगवां गांव के पास भोर में लगभग 4 बजे घेराबंदी की जिसके बाद तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाही की, दोनों तस्करों के बाएं पैर में गोली मारी और उनको घायल कर दिया। वहीं कैंटर में लदे गोवंश मुठभेड़ के समय निकलकर भाग गए। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में ले लिया है।

घेराबंदी के दौरान तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाही की, जिसमें दो तस्कर गोली लगने से घायल हो गए। घायलों में मुजफ्फरनगर निवासी 28 वर्षीय मोहम्मद नावेद पुत्र सलीम को दाहिने पैर में और 25 वर्षीय साहिल पुत्र अब्दुल करीम को बाएं पैर में गोली लगी। पुलिस ने तीसरे तस्कर सुशील उपाध्याय (22) पुत्र राजनारायण को भी गिरफ्तार किया। सुशील बीरीहाजीपुर, थाना कादीपुर, सुल्तानपुर का रहने वाला है।

# महाकवि तुलसीदास की जयंती पर में हुई कवि गोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। राम भक्ति की सुर सरिता में जिसने जग नहलाया।काव्य जगत में जिसकी प्रतिभा का उपमान न पाया।राम नाम संकीर्तन में ही मिला परम सुख जिसको।वह मानस का हंस जगत में कवि तुलसी कहलाया। यह रचना श्री पंडित राम अवतार शर्मा की। उन्होंने काव्यपाठ करते हुए तुलसीदास जी को परम राम भक्त बताया।

मौका था तुलसी जयंती पर गुरुवार देर शाम सिरसा चौराहा के निकट स्थित श्री जी पैलेस में आयोजित कवि गोष्ठी का। इस गोष्ठी का आयोजन देव नगरी उत्थान परिषद व टॉप फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि श्याम बाबू शुक्ला विमल ने तुलसी दास जी के बारे में प्रचलित मनगढ़ंत कथा कहानियों को गलत बताते हुए सही तथ्य प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि अंशुमाली दीक्षित अंशु ने तुलसीदास जी के बारे में सुंदर जानकारियां दीं। काव्यपाठ करते हुए मनमोहक सुर की मालिका गीता राठौर गुंजन ने सावन गीत गाया

**ओ सजना सावन में देखो ,चलती शीत बयार**

नैन तुम्हारे दरश को तरसे , आन मिलो इक बार। संचालन कर रहीं ओज की कवयित्री संजीता सिंह ने सुनाया वक्त मुश्किल भी है तो क्या , डगर मुश्किल भी है तो क्या , सूरज उनका भी डूबा जिनका डूबता न था, खुद को समझे थे सिकन्दर भी तो क्या? युवा कवि प्रदीप मिश्र ने पूरनपुर का वर्णन अपनी रचना में किया तो विकास आर्य स्वप्न ने अपने हास्य के मुक्तकों से सबको हंसाया तो उनके सुंदर गीतों पर सभी झूमने को विवश हो गए। कवयित्री डाक्टर नीराजना शर्मा नीर ने तुलसी महिमा कुछ इस तरह गाई मानस के पावन सागर में मज्जन करवाया है जिसने।जीवन की सभी वृत्तियों का दर्शन करवाया है जिसने।माता हुलसी और पिता आत्माराम के घर के लाल हुए।

वे विप्र शिरोमणि राम चरित लिख जय जय तुलसीदास हुए।इससे पहले वरिष्ठ कवि डाक्टर ऊदल राम मीत ने अपने छंदों व मुक्तकों से समा बांधा। उनका गया हुआ मल्हार काफी पसंद किया गया। कवि व पत्रकार सतीश मिश्र अचूक ने काव्यपाठ करते हुए सावन, महीने के त्यौहार व शिव जी के बारे में कुंडलियां व छंद प्रस्तुत किए। उन्होंने अपनी नई पुस्तक अचूक की प्रकीर्ण रचनाएं की प्रतियां भी सभी कवि व साहित्यकारों और श्रोताओं को भेंट कीं गोष्ठी में विपिन मिश्र, मणिकांत, हर्षित, प्रदीप सिंह मुखिया सहित कई लोग मौजूद रहे है।

## जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने नगर क्षेत्र के अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शौचालय, किचन, भोजन कक्ष, प्रकाश व्यवस्था, रसोई की संख्या, फर्नीचर की उपलब्धता आदि व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 100 में से 95 छात्राएं उपस्थित पाई गई। उन्होंने छात्राओं से वार्ता करते हुये सम्बन्धित को उनका लक्ष्य स्पष्ट कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जाए। छात्राओं के खेलने के मैदान से जल निकासी हेतु समुचित व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। खेल मैदान में खराब लाईटों को दुरुस्त कराए जाने हेतु निर्देशित किया। नालियों से जल निकासी के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को पुलिया निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए। विद्यालय में जल भराव की समस्या के दृष्टिगत इंटरलॉकिंग कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। वार्डन द्वारा विद्यालय में जिलाधिकारी से वाटर कूलर लगवाए जाने की मांग की, जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को उक्त कार्य कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आठवीं कक्षा से पास छात्राओं के नामांकन हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया जाये। उन्होंने शौचालय की खराब स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि नये बाथरूम तथा शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के पश्चात पूर्व में प्रयोग किए जा रहे शौचालय का प्रयोग बन्द कर दिया जायेगा। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, शिक्षिकाएं, वार्डन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## स्कूलों के आसपास मंडराने वाले मनचलों और शोहदों की खैर नही : कंचन सिंह

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिला थाना अमेठी की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह द्वारा एंटीरोमियो अभियान के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें मनचलों शोहदों के साथ ही संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग कर दिशा निर्देश दिया गया है। महिला थानाध्यक्ष द्वारा की जा रही चेकिंग से मनचलों में खलबली मची रही।शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी गौरीगंज के नेतृत्व में जनपद के महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह मय टीम द्वारा कस्बा गौरीगंज में मनीषी इंटर कालेज व इन्दिरा गांधी पीजी कॉलेज के आसपास मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया तथा संदिग्धों की चेकिंग की गयी। महिला थानाध्यक्ष कंचन सिंह ने कहा कि आप सबकी सुरक्षा में पुलिस सदैव तत्पर है अगर आपको कहीं भी असुविधा नजर आती है तो स्थानीय पुलिस को जरुर अवगत करायें पुलिस द्वारा आपकी हरसंभव मदद की जायेगी।

## अमेठी में मत्स्य पालकों के लिये मत्स्य बीज उपलब्ध

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग अनिल कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि ग्राम भोजपुर विकास खण्ड भादर स्थित मत्स्य बीज विकास निगम की हैचरी से उच्च गुणवत्ता का मत्स्य बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के ऐसे मत्स्य पालक जो तालाबों या अन्य जल स्रोतों में मत्स्य पालन की योजना बना रहे हैं वह सीधे हैचरी से संपर्क कर मत्स्य बीज प्राप्त कर सकते हैं। यह बीज वैज्ञानिक पद्धति से तैयार किया गया है, जिससे मछलियों की वृद्धि दर बेहतर होती है और उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी संभव होती है।

## सीएचसी में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के सेवानिवृत्त होने पर फूल मालाओं से किया स्वागत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लम्बे समय तक स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे सी बी सिंह चौहान गुरुवार को सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ ही बहादुरपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत अन्य तमाम स्वास्थ्य कर्मियों ने अंगवस्त्र भेंटकर फूल मालाओं से स्वागत किया और उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुये कहा कि उन्होंने निष्ठा लगन और ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई है। सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने कहा कि वह अनुशासन में रहते हुये सभी कर्मचारियों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण रवैया रखते थे। बहादुरपुर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश कुमार सिंह ने कहा कि चौहान का कार्यकाल अत्यंत सराहनीय रहा विशेष रूप से कोरोना काल में उन्होंने अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ निभाया इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ अभिषेक शुक्ला, ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार सिंह, संजय सिंह, शुभम सिंह, पंकज सिंह, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. सचिन सिंह सहित समस्त स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर युवक की मौत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शाहजहांपुर जनपद के गांव सिंगापुर निवासी पंकज मौर्या 22 वर्ष पुत्र हजारीलाल पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर में बुआ के घर नामकरण की दावत में आया था।पंकज दावत में शामिल होने के बाद गुरुवार रात लगभग 8 बजे घर वापस लौट रहा था। तभी पीलीभीत खुटार नेशनल हाईवे पर सबलपुर खास के पास मेन अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शुक्रवार शाम चार बजे कोतवाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी

## सड़क हादसें में 7 लोग घायल सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव महंद खास की रहने वाली कविता देवी पत्नी प्यारेलाल शुक्रवार दोपहर लगभग दो बजे अपनी पुत्री मधु को साथ लेकर ई रिक्शा से घर वापस जा रही थी। तभी महंद खास मोड़ पर बाइक ई रिक्शा की टक्कर हो गई। जिसमें कविता देवी व पुत्री मधु एवं ई रिक्शा चालक गयादीन निवासी मोहल्ला कायस्थान और बाइक चालक दिनेश कुमार निवासी मोहल्ला कायस्थान घायल हो गए। वहीं दूसरे हादसा सिरसा रोड का है जहां एक बाइक दो बाइकों को टक्कर मारकर फरार हो गया। जिसमें रामवीर व अशोक निवासी सुआवोझ और रामदीन निवासी मोहल्ला गनेशगंज घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ डॉक्टर ने उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# सीओ को अन्नदाता किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। अन्नदाता किसान यूनियन ने शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया। कि गुरुवार शुक्रवार की मध्यरात्रि लगभग 2:30 पर दो अज्ञात व्यक्ति पुलिस की वर्दी में हाथ में तमंचा लेकर अन्नदाता किसान यूनियन के जिला महासचिव दविंदर सिंह उर्फ हैरी निवासी बारी बुझिया भोपतपुर थाना सेहरामऊ की छत पर चढ गए। दोनों अज्ञात व्यक्ति सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। जहां एक और जनपद में इस समय चोरों की अफवाह से लोग परेशान हैं और रात-रात जागकर गुजार रहे हैं। उसके बाद भी ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। वहीं किसान यूनियन ने उक्त लोगों पर संदेह जाते हुए मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## ट्रांस क्षेत्र शारदा की समस्याओं को लेकर मंजीत सिंह ने विधायक संग मुख्यमंत्री से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।विधायक बाबूराम पासवान व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनजीत सिंह ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया मुख्यमंत्री के आदेश पर विस्थापित परिवारों को उनकी भूमि का मालिकाना हक मिलने जा रहा है, मनजीत सिंह ने बताया कि ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टाटरगंज, बमनपुर ,भागीरथ व बैलहा के 800 किसान परिवारों की बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई कि यह परिवार पिछले 60 साल से उक्त ग्रामों में इस जमीन को जोतते चले आ रहे हैं, और यह ही काबिज हैं इससे पूर्व जो लोग 60 साल पहले इस जमीन को बेचकर चले गए थे उन लोगों ने प्रशासन को गुमराह करके अपना सर्वे करवा लिया है इस बात का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए उक्त ग्रामों में काबिज किसान परिवार को 60 साल से जमीन को जोतते चले आ रहे हैं उनके सर्वे करने के आदेश दिए मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि ट्रांस शारदा क्षेत्र की 17 ग्राम पंचायत में कोई भी डिग्री कॉलेज नहीं है यहां के छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने के लिए कठिनाइयां होती हैं इसका भी संज्ञान लेकर माननीय मुख्यमंत्री ने संबंधी अधिकारी को निर्देश दिया है, श्री सिंह ने बताया मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस समय ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम श्रीनगर व राहुल नगर में शारदा नदी द्वारा किसानों की जमीनों व फसलो का कटान हो रहा है श्रीनगर में व राहुल नगर में कटान रोकने व बरसात के बाद पक्की ठोके बनाने के लिए मुख्यमंत्री जी से मांग की है।इस पर भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उचित कदम उठाने के निर्देश दिए पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनजीत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के सकारात्मक रुख और त्वरित निर्देशों से ट्रांस शारदा क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जगी है। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और कहा कि यह मुलाकात सिर्फ शिकायत नहीं, समाधान की दिशा में एक मजबूत कदम था ।

## नगर से सटी एक कॉलोनी मे हुई चोरी की घटना निकली झूठी

पूरनपुर।पूरनपुर से सटी पंकज कॉलोनी की रहने वाली महिला ने देर रात चोरी का शोर मचा दिया जिससे कालोनी के रहने वाले तमाम लोग हाथों में लाठी डंडा लेकर दौर पड़े लोगो के पहुंचने पर महिला ने बताया कि पेड़ के सहारे घर में घुसे चोरों ने गले से सोने का हार उड़ा लिया विरोध करने पर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। जानकारी लगते ही खलबली मच गई। दर्जनों ग्रामीण महिला के साथ कोतवाली पहुंचे और कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी तमंचे के बल पर सोने का हार छीनने का आरोप लगाया था। घटना को लेकर काफी भीड़ जमा हो गई थी। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई थी। जांच पड़ताल में मामला फर्जी पाया गया है। पुलिस अफवाह उड़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है। इन दिनों शहर से लेकर गांव चोर का शोर मचा जाता है। इसको लेकर ग्रामीण लाठी डंडा लेकर घरों से निकलकर गलियों और सड़कों में पहुंच जाते हैं। जमकर हल्ला होने से रात में लोग सो भी नहीं पा रहे हैं घटना को लेकर काफी संख्या में मोहल्ले के लोग पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में खड़े पेड़ों के काटने की बात कह रहे हैं।

# पेंशन विहीनों ने निकाला रोष मार्च

## पुरानी पेंशन बहाली के साथ विद्यालय युग्मन का किया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। आज 1 अगस्त को अटेवा सुल्तानपुर ने तिकोनिया पार्क में अटेवा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर छच्चै न्चै निजीकरण के खिलाफ और पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में एक सभा की। सभा में जनपद के हजारों शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे। सभा को विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। प्राथमिक संघ के राजेंद्र पांडे, दिनेश उपाध्याय, कृष्ण कुमार सिंह, जूनियर संघ के रणधीर सिंह, देवेंद्र तिवारी, फार्मासिस्ट संघ के लक्ष्मण स्वरूप के साथ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अशोक सिंह, जेबज के वैभव सिंह और अटेवा के लगभग सभी क्षेत्रीय अध्यक्ष मंत्री ने अपनी बात रखी। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में सरकार से रोष व्यक्त किया और विद्यालय युग्मन के साथ समायोजन का पुरजोर विरोध किया। सभी वक्ताओं ने बताया कि जिस तरह सरकार है अपने कदम पीछे खींच रही है, उसे अपना आदेश ही वापस लेने पर शिक्षक कर्मचारी मजबूर कर देगा। सभा का संचालन अटेवा जिलाध्यक्ष अशोक सिंह गौरा ने किया। अंत में सभा समाप्त कर सभी शिक्षक कर्मचारी रोष मार्च के लिए तिकोनिया पार्क से बाहर निकले और डाकखाना चौराहे से गंदा नाला रोड होते हुए जिला अस्पताल के सामने से बस अड्डे की ओर आजाद मूर्ति से मुड़कर पुनः जिलाधिकारी कार्यालय की ओर अग्रसर हुए। अंत में जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन किया।

## राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बार एसोसिएशन होगा मजबूत

सुलतानपुर। वरिष्ठ अधिवक्ता राघवेन्द्र प्रताप सिंह बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व दिनेश दूबे महासचिव निर्वाचित हुए। शुक्रवार को भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी, समाजसेवी हनुमान त्रिपाठी व सोहगौली के डॉ संजय प्रधान ने दीवानी पहुंचकर राघवेन्द्र प्रताप सिंह की शानदार जीत पर उन्हें और बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह को फूल माला पहनाकर बधाई दी। बधाई देते हुए विजय सिंह रघुवंशी ने कहा वह प्रखर अधिवक्ता है। उनके सरल, सहज और सर्वसुलभ स्वभाव के कारण उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बार एसोसिएशन मजबूत होगा और अधिवक्ताओं के लिए और कल्याणकारी कार्य होंगे। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को भी बधाई दी गई।इस मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष काशी प्रसाद शुक्ला, धीरु सिंह, मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता मुस्ताक अहमद,संगीता गुप्ता, सुभद्रा श्रेष्ठ, सुमन शुक्ला, प्रिया सिन्हा, मानवेन्द्र सिंह थौरी,अशोक कुमार सिंह, राजेन्द्र सिंह,इन्द्र बहादुर सिंह एवं धीरेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## ट्रंप का टैरिफ युद्ध

राष्ट्रपति पद संभालने के तुरंत बाद डोनाल्ड ट्रंप ने संरक्षणवादी एजेंडे के साथ ही चीन, कनाडा व मैक्सिको पर भारी-भरकम टैरिफ थोपकर व्यापार युद्ध की शुरुआत कर दी है। ट्रंप के फैसले से वैश्विक बाजारों में भूचाल है। इन तीनों देशों द्वारा इसका जबाब देने की घोषणा से विश्व व्यापार युद्ध शुरू होने की आशंका पैदा हो गई है। दरअसल, अमेरिका ने अपने शीर्ष व्यापारिक सहयोगी कनाडा व मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीनी सामानों पर 10 प्रतिशत टैफिक थोपकर उन्हें आर्थिक प्रतिशोध हेतु बाध्य कर दिया है। कनाडा ने अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है तो मैक्सिको भी ऐसा मन बना रहा है। वहीं चीन पिछली टैरिफ लड़ाइयों से परेशान होकर रणनीतिक प्रतिशोध को तैयार है। वह इस मामले को विश्व व्यापार संगठन तक ले जाने की बात कर रहा है। हालांकि, भारत फिलहाल ट्रंप की संरक्षणवादी कार्रवाई से बचा नजर आता है। भारत ने टैरिफ कटौती की दिशा में कदम उठाते हुए ट्रंप के उस टैरिफ दुरुपयोग के आक्षेप से बचने का प्रयास किया है, जिसको लेकर ट्रंप भारत को निशाने पर लेते हैं। दरअसल, भारत में शीर्ष तीस अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क मसलन कच्चे पेट्रोलियम से लेकर हार्ले-डेविडसन मोटर साइकिल तक पर मामूली टैरिफ हैं। निस्संदेह, यह रणनीतिक कदम न केवल तत्काल अमेरिकी प्रतिशोध को रोकता है बल्कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला में एकीकृत होने के लिये भारत की प्रतिबद्धता का भी संकेत देता है। जैसा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में रेखांकित किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत अमेरिकी व्यापार घाटे में केवल 3.2 प्रतिशत का ही कारक है। इसकी वजह यह भी है कि भारत के तेजी से बढ़ते फार्मास्युटिकल और कीमती धातुओं के निर्यात फिलहाल कमजोर बने हुए हैं। यह अच्छी बात है कि ट्रंप ने पहले टैरिफ वार से भारत को राहत दी है, लेकिन वैश्विक व्यापार युद्ध से भारत में विदेशी निवेश प्रभावित हो सकता है। असर रुपये की सेहत पर भी पड़ेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी अमेरिका यात्रा से द्विपक्षीय व्यापार खिड़की खुलने की संभावना है। वहीं ट्रंप की इस कार्रवाई का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि सामान पर टैरिफ बढ़ाए जाने से चीनी उत्पाद महंगे होंगे, तो भारतीय निर्यातक अमेरिका बाजार में नये अवसर तलाश सकते हैं। खासकर कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटो पार्ट्स के क्षेत्र में। लेकिन इसके बावजूद भारत को सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए। इस टैरिफ जंग का एक पहलू यह भी कि अमेरिका में उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। ट्रंप ने अमेरिकी लोगों को मुश्किल समय के लिये तैयार रहने के लिये कहा है। आशंका है कि इससे भारत के सबसे बड़े निर्यात बाजारों में से एक में मांग कम हो सकती है। वहीं दूसरी ओर कोई भी अमेरिकी व्यापारिक प्रतिबंध अंततरू भारत के प्रमुख उद्योगों को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, हमने उभरते वैश्विक आर्थिक युद्ध से बचने के लिये व्यावहारिक टैरिफ रणनीति को अपनाया है, लेकिन अभी भी बड़े वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंका खत्म नहीं हुई है। हालिया केंद्रीय बजट में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने टैक्स में छूट देकर मध्य वर्ग को खुश तो किया है, लेकिन ट्रंप के व्यापार युद्ध की घोषणा से भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ऐसे में भारत को व्यापार संतुलन को बनाये रखने और ग्लोबल इकॉनमी पर संभावित नकारात्मक प्रभाव के लिये तैयार रहना होगा। आशंका है कि कनाडा, मैक्सिको व चीन के बाद ट्रंप यूरोप को भी निशाने पर ले सकते हैं। एक अनिश्चितता पैदा हुई है कि यह टैरिफ युद्ध कितना और किस दिशा में बढ़ता है। आर्थिक विशेषज्ञ कयास लगा रहे हैं कि मोदी की अमेरिका यात्रा में ट्रंप भारत से व्यापार असंतुलन दूर करने को कह सकते हैं। वहीं दूसरी ओर भारत अमेरिका से आधुनिक अस्त्र, कच्चा तेल व प्राकृतिक गैस तथा कृषि उत्पाद आयात बढ़ाकर टैरिफ युद्ध की छाया से बच सकता है। बाकी कुछ ट्रंप की प्राथमिकताओं पर भी निर्भर करेगा। लेकिन साथ ही भारत को विश्व व्यापार संगठन के सभी देशों के लिए समान टैरिफ नियम का भी पालन करना होगा। आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य भी सामने हैं।

## मालेगांव विस्फोट एवं भगवा पर कलंक की साजिश

**भगवा आतंकवाद शब्द का पहली बार प्रयोग उस समय के कुछ कांग्रेसी नेताओं ने किया, जिनका उद्देश्य स्पष्ट था, वोटबैंक की तुष्टिकरण नीति, मुस्लिम समाज को डराकर एकतरफा धू्रवीकरण और हिंदू संगठन व सनातन मूल्यों को कलंकित करना। इसका परिणाम हुआ कि वर्षों तक निर्दोष लोग जेल में सड़ते रहे। साध्वी प्रज्ञासिंह ठाकुर को एक संन्यासी जीवन से घसीट कर हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और उनके आध्यात्मिक जीवन को ध्वस्त कर दिया गया। सवाल यह है कि जब सबूत नहीं थे, तब उन्हें जेल में रखने की ज़रूरत क्यों पड़ी? क्यों जांच एजेंसियों ने बेसिर-पैर की कहानियों को सच मान लिया?**

29 सितंबर 2008 को मालेगांव में हुए बम विस्फोट की न्यायिक परिणति ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि कैसे सत्ता, वोटबैंक और वैचारिक पूर्वाग्रहों ने भारतीय न्याय और निष्पक्षता की नींव को झकझोर दिया। मुंबई की एनआईए कोर्ट द्वारा सातों आरोपियों-प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित को सबूतों के अभाव में बरी कर देना न केवल कानूनी दृष्टि से एक महत्वपूर्ण फैसला है, बल्कि यह उस भगवा आतंकवाद की मिथ्या कथा पर भी करारा प्रहार है जिसे वर्षों तक कांग्रेस ने राजनीतिक मंचों और मीडिया के जरिए प्रचारित किया गया। यह कांग्रेस की फर्जी कहानी का अंत एवं सत्य की जीत का एक अमूल्य आलेख है। अदालत का यह वक्तव्य कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं कर सकता', भारतीय संस्कृति और न्यायशास्त्र की मूल आत्मा को पुनः जीवित करता है। यह वही भारत है जहां 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' और 'अहिंसा परमो धर्मः' की गूंज होती रही है, लेकिन दुर्भाग्यवश 2008 के बाद हिंदू धर्म, हिंदुत्व और भगवा पर ऐसा कलंक मढ़ा गया मानो वे आतंकवाद के स्रोत हों। मालेगांव विस्फोट मामले में एनआइए की विशेष अदालत उस नतीजे पर पहुंची, जिस पर बांबे हाई कोर्ट ट्रेन विस्फोट कांड की सुनवाई करते हुए पहुंचा था। ऐसा कई आतंकी घटनाओं के मामलों में हो चुका है। इससे यही पता चलता है कि कभी जांच एजेंसियां, कभी अदालतें और कभी दोनों अपना काम सही तरह और समय पर नहीं करतीं। जांच और फिर अदालती कार्यवाही में देरी तथा ढिलाई एक बड़ा रोग है। आतंक के मामलों की जांच में यह भी कोई दबी-छिपी बात नहीं कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं वोट बैंक बाधा बनते हैं। आतंकी घटनाओं को राजनीतिक रंग दिया जाता है। मालेगांव विस्फोट कांड में प्रज्ञा ठाकुर, सुधाकर द्विवेदी आदि की गिरफ्तारी के आधार पर हिंदू और भगवा आतंक का जुमला उछाला गया। इसका मकसद कथित भगवा आतंक को जिहादी आतंक जैसा बताना था। यह हिंदू ही नहीं, देश विरोधी साजिश थी। इसका लाभ पाकिस्तान को मिला, क्योंकि कांग्रेस के कई नेताओं ने समझौता एक्सप्रेस कांड पर भी एजेंसियों के सहारे भगवा आतंक की फर्जी कहानी गढ़ी। भगवा आतंकवाद शब्द का पहली बार प्रयोग उस समय के कुछ कांग्रेसी नेताओं ने किया, जिनका उद्देश्य स्पष्ट था, वोटबैंक की तुष्टिकरण नीति, मुस्लिम समाज को डराकर एकतरफा धू्रवीकरण और हिंदू संगठन व सनातन मूल्यों को कलंकित करना। इसका परिणाम हुआ कि वर्षों तक निर्दोष लोग जेल में सड़ते रहे। साध्वी प्रज्ञासिंह ठाकुर को एक संन्यासी जीवन से घसीट कर हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और उनके आध्यात्मिक जीवन को ध्वस्त कर दिया गया। सवाल यह है कि जब सबूत नहीं थे, तब उन्हें जेल में रखने की ज़रूरत क्यों पड़ी? क्यों जांच एजेंसियों ने बेसिर-पैर की कहानियों को सच मान लिया? क्यों मीडिया ने बिना परीक्षण के 'हिंदू आतंकवाद' की ब्रेकिंग न्यूज़ चला दी? यह वही मानसिकता थी जो आतंकवाद को धर्म से जोड़कर एक खास समुदाय को डराने और एक संप्रदाय को बदनाम करने में लगी थी। यह कांग्रेस का एक षडयंत्र एवं साजिश थी जो अब पर्दापाश हो गयी है। कांग्रेस शासित प्रांत में सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया गया। मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी। धमाके में 100 से अधिक घायल हुए थे। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया है। यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर बाइक पर लगाए गए बम से हुआ था। कोर्ट ने कहा, श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले वह साध्वी प्रज्ञा के पास थी। इससे पहले सुबह सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र न्यायालय पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। आरोपी जमानत पर बाहर थे। मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था। इस पूरे प्रकरण में न्यायपालिका की देरी और जांच एजेंसियों की लापरवाही स्वयं अदालत द्वारा उजागर की गई। अदालत ने कहा कि ना तो घटनास्थल का स्केच बनाया गया, ना फिंगरप्रिंट लिए गए, ना बम के सटीक स्रोत की पुष्टि हुई और ना ही आरोपियों के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष प्रमाण था। अभियोजन पक्ष ने जिस मोटरसाइकिल को बम के लिए इस्तेमाल होने की बात कही थी, वह भी प्रज्ञा ठाकुर से जुड़ी नहीं पाई गई। यह सब कुछ बताता है कि पूरा केस पूर्वग्रहों, दुर्भावना और राजनीतिक साजिश से प्रेरित था। यदि न्याय के नाम पर निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जाए, तो वह केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि समस्त समाज और संस्कृति को दंडित करने जैसा होता है। प्रश्न यह उठता है-तो क्या अब तक इन आरोपियों को गलत तरीके से आतंकवादी घोषित कर वर्षों तक सलाखों के पीछे रखा गया? हिंदू धर्म और आतंकवाद-ये दो शब्द आपस में मेल नहीं खाते। सनातन संस्कृति का मूल आधार ही शांति, सहिष्णुता और करुणा है। विश्व में यदि कोई धर्म ऐसा है जिसने 'युद्ध नहीं, यज्ञ', 'हिंसा नहीं, अहिंसा' का मार्ग दिखाया है, तो वह हिंदू धर्म है। राम, कृष्ण, महावीर, बुद्ध, विवेकानंद और गांधी-इन



सभी की परंपरा में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं। 'भगवा आतंकवाद' एक गढ़ा गया मिथक था, जो ना केवल हिंदू समाज को कलंकित करता है, बल्कि भारत की आत्मा को भी चोट पहुंचाता है। भगवा वस्त्र तो त्याग, तपस्या और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। उसे बम और खून से जोड़ना स्वयं भारतीयता के खिलाफ साजिश है। इस फैसले ने जहां एक ओर निर्दोषों को न्याय दिया, वहीं दूसरी ओर यह देश के जनमानस को आत्ममंथन का अवसर भी देता है, क्या हम इतनी आसानी से किसी को भी आतंकवादी घोषित कर देंगे? क्या हम किसी राजनीतिक विचारधारा के विरोध के कारण पूरे धर्म को कटघरे में खड़ा कर देंगे? क्या धर्म का दुरुपयोग कर वोटबैंक की राजनीति करते रहेंगे? साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की प्रतिक्रिया-ल्लआज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई हैङ्क इस बयान में उनके दर्द एवं यथार्थ को समझने की आवश्यकता है। यह केवल एक साध्वी की व्यक्तिगत मुक्ति की खुशी नहीं, बल्कि उन करोड़ों लोगों की आवाज़ है जिनके लिए भगवा आस्था और अस्मिता का प्रतीक है। वर्षों तक मीडिया ने इस मामले को सनसनीखेज बनाकर 'हिंदू आतंकवाद' को ग्लैमराइज किया। प्राइम टाइम पर भगवा को हिंसा से जोड़ना, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को 'संदिग्ध आतंकी' की तरह चित्रित करना और बिना न्यायिक पुष्टि के चरित्रहनन करना, पत्रकारिता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ था। वहीं, तथाकथित बुद्धिजीवियों एवं देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी ने भी इस मामले में एकतरफा विचारधारा के चलते भगवा को 'खतरा' घोषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसे लोगों से अब यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या आप सार्वजनिक रूप से माफी मांगेंगे? मालेगांव विस्फोट मामले में आया फैसला केवल न्यायिक विजय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण का प्रतीक है। यह भारत की न्याय प्रणाली, समाज की सहिष्णुता और धर्म की शुद्धता का प्रमाण है। आज समय है, जब राष्ट्र को यह समझना चाहिए कि धर्म को आतंक से जोड़ना स्वयं एक मानसिक आतंक है। सत्य को स्वीकारने का साहस कीजिए, क्योंकि न्याय तभी पूर्ण होता है जब उसमें निष्पक्षता, संवेदना और सत्य का साथ हो। यह मामला दर्शाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पस्त या पराजित नहीं। सत्यमेव जयते- यह सत्य की जीत है, सनातन की जीत है। भगवा वस्त्रों पर लगे झूठे दाग अब धुल चुके हैं, अब समय है संस्कृति के गौरव को फिर से स्थापित करने का। **-ललित गर्ग**

## शक्ति दंभ और सनकी राजा

**सुधाकर आशावादी**

**सनक विवेक हर लेती है। किसी भी सनकी राजा के चाल, चरित्र और चेहरे को समझना सरल नही होता। यूँ तो सभी के सभी दिन सदा एक से नहीं रहते तथा कर्म प्रधान जीवन चर्या में सातों दिन भगवान के क्या मंगल क्या पीर, जिस दिन सोया देर तक भूखा रहा फकीर जैसी सीख दी जाती है।**

संसार में अनेक ऐसे सनकी राजा हुए हैं, जिन्होंने मनमाने निर्णय लेकर प्रजा को खूब तंग किया है। किसी ने अपनी सनक में चमड़े के सिक्के चलाकर राज्य की अर्थ व्यवस्था चलाई, तो किसी ने अपनी सनक में अपने राज्यों को अकारण युद्ध में झोंक दिया। इसका एक अर्थ यही निकलता है कि सनक तानाशाही का प्रतिनिधित्व करती है। सनक विवेक हर लेती है। किसी भी सनकी राजा के चाल, चरित्र और चेहरे को समझना सरल नही होता। यूँ तो सभी के सभी दिन सदा एक से नहीं रहते तथा कर्म प्रधान जीवन चर्या में सातों दिन भगवान के क्या मंगल क्या पीर, जिस दिन सोया देर तक भूखा रहा फकीर जैसी सीख दी जाती है। ऐसे में कोई भी शक्तिशाली देश हो या शक्ति सम्पन्न व्यक्ति, कभी उसे जीवन में अच्छे दिनों का भान होता है तो कभी दुर्दिनों का। वैभवशाली जीवन जीने वाला भी कभी कभी अभावग्रस्त जीवन जीने के लिए बाध्य हो जाता है। मैंने अनेक ऐसे बलशाली पहलवानों को देखा है, जो शक्ति दंभ में अपने सामने हर व्यक्ति को कमजोर और बौना समझते थे, फिर एक समय ऐसा भी आया, कि जब पहलवान को गली के दुर्बल लड़के से भी डरते देखा। तब समझ में आया कि शक्ति का दंभ व्यक्ति की सोचने समझने की शक्ति समाप्त कर देता है। यह स्थिति सभी पर लागू होती है। सत्ता एवं शक्ति के नशे में चूर कोई शासक यदि स्वयं को चक्रवर्ती एवं भूमंडल का सम्राट समझने लगे, तो उसकी अल्प बुद्धि पर तरस आना स्वाभाविक होता ही है। आधुनिक समय में भी एक सामान्य व्यापारी को एक समृद्ध राज्य की राजगद्दी क्या मिली, वह अपने आपको चक्रवर्ती सम्राट समझने लगा। फिर क्या था, उसने अन्य राज्यों को धमकाना शुरू कर दिया, कि या तो मेरे राज्य से व्यापार करो, मेरी अधीनता स्वीकार करो, अन्यथा मेरे कोप के भागी बनो। कुछ राज्य उसकी गीदड़ भभकी में आ गए, कुछ ने उसके विरुद्ध कठोर तेवर दिखाने शुरू कर दिए । एक ने कहा - ल्लतुम अपने आप को चक्रवर्ती सम्राट समझते हो, हमें कोई आपत्ति नही है, मगर दूसरे के घर में झांकना बंद करो। दूसरे ने कहा - स्वाभिमान से कोई समझौता नहीं, हम किसी के ग़ुलाम नही हैं, जो किसी भी सनकी राजा की सनक को स्वीकार करें। किसी ने सनकी राजा को खरी खोटी सुनाई तथा कहा-अपनी दादागिरी दिखाना बंद करो, सत्ता मद में इतने भी चूर मत रहो, कि अपनी मर्यादा ही भूल जाओ। दादागिरी लम्बे समय तक नहीं चलती। जब सत्ता से उतर जाओगे तो कोई बात करना भी पसंद नही करेगा। सनकी राजा ठहरे सनकी, जो सनक एक बार दिमाग़ के घोड़े पर सवार हो जाए तो उतरे कैसे। किसी को अपना मित्र कह कर पीठ में छुरा भोंकने से भी परहेज़ क्यों करे। वैसे भी राज काज और सियासत में कोई किसी का सगा नही होता। राज काज की सीख में यह पहला अध्याय होता है, जिसे राजा और वज़ीर पढ़ते ही हैं। राज्य का संचालन करने के लिए न काहू से दोस्ती न काहू से बैर की नीति अपनानी जरुरी होती है। तिस पर भी प्रतिस्पर्धा के युग में कोई किसी पर विश्वास करे, सनकी राजा को उसकी सनक का समुचित उत्तर न दे, तो इसमें दोष सनकी राजा का नही, बल्कि सनकी राजा की सनक को न समझने वालों का ही माना जाएगा।

### सेहत मंत्र

## 100 ग्राम अनार का जूस आपका बीपी रखेगा कंट्रोल, हाइपरटेंशन की टेंशन होगी दूर


लांसेट जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, दुनियाभर में ह्रदय संबंधी बीमारियों से सबसे ज्यादा लोगों की मौत होती है। इस बात को स्वीकार करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए कि हम हमेशा थोड़ी देर से अपने दिल की देखभाल करना शुरू करते हैं। सभी जानते हैं कि दिल संबंधी बीमारियां उम्र की एक सीमा के बाद शुरू होती है। हालांकि सच ये भी है कि बहुत से युवा अब खराब हृदय स्वास्थ्य की शिकायत करने लगे हैं। इतना ही नहीं युवाओं को अब हाइपरटेंशन या फिर हाई बीपी की शिकायत रहने लगी है। हाई ब्लड प्रेशर को एक ऐसी स्थिति के रूप में परिभाषित किया गया है कि जब हमारी धमनियों में ब्लड का दबाव बहुत ज्यादा हो जाता है। जरूरी उपायों और रोकथाम के तरीके की कमी हालात को और खराब बना देती है और स्ट्रोक का कारण बन सकती है। जब बात डाइट की आती है तो हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को अपनी डाइट को लेकर थोड़ा अधिक सतर्क रहने की जरूरत होती है। तला, नमकीन या अधिक मसालेदार खाना खाने से आपका ब्लड प्रेशर लेवल बढ़ सकता है। अगर आपका ब्लड प्रेशर अधिक रहता है तो आपको जंक फूड या प्रोसेस्ड फूड से दूर रहने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि इनमें कोलेस्ट्रोल और सोडियम की मात्रा अधिक होती है। सोडियम की उच्च मात्रा वाले फूड शरीर में पानी के संतुलन को बिगाड़ते हैं और रक्त वाहिकाओं पर अतिरिक्त दबाव बनाते हैं, जिसके कारण रक्त का सही प्रवाह बाधित होता है। हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को अधिक फाइबर वाला फूड या पोटेशियम युक्त फूड खाना चाहिए। पोटेशियम, सोडियम के बुरे प्रभावों को कम करने में मदद करता है। यह छोटी रक्त वाहिकाओं को बड़ा करने वाली औषधि के रूप में काम करता है। यह पेशाब बनाने का काम करता है, जो कि आपके शरीर से अतिरिक्त सोडियम को बाहर निकालने में मदद करता है।100 ग्राम अनार में 236 मिलीग्राम पोटेशियम होता है। इसके अलावा ये आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी है।

### धर्म मंत्र

## जटोली शिव मंदिर के पत्थरों को थपथपाने से आती है डमरु की आवाज

भारत में कई ऐसे मंदिर हैं, जिनके पीछे कई पौराणिक कथाएं और रोचक तथ्य सुनने को मिलते हैं। ऐसा ही एक मंदिर जटोली का शिव मंदिर है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित भगवान शिव-शंकर का यह मंदिर न सिर्फ भारत बल्कि एशिया का सबसे ऊंचा मंदिर है। इस मंदिर की ऊंचाई करीब 111 फुट है। साल 2013 में इस मंदिर को दर्शनार्थ के लिए खोला गया था। इस मंदिर में भगवान शिव का आशीर्वाद पाने के लिए दूर-दूर से भक्त पहुंचते हैं।  वहीं महाशिवरात्रि के दिन इस मंदिर में पैर रखने की भी जगह नहीं होती है। वहीं वास्तुकला की दृष्टि से भगवान शिव का यह मंदिर काफी अद्भुत है। राजगढ़ रोड पर भगवान शिव का जटोली मंदिर स्थित है। यह सोलन से करीब 8 किमी दूर है। इस मंदिर की हैरान करने वाली बात यह है कि मंदिर के पत्थरों को थपथपाने से डमरू की आवाज आती है। इस मंदिर का निर्माण दक्षिण-द्रविड़ शैली में किया गया है। बताया जाता है कि इस मंदिर को बनाने में पूरे 39 साल का समय लगा था। जटोली मंदिर के ऊपरी छोर पर 11 फुट ऊंचा सोने का कलश भी स्थापित है। यह कलश मंदिर की सुंदरता को बढ़ाने का काम करता है। जटोली मंदिर की मान्यता के अनुसार इस मंदिर में भगवान शिव आए थे। वह इस मंदिर के कुछ समय के लिए रुके थे। जिसके बाद सिद्ध बाबा श्रीश्री 1008 स्वामी कृष्णानंद परमहंस ने इस स्थान पर आकर कठिन तपस्या की थी। स्वामी कृष्णानंद परमहंस के मार्गदर्शन और दिशा-निर्देशों पर ही जटोली शिव मंदिर का निर्माण शुरू किया गया था। वहीं इस मंदिर के कोने में स्वामी कृष्णानंद की गुफा भी बनी हुई है।

### पर्यटन



## भारत का सबसे पुराना स्कीइंग डेस्टिनेशन है 'नारकंडा', जहां बिखरी है बेमिसाल खूबसूरती

हिमाचल प्रदेश में स्थित नारकंडा भारत का सबसे पुराना स्कीइंग डेस्टिनेशन है, जो समुद्र तल से लगभग नौ हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यहां की गगनचुंबी पर्वत चोटियों की सुंदरता एवं शीतल, शांत वातावरण खूब आकर्षित करता है। अक्सर जो लोग शिमला जाते हैं, वे नारकंडा अवश्य जाते हैं। दिल्ली से कालका तक ट्रेन ली और वहां से कैब। हमें कालका से नारकंडा पहुंचने में करीब छह घंटे लग गए। छह घंटे लगेंगे, सुनकर थकान-सी महसूस हुई, पर रास्ते के ढाबों पर खाते और कुल्हड़ में चाय पीते, लहलहाते पेड़ों और घुमावदार रास्तों के नजारों में बंधे, कब लंबा सफर तय हो गया, पता ही नहीं चला। पूरे रास्ते सांप जैसी बलखाती तंग सड़कों के दोनों तरफ कहीं गहरी खाइयां, तो कहीं आकाश को छूती चोटियां देख दिल धड़क उठता है। बादलों की कोख से झांकते रोशनी के कतरेः कुदरत की रंगीन फिजाओं में बसा यह छोटा-सा हिल स्टेशन आकाश को चूमती और पाताल तक गहरी पहाड़ियों के बीच घिरा हुआ है। ऊंचे रई, कैल व तोश के पेड़ों की ठंडी हवा यहां के शांत वातावरण में रस घोलती रहती है। यहां पर लोकनिर्माण विभाग तथा राज्य पर्यटन विभाग के गेस्ट हाउस व होटल हैं, लेकिन हमारी बुकिंग पहले से ही एक रिसॉर्ट में हो चुकी थी। रिसॉर्ट में ज्यादा मेहमान नहीं थे। वैसे भी यह एकदम शांत जगह पर बना हुआ है। पहुंचते-पहुंचते शाम हो गई थी। सूरज ढल गया था, इसलिए उस दिन तो कहीं बाहर घूमने जाने का सवाल ही नहीं था। रिसॉर्ट में उस रात हमने बोनफायर का मजा लिया। वहां लगे किवी के पौधे देख बड़ी हैरानी हुई। इतने सुंदर पौधे थे। नर और मादा किवी को संयोजित कर पेड़ लगाया जाता है, यह भी पता चला। सुबह जब नींद खुली तो रिसॉर्ट की खिड़की से जो नजारा दिखा, उससे मैं मंत्रमुग्ध रह गई। सूरज की किरण या कहें रोशनी के छोटे-छोटे कतरे बादलों की कोख से धीरे-धीरे झांक रहे थे।

# अवसनेश्वर मंदिर हादसे में मृतक के परिजनों को विधायक ने प्रदान की आर्थिक सहायता

## सांत्वना देने पहुंचे अफसर और जनप्रतिनिधि

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हैदरगढ़ बाराबंकी। सावन मास के तीसरे सोमवार की मध्य रात्रि अवसनेश्वर मंदिर परिसर में हुए दर्दनाक हादसे में दो शिवभक्तों की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। इस हृदयविदारक घटना में कोठी क्षेत्र के नकटा सेहेरिया गांव निवासी रमेश पुत्र स्वर्गीय राम सजीवन की भी जान चली गई थी। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत जिला प्रशासन के अधिकारियों संग मृतक के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।विधायक दिनेश रावत ने इस दुखद अवसर पर मृतक की पत्नी ललिता देवी को ?5 लाख की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा, जो उत्तर प्रदेश कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत प्रदान किया गया है। इसके साथ ही मृतक परिवार को दीर्घकालिक सहायता के रूप में कई योजनाओं का लाभ भी दिलाया गया। दो वर्षीय मासूम बच्चे को प्रत्येक माह ?4000 की आर्थिक सहायता दी जाएगी जो उसकी 18 वर्ष की आयु तक जारी रहेगी। मृतक की पत्नी को विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ, भरण-पोषण हेतु अन्य सरकारी सहायता, एवं अंत्योदय कार्ड भी उपलब्ध कराया गया है।विधायक ने कहा कि यह सहायता मात्र एक प्रारंभिक प्रयास है, राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद जारी रखी जाएगी। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि परिवार को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए ताकि उनका जीवन यथासंभव सुरक्षित और सम्मानजनक ढंग से आगे बढ़ सके।इस अवसर पर एसडीएम हैदरगढ़ मोहम्मद शम्स तबरेज खान, तहसीलदार शशांक उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष रामतीरथ, एच.एल.बी. इंटर कॉलेज कोठी के प्रबंधक संतोष कुमार, और अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।इस हादसे ने सावन के पवित्र माह की भक्ति को शोक में बदल दिया, साथ ही मंदिर प्रशासन की तैयारियों पर भी प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। जनता अब यह आशा करती है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, और धर्मस्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए।

# अभिनंदन ग्रन्थ ही नहीं एक नये ढंग की साहित्यिक मीमांसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।सैप प्रकाशन - भारत के तत्वावधान में दशहराबाग स्थित 'आशीर्वाद सदन' में 'साहित्यकार विनय दास की साहित्यिक मीमांसा' नामक पुस्तक का लोकार्पण सुप्रसिद्ध कवि-कथाकार व कृषि वैज्ञानिक डॉ. राम कठिन सिंह, प्रख्यात उपन्यासकार वीरेन्द्र सारंग, पत्रकार व कवि डॉ. सुभाष राय तथा पत्रकार अरूण सिंह के कर कमलों से संयुक्त रूप में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामनगर पी.जी. कॉलेज के पूर्व प्राचार्य व कवि डॉ. नरेश चन्द्र त्रिपाठी तथा संचालन सुप्रसिद्ध ओज के कवि पंडित राम किशोर तिवारी 'किशोर' ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि प्रो़फ़ेसर डॉ राम कठिन सिंह ने कहा कि यह पुस्तक कथाकार समालोचक विनय दास के कृतित्व और व्यक्तित्व को सम्पूर्णता में समझने की एक 'मास्टर चाबी' है। उनके 71वें जन्मदिन पर प्रस्तुत यह ग्रन्थ प्रशंसात्मक टिप्पणियों से हटकर उनके रचनाओं की मीमांसा में विश्वास व्यक्त करता है। देश के नामचीन लेखकों के इसमें लेख हैं। यह एक नये ढंग-ढर्रा का अभिनंदन ग्रन्थ है। विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र सारंग ने कहा, विनयदास का रचना कार्य व्यापक है। इसमें उनके रचनाओं की समीक्षात्मक पड़ताल के साथ उनके रचना कौशल की बानगी भी प्रस्तुत करता है। विशिष्ट अतिथि व जनसंदेश टाइम्स के संपादक डॉ0 सुभाष राय के सभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं विनय दास की सामाजिक निष्ठा व लोक की गहन जानकारी का कायल हूँ। मेरा विश्वास है कि साहित्य की दुनियां में उन्हें यह एक अलग पहचान देगी। इंडिया इन साइड पत्रिका के संपादक अरूण सिंह ने कहा कि यह पुस्तक हमें यह बताती है कि वे खड़ी बोली के ही नहीं बल्कि अवधी साहित्य में भी बड़े रचनाकार हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ.नरेश चन्द्र त्रिपाठी ने रचनाकार को बधाई देने के साथ कहा, यह पुस्तक ऐतिहासिक है। यह उनके रचनाकार्य और व्यक्तित्व के अनेकशः पहलुओं की गहनता से पड़ताल करती है। इस पुस्तक में प्रधान सम्पादक डॉ.सियाराम व संपादक आशुतोष दीक्षित, पंकज कँवल ने बड़ी कुशलता से किया है, वे बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर जनपद के साहित्यकार व गणमान्य नागरिक डॉ.विनयदास को बधाई देने के लिए भारी संख्या में आयोजन समापन तक उपस्थित रहे।

**''मीमांसा'' नये ढंग-ढर्रा का अभिनंदन ग्रन्थ : डा.राम**

# रामेश्वरम सिटी समेत चार अवैध प्लाटिंग पर गरजा एलडीए का बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। एलडीए द्वारा अवैध प्लाटिंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को गोसाईंगंज क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने रामेश्वरम सिटी समेत कुल चार अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान साइट पर बनाई गई सड़कें, नालियां, बाउंड्रीवाल और साइट ऑफिस को बुलडोजर चलाकर पूरी तरह से तोड़ दिया गया। प्रवर्तन जोन 2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि मोहनलालगंज के खुजौली क्षेत्र में आदर्श मिश्रा, मुकेश व अन्य द्वारा स्कॉलर एकेडमी स्कूल के पास करीब 10 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसी प्रकार अभिषेक सिंह द्वारा न्यू जेल रोड पर खुजौली मंडी के पीछे लगभग 2 बीघा, और श्रवण यादव द्वारा सिंह मैरिज लॉन के पीछे लगभग 6 बीघा भूमि पर बिना ले-आउट स्वीकृति के प्लाटिंग की जा रही थी। इसके अलावा गोसाईंगंज के सोनई कजेहरा स्थित राम बक्श खेड़ा में विकास जायसवाल और रामेश्वर द्वारा माइनर के किनारे लगभग 16 बीघा क्षेत्रफल में 'रामेश्वरम सिटी' नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। यहां भी न तो ले-आउट स्वीकृत था और न ही एलडीए से कोई वैध अनुमति ली गई थी। एलडीए प्रवर्तन टीम ने मौके पर मौजूद समस्त अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

# शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण मेरी पहली प्राथमिकता : राजेश कुमार विश्वकर्मा

## नवागत एसडीएम ने संभाला पदभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़, बाराबंकी। जनपद बाराबंकी की हैदरगढ़ तहसील को नया उपजिलाधिकारी मिल गया है। नवागत एसडीएम श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल अवसानेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं न्यायपूर्ण प्रशासन की कामना की। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि, ''जनता की सेवा और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। कोई भी नागरिक किसी भी समस्या को लेकर बेहिचक मुझसे संपर्क कर सकता है। प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।'' बता दें कि श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा इससे पूर्व जनपद फतेहपुर की तहसील में उपजिलाधिकारी के पद पर कार्यरत थे, जहाँ उन्होंने अपनी निष्पक्ष कार्यशैली और जनसरोकारों के प्रति सजग दृष्टिकोण के लिए प्रशंसा प्राप्त की थी। अब उन्हें जिलाधिकारी बाराबंकी श्री शशांक त्रिपाठी द्वारा हैदरगढ़ तहसील की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवागत उपजिलाधिकारी के आगमन से क्षेत्रीय जनता में नई ऊर्जा और उम्मीद का संचार हुआ है। लोग आशान्वित हैं कि श्री विश्वकर्मा के नेतृत्व में हैदरगढ़ तहसील में प्रशासनिक व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी, तथा जनसमस्याओं का निस्तारण तत्परता से किया जाएगा।

# नगर निगम में हुआ सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम लखनऊ के त्रिलोकनाथ सभागार में शुक्रवार को एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे 20 कर्मठ और समर्पित कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। समारोह में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम की सुदृढ़ कार्य प्रणाली के पीछे इन कर्मचारियों का वर्षों का अनुभव, परिश्रम और निष्ठा है, और हम इनके योगदान को सदैव स्मरण रखेंगे। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह, डॉ. अरविंद कुमार राव, निगम के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे। सभी ने अपने अनुभव साझा करते हुए सेवानिवृत्त साथियों की सेवा भावना को सराहा और उन्हें उनके सेवाकाल की यादगार यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्य विभाग (अध्यक्षीय शाखा) से सचिव घनश्याम शर्मा, कर विभाग जोन-7 से प्रोन्नत श्रेणी-ऋ पद पर कार्यरत वीरेंद्र प्रकाश वर्मा, मार्ग प्रकाश विभाग से द्वितीय श्रेणी-ऋ पद पर कार्यरत हरि प्रकाश श्रीवास्तव और स्वास्थ्य विभाग से पोर्टर राम रूप यादव सेवा निवृत्त हुए। कर विभाग जोन-3 से अनुचर के पद पर कार्यरत मालती मिश्रा और कक्ष समिति-4 (स्वास्थ्य) से जल्लाद के पद पर कार्यरत चांद बाबू भी सेवा से निवृत्त हुए।इसके अलावा विभिन्न कक्ष समितियों से जुड़े कुल 14 सफाई कर्मचारियों ने भी नगर निगम परिवार को अलविदा कहा। इनमें हरि गोपाल, निममो, राजू, राजू कुमार, महेश, रामरति, बेजन्ती, सीमा, रेनू, शांति, लक्ष्मिन, राम फल, रमेश, निर्मला और राकेश शामिल हैं, जिन्होंने नगर की स्वच्छता व्यवस्था में वर्षों तक समर्पित भाव से कार्य किया। समारोह में सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपत्र प्रदान किए गए और उनके स्वस्थ, सुखद और सक्रिय भविष्य की कामना की गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह सम्मान परंपरा आगे भी जारी रहेगी, ताकि कर्मचारियों को उनके सेवाकाल के अंत में गरिमामयी विदाई देकर उनके योगदान को खुले मंच पर सराहा जा सके।

> इस मौके पर नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने कहा कार्यक्रम में जिस गरिमा और सहानुभूति के साथ मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए, उससे यह स्पष्ट होता है कि नगर निगम न केवल कर्मियों के योगदान को याद रखता है, बल्कि उनके परिवारों के भविष्य की भी चिंता करता है। इसके लिए हम महापौर, नगर आयुक्त और पूरी प्रशासनिक टीम का दिल से धन्यवाद करते हैं।

## बलरामपुर अस्पताल में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम द्वारा बलरामपुर अस्पताल लखनऊ में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में मदरसा नदवा तुल उलेमा लखनऊ के 50 छात्रों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर. के. चतुर्वेदी(आईजी) ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी इंसान की फ़िक्र करना और उस के सुख-दुख में काम आना यह पुण्य का काम है। शिविर के दौरान अस्पताल के चिकित्सकों और पत्रकारों को मानवता के हित में उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## मनरेगा योजना '' गांधी जी की मर्जी के बिना नहीं सरकती फाइल

### बाराबंकी जनपद भर में भ्रष्टाचार का बोलबाला

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के नाम पर ग्राम पंचायतों में विकास की गंगा तो बहनी थी, परंतु इसकी धारा खंड विकास कार्यालय में ही अटक गई है। कहते हैं, योजना तो गांधीजी के नाम पर है पर उसकी गति बाबूजी की कलम से तय होती है — वो भी तब, जब 'प्रोत्साहन राशि' की बूंद टपक जाए। ग्राम प्रधानों की माने तो विकास कार्यों से पहले उन्हें आईडी के लिए दौड़ाया जाता है, और भुगतान के समय नियमों से नहीं, ''नियम बनाने वालों'' के मूड से काम चलता है। अधिकारी महोदय इतने व्यस्त रहते हैं कि योजनाएं तभी आगे बढ़ती हैं जब जेब गरम हो — वह भी ''सर्द'' व्यवहार के बाद। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि खंड विकास अधिकारी की भूमिका योजना के मार्गदर्शक की नहीं, बल्कि ''मार्ग रोकने वाले द्वारपाल'' जैसी हो गई है। अगर काम शुरू करो तो अड़ंगा, और न करो तो नोटिस। मानो विकास नहीं, ''वसूली'' गारंटी योजना चल रही हो। गांवों में पक्के कार्यों का भुगतान वर्षों तक लटका रहता है, मगर दफ्तर की फाइलें ''तेजी'' से तभी सरकती हैं जब उनका वजन कुछ प्रतिशत से बढ़ा दिया जाए। ऐसे में ग्राम पंचायतें दोहरी मार झेल रही हैं — एक तो वेंडरों की मांग, ऊपर से अफसरों की। अब सवाल यह है कि जब काम ग्राम पंचायत कराती है, ज़िम्मेदारी प्रधान और सचिव निभाते हैं, तो फिर अधिकारी महोदय भुगतान की कुंजी क्यों थामे बैठे हैं? क्या मनरेगा की परिभाषा अब 'मर्जी से रोजगार गारंटी योजना' हो गई है?

## लखनऊ से चोरी बाइक बाराबंकी में बरामद

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। दस जुलाई को लोहिया अस्पताल के गेट नम्बर 3 से चोरी हुई आपाची बाईक शुक्रवार की सुबह मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बिन्दौरा के निकट डबल नहर पटरी से लवारिस हालत मे बरामद हुई। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा कि शारदा सहायक डबल नहर की पटरी पर झाड़ियों के बींच एक सफ़ेद रंग की बाईक पड़ी हुई मौक़ेपर पहुंची पुलिस ने बाईक को कब्जे मे लेते हुए आसपास का जायजा लिया तो नहर मे एक तैरता हुआ हेलमेट भी बरामद हुआ। बरामद बाईक पर पड़े नम्बर यूपी 32 एफ बी 7933 व चेचिस नम्बर मे भिन्नता देख पुलिस ने चेचिस नम्बर से वाहन स्वामी सुनील यादव पुत्र रूपचंद्र निवासी निजामपुर मलहौर ने बताया कि गत 10 जुलाई को लोहिया अस्पताल लखनऊ मे दवा लेने गया था तथा गेट नम्बर 3 पर बाईक खड़ी कर दवा लेकर वापस आया तो बाईक गायब थी बाईक का वास्तविक का नम्बर यूपी 32 जे एल 0534 है 11 जुलाई को बाईक चोरी का मुकदमा थाना विभूतिखण्ड गोमतीनगर मे लिखा गया था। मसौली पुलिस ने बाईक बरामदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं पुस्तकालय : महेश

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़ागांव नवाबगंज के प्रिंसिपल महेशचंद्र ने शुक्रवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी मे शिक्षारत बच्चो से रूबरू होते हुए एक घंटे की क्लास ली तथा बच्चो से आई टी आई भी करने के लिए प्रोत्साहित किया। बच्चो से रूबरू होते हुए प्रिंसिपल महेशचंद्र ने कहा कि लाइब्रेरी शिक्षा, ज्ञान और संस्कृति का महत्वपूर्ण केंद्र है। यह ज्ञान का भंडार है जो विभिन्न विषयों पर पुस्तकों, पत्रिकाओं, और अन्य सामग्रियों तक पहुंच प्रदान करता है। पुस्तकालय, शिक्षा, शोध और व्यक्तिगत विकास के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है, जो सभी के लिए समान रूप से सुलभ है जो ज्ञान और सूचना का प्रसार करने में मदद करते हैं तथा पुस्तकालय एक सुरक्षित और शांत वातावरण प्रदान करते हैं! इस दौरान लाइब्रेरी के बच्चो से आई टी आई भी करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौक़ेपर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, आई टी आई कर्मी मनोज कुमार सहित लाइब्रेरी के छात्र छात्राए मौजूद रही।

# गाँव के समग्र विकास से साकार होगा विकसित भारत का संकल्प : प्रभारी मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। जिले के विकास खंड निन्दूरा स्थित प्रेरणा पी.जी कॉलेज परिसर में शुक्रवार को आयोजित आकांक्षी ब्लॉक के तहत संपूर्णता सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री / कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई ''आकांक्षा हाट प्रदर्शनी'' का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, महिला एवं बाल विकास, कृषि, ग्रामीण विकास आदि से जुड़ी योजनाओं एवं नवाचारों को प्रदर्शित किया गया।प्रभारी मंत्री श्री राही ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक बदलाव का यह एक जीवंत उदाहरण है। बतौर विशिष्ट अतिथि पधारे विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने कहा कि सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे लोगों को सम्मानित करना वास्तव में प्रेरक पहल है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यो पर प्रकाश डाला।

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विस्तार से आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के उद्देश्यों व उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि जनपद का निन्दूरा ब्लॉक विभिन्न बिंदुओं पर संतोषजनक प्रगति करते हुए संपूर्णता की ओर बढ़ रहा है। प्रशासन, जनप्रतिनिधि व ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयासों से यह संभव हुआ है।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारी, कर्मचारी सम्मानित

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत तीन प्राथमिक सेक्टरों में शत-प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करने वाले विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इनमे सी.एम फ़ेलो,चिकित्सा अधीक्षक, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ -प्रथम तिमाही में शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण हेतु।कृषि विभाग के सहायक विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक, बीटीएम, एटीएम ऽ सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण हेतु।शिक्षा क्षेत्र में किये गए कार्यो हेतु खंड शिक्षा अधिकारी निन्दूरा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सी0एच0ओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर),आशाबहुओ एवम अन्य स्वास्थ्य कर्मी को सम्मानित किया गया। इन सभी की सतत मेहनत और समर्पण ने ब्लॉक निन्दूरा को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तर पर एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। इस दौरान जिला विकास अधिकारी श्री भूषण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपजिलाधिकारी फतेहपुर, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व भाजपा पदाधिकारी आम जनमानस उपस्थित रहे।

# कंधे की चोट के कारण पांचवें टेस्ट में आगे नहीं खेल पाएंगे वोक्स

एजेंसी




लंदन। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे इंग्लैंड को शुक्रवार को तब करारा झटका लगा जब तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ चल रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर हो गए।

गुरुवार को मैच के पहले दिन करुण नायर के शॉट पर बाउंड्री बचाने के प्रयास में वोक्स चोटिल हो गए थे और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा था। वोक्स जब मैदान से बाहर गए तो उनका बायां हाथ स्वेटर में लिपटा हुआ था और वह दर्द से कराह रहे थे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, ''इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को भारत के खिलाफ मैच के पहले दिन बाएं कंधे में लगी चोट के बाद पांचवें टेस्ट के शेष खेल के दौरान निगरानी में रखा जाएगा। अभी वह चोट के कारण मैच में आगे भाग नहीं ले पाएंगे। श्रृंखला समाप्त होने के बाद उनकी आगे जांच की जाएगी। इससे पहले तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने कहा था कि वोक्स की चोट गंभीर लग रही है। एटकिंसन ने बारिश से प्रभावित पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, ''मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं जानता, लेकिन यह बहुत अच्छा नहीं लग रहा है। यह बहुत निराशाजनक है। यह श्रृंखला का आखिरी मैच है और जब कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाता है तो अच्छा नहीं लगता है। मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा। वोक्स ने मौजूदा टेस्ट में अब तक 14 ओवर गेंदबाजी की है और 46 रन देकर केएल राहुल का महत्वपूर्ण विकेट लिया है। वोक्स की चोट ने इंग्लैंड की चिंता बढ़ा दी है जिसे कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिल रही हैं, जिनमें कप्तान बेन स्टोक्स भी शामिल हैं, जो कंधे की चोट के कारण इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। एटकिंसन ने पहले दिन 19 ओवरों में दो विकेट लिए और वह वोक्स की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी संभालने के लिए आश्वस्त दिखे। उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं जानता हूं कि मुझे केवल एक ही मैच खेलना है, इसलिए मैं अपनी सीमाओं को थोड़ा बढ़ा सकता हूं।

# कार्यभार को देखकर बुमराह को चुनिंदा मैच खेलने का पूरा अधिकार : भारत के सहायक कोच डोइशे

एजेंसी




लंदन। जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड में पांच में से तीन टेस्ट ही खेलने का निर्णय लिया और भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे के अनुसार टीम प्रबंधन को उनके कार्यभार को देखते हुए इस फैसले का सम्मान करना सही लगा। बुमराह ने हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेला लेकिन एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट से बाहर रहे। इसके बाद लॉडर्स और ओल्ड टैफर्ड में उन्होंने खेला। निर्णायक पांचवें टेस्ट से पहले बुमराह पर फैसला लेने के लिये भारतीय कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर ने ऐन मौके तक इंतजार किया। पांचवें टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद मीडिया से बातचीत में डोइशे ने कहा कि बुमराह जैसे खिलाड़ी को बाहर रखने का फैसला हमेशा कठिन होता है। उन्होंने कहा कि बुमराह का मसला पेचीदा है। हम चाहते थे कि वह खेले लेकिन उसके कार्यभार को देखते हुए हमें लगा कि उसे टीम में शामिल करना सही नहीं होगा । उसने काफी ओवर फेंके हैं। मुझे पता है कि ऐसा लगता नहीं क्योंकि उसने तीन ही टेस्ट खेले और मैनचेस्टर में एक ही पारी में गेंदबाजी की। डोइशे ने आगे कहा कि लेकिन उसका कार्यभार देखें तो उसने काफी ओवर डाले हैं। उसने दौरे से पहले ही कह दिया था कि वह तीन ही टेस्ट खेलेगा और हमें लगा कि उसके फैसले का सम्मान करना चाहिये। ओवल की हरी भरी पिच पर बुमराह काफी उपयोगी साबित होते। क्या वह चोटों से भरे अतीत के कारण अपनी मर्जी से मैच चुन रहे हैं। यह पूछने पर डोइशे ने कहा कि यह कहना सही नहीं होगा । उसने कहा था कि वह तीन ही मैच खेलेगा और उसने हम पर छोड़ दिया कि वह तीन मैच कौन से होंगे। हमने स्थिति को संभालने की कोशिश की है, यह आदर्श नहीं है, मुझे लगता है कि उन खिलाड़ियों पर ध्यान देना ज़रूरी है जो नहीं खेल रहे हैं, खासकर जब आपके पास 18 खिलाड़ी हों। उन्होंने कहा कि उन्हें बताना जरूरी है कि हम सभी फ़ैसले सद्भावना से टीम के सर्वोत्तम हित में ले रहे हैं और इसी वजह से जो खिलाड़ी नहीं खेले हैं, वे शानदार रहे हैं, उन्होंने पूरी टीम को प्रशिक्षित किया है, लेकिन जब उन्हें टीम से बाहर रखा जाता है तो वे निराश होते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## खालिद जमील भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को खालिद जमील को भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया, जिससे वह 2011–12 में सावियो मेडेइरा के बाद यह पद संभालने वाले पहले भारतीय बन गए। जमील ने मनोलो मार्केज़ का स्थान लिया है, जिन्होंने एक वर्ष से अधिक समय तक प्रतिस्पर्धी मैचों में जीत न मिलने के कारण पिछले महीने पद छोड़ दिया था। जमील का चयन तीन लोगों की शॉर्टलिस्ट में से किया गया था, जिनमें पूर्व राष्ट्रीय कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्लोवाकिया के मैनेजर स्टीफन टारकोविक शामिल थे। एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने राष्ट्रीय टीम के निदेशक सुब्रत पाल से परामर्श के बाद 22 जुलाई को इस सूची को अंतिम रूप दिया। समिति ने एक ऐसे भारतीय कोच को प्राथमिकता दी जो टीम के सांस्कृतिक और विकासात्मक परिवेश से जुड़ सके, और यही वह कारक था जिसने जमील को इस सूची में शीर्ष पर पहुंचाया। एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने 1 अगस्त को तकनीकी समिति की सिफ़ारिश का समर्थन किया और जमील की नियुक्ति की पुष्टि की। बजट संबंधी चिंताओं ने भी इस निर्णय को प्रभावित किया। एआईएफएफ की आय 2023 में 137.74 करोड़ से घटकर 2024 में 110.5 करोड़ रह गई, और उसे इगोर स्टिमैक का अनुबंध समाप्त करने के लिए 400,000 अमेरिकी डॉलर का भुगतान करना पड़ा। इस बीच, मार्केज़ कथित तौर पर प्रति अंतरराष्ट्रीय विंडो 10,000 अमेरिकी डॉलर कमा रहे थे। ऐसे माहौल में एक अनुभवी भारतीय कोच को नियुक्त करना वित्तीय और फुटबॉल दोनों ही दृष्टि से उचित था। 49 वर्षीय इस जमील ने एक खिलाड़ी (2005 में महिंद्रा यूनाइटेड के साथ) और एक कोच (2017 में आइज़ॉल एफसी के साथ) के रूप में भारत के शीर्ष डिवीजन खिताब जीते हैं। एएफसी प्रो लाइसेंस धारक, जमील आई–लीग, आई–लीग 2 और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में कोचिंग कर चुके हैं। अंडरडॉग आइज़ॉल के साथ उनका आई–लीग खिताब जीतना, जो उसका पहला और एकमात्र शीर्ष–स्तरीय खिताब है, भारतीय फुटबॉल की सबसे यादगार उपलब्धियों में से एक है। हाल ही में उन्होंने 2023–24 सीज़न के मध्य में जमशेदपुर एफसी की कमान संभाली और टीम को सुपर कप सेमीफाइनल तक पहुँचाया, फिर उपविजेता और अगले आईएसएल सेमीफाइनल में पहुंचाया।

## काउंटी चैम्पियनशिप 2025: साई किशोर ने सरे के लिए झटके पांच विकेट, चहल और तिलक वर्मा भी चमके

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर आर. साई किशोर ने काउंटी चैम्पियनशिप 2025 के मुकाबले में सरे की ओर से खेलते हुए डरहम के खिलाफ शानदार पांच विकेट झटके। यह मुकाबला रिवरसाइड ग्राउंड में खेला जा रहा है। साई किशोर ने मैच के दूसरे दिन दो विकेट चटकाए थे, जिसके बाद तीसरे दिन कोडी यूसुफ, बास डी लीडे और मैथ्यू पॉट्स को आउट कर उन्होंने पांच विकेट (5/72) पूरे किए। उन्होंने मैच में कुल सात विकेट लिए और अब तक दो मैचों में 11 विकेट 24 की औसत से झटके हैं। उनकी शानदार गेंदबाज़ी के दम पर सरे ने डरहम को 344 रनों पर ऑलआउट कर दिया, जिससे जीत के लिए उन्हें केवल 176 रनों का लक्ष्य मिला। डिवीजन टू में खेलते हुए, युजवेंद्र चहल ने नॉर्थहैम्पटनशायर की ओर से डर्बीशायर के खिलाफ चौथे दिन दो विकेट झटके। उन्होंने पहली पारी में छह विकेट लिए थे और अब मैच में उनके आठ विकेट हो गए हैं। यदि वह अंतिम दिन दो और विकेट लेते हैं तो उनके नाम मैच में 10 विकेट हो जाएंगे। दिलचस्प बात यह रही कि चहल ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लेकर हैट्रिक की स्थिति बना दी थी, लेकिन वेन मैडसेन ने तीसरी गेंद को संभाल लिया। वहीं, हैम्पशायर की ओर से खेल रहे तिलक वर्मा ने वोर्सेस्टरशायर के खिलाफ 62 गेंदों में नाबाद 33 रन बनाए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक हैम्पशायर ने 139/2 का स्कोर बना लिया था और उनकी लीड 183 रन हो गई है।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 598.40 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2025–26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 598.40 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024–25 की पहली (अप्रैल–जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 518.8 करोड़ रुपये रहा था। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में हालांकि कुल आय घटकर 1,620.34 करोड़ रुपये रह गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 1,699.48 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान मुंबई स्थित गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 6,967.05 करोड़ रुपये की कुल आय पर 1,389.23 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है।

## रॉयल एनफील्ड की बिक्री जुलाई में 31 प्रतिशत बढ़ी


**नयी दिल्ली।** रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री जुलाई में 31 प्रतिशत बढ़कर 88,045 इकाई हो गई। यह एक साल पहले इसी महीने 67,265 इकाई रही थी। रॉयल एनफील्ड ने शुक्रवार को बयान में कहा कि पिछले महीने घरेलू बिक्री 76,254 इकाई रही जो जुलाई 2024 की 61,208 इकाई से 25 प्रतिशत अधिक है। निर्यात पिछले महीने 95 प्रतिशत बढ़कर 11,791 इकाई हो गया, जबकि पिछले साल जुलाई में यह 6,057 इकाई था। रॉयल एनफील्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी. गोविंदराजन ने कहा, '' ३ नई 'हंटर 350' को भारत और वैश्विक बाजारों में शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने कहा, '' उत्पाद नवाचार, वैश्विक पहुंच और सामुदायिक जुड़ाव पर मजबूत ध्यान देने के साथ कंपनी को मध्यम आकार की मोटरसाइकिल खंड में अपने नेतृत्व को और मजबूत करने का भरोसा है।

## मारुति सुजुकी की जुलाई में बिक्री तीन प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया की जुलाई में कुल बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,80,526 इकाई रही। कंपनी ने जुलाई 2024 में 1,75,041 वाहन बेचे थे। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने बयान में कहा कि घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर मामूली वृद्धि के साथ 1,37,463 इकाई रही। ऑल्टो और एस–प्रेसो सहित छोटी कारों के खंड में बिक्री जुलाई 2024 में 9,960 इकाइयों की तुलना में घटकर 6,822 इकाई रह गई। बलेनो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट जैसी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री सालाना आधार पर 58,682 इकाइयों से बढ़कर 65,667 इकाई हो गई। ग्रैंड विटारा, ब्रेजा, अर्टिगा और एक्सएल6 जैसी यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 52,773 इकाई रही, जबकि जुलाई 2024 में यह 56,302 इकाई थी।

# महिला ओपन गोल्फ 2025: वोड की धीमी शुरुआत ओकायामा और ताकेडा पहले दिन संयुक्त बढ़त पर

एजेंसी



पोर्थकोल। महिला ओपन गोल्फ 2025 के पहले दिन गुरुवार को इंग्लैंड की लोटी वोड उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकीं, जबकि जापान की एरी ओकायामा और रियो ताकेडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से बढ़त हासिल की। 21 वर्षीय वोड ने हाल ही में स्कॉटिश ओपन जीतकर प्रोफ़ेशनल करियर की शानदार शुरुआत की थी और इसी कारण उन्हें साल के अंतिम मेजर टूर्नामेंट में फ़ेवरेट माना जा रहा था। लेकिन दक्षिण वेल्स के तटीय मैदान पर उन्हें संघर्ष करना पड़ा और वे आखिरी होल में बर्डी लगाकर सिर्फ लेवल पार (72) का स्कोर ही बना सकीं। जापानी गोल्फरों ने पहले दिन दबदबा कायम रखा। एरी ओकायामा ने 5-अंडर 67 का स्कोर बनाया और बाद में रियो ताकेडा ने 18वें होल में बर्डी कर उनके साथ संयुक्त बढ़त बना ली। मियु यामाशिता 4-अंडर के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि चेम्पियनशिप विजेता माओ साइगो, शिहो कुअकी और चिसातो इवाई 3-अंडर के स्कोर पर हैं। गत विजेता लीडिया को (न्यूजीलैंड) और वर्ल्ड नंबर-1 नेली कोरडा (अमेरिका) भी इस मौके का पूरा फायदा नहीं उठा सकीं। को ने एक ओवर में और कोरडा ने दो अंडर में दिन का खेल समाप्त किया। ओकायामा ने पहले होल में बोगी की लेकिन अगले आठ में से पांच होल में बर्डी कर लय पकड़ ली और 17वें होल में एक और बर्डी लगाकर बढ़त हासिल की। ताकेडा ने नौवें होल में डबल बोगी के बावजूद बैक नाइन में चार बर्डी लगाकर वापसी की। दर्शकों का सबसे ज़्यादा ध्यान दोपहर बाद उस समय गया जब वोड, को और अमेरिका की लीलिया वू के साथ ग्रुप में मैदान में उतरीं। भले ही यह वोड का पहला मेजर टूर्नामेंट था, लेकिन आयरिश ओपन में जीत और एवियन चैंपियनशिप में सिर्फ एक स्ट्रोक से चूकने के बाद वे जब वेल्स पहुंचीं तो उनसे बड़ी उम्मीदें थीं। वोड ने पहले होल में ही बर्डी से शुरुआत की, लेकिन तीसरे और पांचवें होल में बोगी कर दी। छठे होल में लंबी पुट के जरिए बर्डी जरूर लगाई, लेकिन फिर वे लय में नहीं आ सकीं। नौवें होल में मुश्किल से पार बचाया, जबकि 11वें में बोगी कर बैठीं। हालांकि 14वें होल में शानदार एप्रोच शॉट के बाद बर्डी कर उन्होंने वापसी की कोशिश की, लेकिन 15वें होल में फिर एक शॉट गंवाया। आखिरी होल में बर्डी लगाकर उन्होंने दिन का अंत सकारात्मक रूप से किया।

## थरुन मन्नेपल्ली मकाऊ ओपन बैडमिंटन 2025 के सेमीफाइनल में पहुंचे

मकाऊ। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी थरुन मन्नेपल्ली ने शुक्रवार को मकाऊ ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 (बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300) के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 23 वर्षीय थरुन ने चीन के हू झे एन को रोमांचक मुकाबले में 21-12, 13-21, 21-18 से हराकर अपने करियर के पहले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मुकाबला एक घंटे 15 मिनट तक चला। अब थरुन सेमीफाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से भिड़ेंगे। वर्ल्ड नंबर 45 होह ने थाईलैंड के कांटाफोन वांगचारोएन को 21-9, 21-18 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। दिन के अन्य मुकाबलों में भारत के लक्ष्य सेन चीन के झू शुआन चेन से क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे। पुरुष युगल में सात्विकसैराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मलेशिया के चूंग हों जियान और मुहम्मद हाइकल के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उतरेंगे।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में अगस्त के पहले दिन आज गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 420 रुपये से 470 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आई है। कीमत में कमी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,020 रुपये से लेकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 91,690 रुपये से लेकर 91,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह चांदी के भाव में भी कमी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,14,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,690 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 91,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# फिच ने भारत का वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत किया, अमेरिकी शुल्क के सीमित असर का अनुमान

एजेंसी

नयी दिल्ली। फिच रेटिंग्स ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया। साथ ही कहा कि भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी उच्च शुल्क का सीमित प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने की आशंका है। फिच ने अप्रैल में अपने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। फिच ने शुक्रवार को जारी अपनी 'इंडिया कॉरपोरेट क्रेडिट ट्रेंड्स' रिपोर्ट में कहा, ङ्कहमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत की जीडीपी वृद्धि 6.3 प्रतिशत रहेगी। बुनियादी ढांचे पर मजबूत खर्च के चलते सीमेंट और निर्माण सामग्री, बिजली, पेट्रोलियम उत्पाद, इस्पात और इंजीनियरिंग एवं निर्माण (ईएंडसी) कंपनियों की अच्छी मांग को बल मिलेगा। फिच रेटिंग्स को उम्मीद है कि मार्च 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में उसकी रेटिंग वाली भारतीय कंपनियों के ऋण मानकों में सुधार होगा, क्योंकि व्यापक ईबीआईटीडीए (कर पूर्व आय) मार्जिन उनके उच्च पूंजीगत व्यय को संतुलित कर देगा। अमेरिकी शुल्क के प्रभाव पर, फिच ने कहा कि उसे अपनी रेटिंग वाली भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी उच्च शुल्क से ङ्कसीमित प्रत्यक्ष प्रभावङ्क की उम्मीद है, क्योंकि उनका अमेरिकी निर्यात जोखिम आम तौर पर कम से मध्यम है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि कुछ मामलों में अतिरिक्त आपूर्ति से दूसरे स्तर के जोखिम पैदा हो सकते हैं। फिच ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भी अंतिम परिणाम को प्रभावित कर सकता है, और कंपनियां निर्यात में विविधता लाकर शुल्क के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर सकती हैं।

# ईडी ने अनिल अंबानी को भेजा समन 5 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस समूह के चेयरमैन और एमडी अनिल अंबानी को 17 हजार करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने उनको 5 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अनिल अंबानी को भेजे गए समन में नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा है, क्योंकि मामला यहीं दर्ज किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत उनके बयान दर्ज किये जाएंगे। अनिल अंबानी को यह समन पिछले हफ्ते केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से उनके व्यावसायिक समूह की कई कंपनियों और अधिकारियों के खिलाफ छापेमारी के बाद जारी किया गया है। 24 जुलाई को शुरू हुई ईडी की यह छापेमारी तीन दिनों तक मुंबई में 35 से अधिक ठिकानों पर चली थी, जिनमें 50 कंपनियां और 25 लोग शामिल थे, इनमें अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के कई अधिकारी भी शामिल थे।

# अमेरिका के बिना किसी छूट के 25 प्रतिशत शुल्क से 25 अरब डॉलर के निर्यात को खतरा: जीटीआरआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका के भारत के सभी सामानों पर सात अगस्त से बिना किसी छूट के 25 प्रतिशत का शुल्क लगाने से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर बुरा असर पड़ सकता है। जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह बात कही। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) द्वारा अमेरिका के कार्यकारी आदेश के विश्लेषण के अनुसार, 25 प्रतिशत शुल्क अब दवा और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों पर भी लागू होगा जिन्हें पहले अमेरिका द्वारा आयात शुल्क से छूट दी गई थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक शासकीय आदेश जारी किया है जिसमें विभिन्न देशों पर लगने वाली शुल्क दरों का ब्योरा दिया गया है। इसके तहत भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की पुष्टि की गई है। 'जवाबी शुल्क दरों में अतिरिक्त संशोधन' शीर्षक वाले शासकीय आदेश में राष्ट्रपति ट्रंप ने करीब 70 देशों पर लगाए जाने वाली शुल्क दरों का ब्योरा दिया है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, '' राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अनुमोदित यह शुल्क हाल के वर्षों में अमेरिका द्वारा किसी प्रमुख व्यापारिक साझेदार के विरुद्ध की गई सबसे कठोर व्यापारिक कार्रवाइयों में से एक है। उन्होंने कहा, '' यह कदम इसलिए अलग है क्योंकि इसमें कई अन्य व्यापारिक साझेदारों के विपरीत भारत को सभी उत्पाद-स्तरीय छूट से वंचित कर दिया गया है। यहां तक कि उन उत्पादों और क्षेत्रों में भी, जिनमें अमेरिका ने अन्य देशों को छूट दी है। श्रीवास्तव ने कहा कि यह आदेश केवल एक शुल्क उपाय नहीं बल्कि दबाव बनाने की रणनीति है। उन्होंने कहा, '' चीन जैसे देशों पर दवाइयों, सेमीकंडक्टर और ऊर्जा जैसी जरूरी वस्तुओं पर छूट बरकरार रखी है। भारत के साथ सख्ती बरती गई है उत्पाद-स्तर पर कोई छूट नहीं दी गई है। संदेश स्पष्ट है कि अमेरिकी भू-राजनीतिक विचारों से सहमत हों, समझौता करें या व्यापक स्तर के शुल्क का सामना करें। भारत को दूसरों के लिए एक मिसाल बनाया जा रहा है। आर्थिक शोध संस्थान के अनुसार, भारतीय वस्तुओं पर सात अगस्त से 25 प्रतिशत की दर से शुल्क लगेगा। हालांकि जो सामान पांच अक्टूबर 2025 तक वहां पहुंचने वाला है, उन पर पुरानी दर (ज्यादातर पर 10 प्रतिशत) लागू होगी। इसमें इस्पात व एल्यूमीनियम (पर 50 प्रतिशत) तथा स्मार्टफोन जैसे शुल्क-मुक्त उत्पाद शामिल नहीं हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में पेट्रोलियम उत्पाद, दवा और इलेक्ट्रॉनिक होंगे। इनमें से प्रत्येक में आयात सामग्री अधिक है और घरेलू मूल्यवर्धन कम है। अमेरिका ने विभिन्न देशों से आयात पर 10 प्रतिशत से लेकर 41 प्रतिशत तक की दर से नए शुल्क लगाए हैं।

# हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से दो नेशनल हाईवे समेत 283 सड़कें बंद

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मानसून की तेज रफ्तार से लगातार बारिश और भूस्खलन का सिलसिला जारी है। लाहौल स्पिति जिला के जिस्पा के पास ग्रेफ कैंप के नजदीक फ्लैश फ्लड की घटना सामने आई। इससे केलांग-दारचा-सारचू-लेह मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है, हालांकि राहत की बात यह है कि अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) सड़क बहाली के कार्य में जुट गया है।

इधर, मौसम विभाग ने प्रदेश में आगामी 5 अगस्त तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 2 अगस्त को मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में भारी वर्षा का अलर्ट रहेगा। 3 अगस्त को चंबा, कांगड़ा और सिरमौर में भारी बारिश की चेतावनी है। 4 अगस्त को मॉनसून की गति और बढ़ेगी, जब लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर शेष 10 जिलों में येलो अलर्ट रहेगा। 5 अगस्त को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, शिमला और सिरमौर जिलों के लिए भी अलर्ट जारी किया गया है। 6 और 7 अगस्त को भी बारिश के आसार हैं,



लेकिन इन दिनों कोई विशेष चेतावनी नहीं दी गई है।

बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश चंबा जिले के चुवाड़ी में 120 मिलीमीटर दर्ज की गई। इसके अलावा कुल्लू के मनाली में 60, बंजार में 50, बिलासपुर के भराड़ी में 50, कुल्लू के कोठी, चंबा के सलूणी और बिलासपुर के नैना देवी में 40-40 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। राजधानी शिमला में भी सुबह से दोपहर तक बारिश होती रही।

लगातार बारिश और भूस्खलन की वजह से पूरे प्रदेश में 2 राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कुल 283 सड़कें बंद हो गई हैं। मंडी और लाहौल स्पीति में एक-एक नेशनल हाईवे ठप हो गया है। इसके अलावा 314 बिजली ट्रांसफार्मर और 221 पेयजल योजनाएं भी ठप हो गई हैं, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। चंबा जिले में भारी बारिश के चलते शुक्रवार को जिला प्रशासन ने सभी शिक्षण संस्थान बंद रखने के आदेश जारी किए।

मौसम की मार सबसे ज्यादा मंडी, कुल्लू और चंबा जिलों में पड़ी है। मंडी में पंडोह डैम के पास चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर भारी भूस्खलन हुआ, जिससे सड़क पूरी तरह बंद हो गई है। मंडी की पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया कि सड़क से मलबा हटाने का काम तेज़ी से जारी है ताकि यातायात बहाल हो सके।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार मंडी जिले में 174 सड़कें, एक नेशनल हाईवे, 32 ट्रांसफार्मर और 58 पेयजल योजनाएं बंद पड़ी हैं। कुल्लू में 67 सड़कें और 101 ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं। चंबा में 21 सड़कें, 171 ट्रांसफार्मर और 93 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। कांगड़ा जिले में भी 60 पेयजल योजनाओं पर असर पड़ा है।

मौजूदा मानसून सीजन में 20 जून से अब तक प्रदेश में बारिश, भूस्खलन और बाढ़ से 176 लोगों की मौत हो चुकी है, 281 लोग घायल हुए हैं और 36 लोग अभी भी लापता हैं। अकेले मंडी में सबसे ज्यादा 35 मौतें हुई हैं, कांगड़ा में 28, कुल्लू में 18, चंबा में 17, शिमला में 15, सोलन में 12, हमीरपुर, किन्नौर और ऊना में 11-11, बिलासपुर में 8, लाहौल-स्पीति में 6 और सिरमौर में 4 लोगों की मौत हुई है। अब तक बादल फटने की 28, फ्लैश फ्लड की 47 और भूस्खलन की 42 घटनाएं हो चुकी हैं। भारी बारिश से 1526 घरों को नुकसान पहुंचा है, जिनमें 443 पूरी तरह ढह गए हैं। सबसे ज्यादा नुकसान मंडी जिले में हुआ है, जहां 1073 घर प्रभावित हुए, जिनमें 386 पूरी तरह तबाह हो गए। प्रदेश को मानसून से अब तक 1678 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। इसमें सबसे ज्यादा क्षति लोक निर्माण विभाग को 865 करोड़ रुपये और जल शक्ति विभाग को 567 करोड़ रुपये की हुई है।

# अमेरिका की टैरिफ धमकियों को भारत ने किया नजरअंदाज, कहा- हमारा ध्यान ठोस एजेंडे पर

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ बढ़ोतरी की धमकियों के संदर्भ में शुक्रवार को कहा कि दोनों देशों के बीच साझा हितों पर आधारित वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। हमारा ध्यान द्विपक्षीय संबंधों के ठोस एजेंडे पर केन्द्रित है। हमें विश्वास है कि यह रिश्ते आगे बढ़ते रहेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिकी राष्ट्रपति के बदलते हुए तेवर को ज्यादा तूल नहीं देते हुए साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में उक्त बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और दोनों देशों की जनता के मेल-मिलाप पर आधारित हैं। यह एक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जिसने विगत वर्षों में अनेक बदलाव और चुनौतियों का सामना किया है।

उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंध ठोस एजेंडे पर केन्द्रित हैं तथा हमारा विश्वास है कि इन संबंधों में आगे विकास होता रहेगा। भारत-रूस संबंधों के बारे में राष्ट्रपति ट्रम्प की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए प्रवक्ता ने कहा कि किसी भी देश के साथ हमारे संबंध आपसी हितों पर आधारित हैं तथा



इन्हें किसी तीसरे देश (रूस) के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के रूस से कच्चा तेल खरीदे जाने पर ऐतराज जताया था तथा आयात शुल्क वृद्धि और अतिरिक्त पेनल्टी लगाने की चेतावनी दी थी।

भारत-रूस संबंधों पर प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी स्थिर है तथा समय की कसौटी पर खरी उतरी है। अमेरिका की चेतावनी का सीधे रूप से उल्लेख न करते हुए प्रवक्ता ने कहा कि भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं के संबंध में हमारा दृष्टिकोण जग जाहिर है। हम बाजार में उपलब्ध संसाधन और अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर नजर रखते हैं। भारत की सरकारी तेल कंपनियों ने रूस से तेल खरीदे जाने पर फिलहाल विराम लगाने संबंधी मीडिया रिपोर्टों पर टिप्पणी करते हुए प्रवक्ता ने कहा कि हमें इस मामले में कोई विशेष जानकारी नहीं है। वहीं अमेरिका की ओर से ईरान से तेल खरीदने वाली कुछ भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बारे में पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा कि इन रिपोर्टों पर हमने गौर किया है।

अमेरिका के साथ मजबूत रक्षा संबंधों की बात करते हुए प्रवक्ता ने रूस के साथ रक्षा संबंधों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, हमारी रक्षा आवश्यकताओं का स्रोत पूरी तरह से हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा अनिवार्यताओं और रणनीतिक आकलन द्वारा निर्धारित होता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हमारी एक मज़बूत रक्षा साझेदारी है जो पिछले कई वर्षों से और मज़बूत होती जा रही है। 21वीं सदी के भारत-अमेरिका समझौते के तहत इस साझेदारी के और भी मज़बूत होने की संभावना है। राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से किए गए इस कटाक्ष पर की भविष्य में भारत पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है, पर प्रवक्ता ने कोई टिप्पणी नहीं की।

# पेज एक का शेष

## यूपी...

रणनीति तथा प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। बैठक में प्रस्तावित 'उत्तर प्रदेश औद्योगिक आस्थान नीति' पर भी विचार-विमर्श हुआ। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि के कुशल उपयोग की कमी, लीज निष्पादन में जटिलता, अनधिकृत बंधक और सब-लेटिंग तथा अनुपयोगी भूखंडों जैसी समस्याएं सामने आती रही हैं। प्रस्तावित नीति इन सभी बाधाओं को दूर करते हुए एक पारदर्शी, सुस्पष्ट और समयबद्ध प्रणाली प्रदान करेगी। भूखंडों का आवंटन ई-नीलामी अथवा अन्य पारदर्शी माध्यमों से किया जाएगा और क्षेत्रानुसार भूमि की दर निर्धारित होगी। हालांकि एंकर इकाइयों के लिए भूमि की दर शासन द्वारा तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आस्थान नीति को अत्यंत व्यावहारिक बताते हुए कहा कि यदि भूखंडों के आवंटन से लेकर लीज डीड निष्पादन, निर्माण और उत्पादन तक की प्रक्रिया स्पष्ट, सरल और उत्तरदायी हो, तो निवेशकों को प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए आवश्यक आश्वस्ति प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में सीमित औद्योगिक भूमि को ध्यान में रखते हुए 'लीज रेंट मॉडल' पर विचार किया जाए, जिससे निवेशकों का अनावश्यक पूंजीगत व्यय कम होगा और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि निजी औद्योगिक पार्कों को बढ़ावा देने के लिए पूंजीगत प्रोत्साहनों के साथ-साथ स्टाम्प ड्यूटी में छूट, बिजली और लॉजिस्टिक्स सब्सिडी तथा सिंगल विंडो अनुमोदन जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एकीकृत ऑनलाइन आवेदन और प्रोत्साहन वितरण प्रणाली विकसित की जाए, जिससे सभी प्रक्रियाएं डिजिटल, सुगम और ट्रैक योग्य बन सकें।

## मैनपुरी...

से घायल हैं, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवर ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया अस्पताल पहुंच कर घायल को तत्काल समुचित उपचार और यथासंभव मदद पहुंचाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

## लेफ्टिनेंट...

दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने 22 जुलाई, 1989 को श्रीलंका में ऑपरेशन पवन में एक साहसिक आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान उनकी कमान में लड़ाई लड़ी थी। उस समय युवा द्वितीय लेफ्टिनेंट के रूप में उप-सेना प्रमुख ने 13 सदस्यीय त्वरित प्रतिक्रिया दल का नेतृत्व किया था। उस समय उन्होंने एक जवाबी हमले का नेतृत्व किया, जिसमें चार लिट्टे आतंकवादियों को मार गिराया गया और कई अन्य घायल हो गए।इस हमले में पांच बहादुर सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक स्मारक कार्यक्रम में उप-सेना प्रमुख ने साउथ ब्लॉक में सलामी गारद का निरीक्षण किया।

नए उप सेना प्रमुख को लेबनान और श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में विदेशी युद्ध का अनुभव है। जनरल ऑफिसर सेना मुख्यालय में महानिदेशक, ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स एवं स्ट्रैटेजिक मूवमेंट के पद पर कार्यरत थे। जनरल ऑफिसर को दिसंबर, 1987 में पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) की चौथी बटालियन में कमीशन मिला था। वे ला मार्टिनियर कॉलेज, लखनऊ, लखनऊ विश्वविद्यालय और प्रतिष्ठित भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के पूर्व छात्र हैं। जनरल ऑफिसर ने तीन दशकों से भी अधिक के शानदार करियर के साथ 'ऑपरेशन पवन', 'ऑपरेशन मेघदूत', 'ऑपरेशन ऑर्किड' और 'ऑपरेशन रक्षक' में कई बार सेवा की है।

उन्होंने अप्रैल, 2022 में राइजिंग स्टार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग का पदभार संभाला था। वर्ष 2005 में स्थापित यह कोर हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला के दक्षिण-पूर्व में कांगड़ा घाटी के योल छावनी शहर में स्थित है। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने अपने पूरे करियर में विभिन्न नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाई हैं। उनकी सेवाओं को अति विशिष्ट सेवा पदक और सेना पदक से सम्मानित किया गया है, जो उन्हें दो बार प्रदान किए जा चुके हैं। भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र सिंह की शैक्षिक पृष्ठभूमि ने उनके नेतृत्व कौशल और रणनीतिक सोच को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। --

## बिहार विधानसभा...

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें भी प्रारूप सूची सौंपी जा रही है। राज्य स्तर पर भी राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

इस सूची को भी चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर मतदाता अपना नाम ऑनलाइन चेक कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। अपना जिला और विधानसभा क्षेत्र चुनें। ''टधद्यद्य ड्डभध्द्'' में ट्ठन्ऋ कथद्व 2025 का चयन करें। मांगी गई कैप्चा जानकारी भरें। नीचे दिए गए सूची में अपने बूथ की भाग संख्या चुनें।

इसके बाद ''पीडीएफ डाउनलोड'' विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद आपके भाग संख्या की मतदाता सूची पीडीएफ के रूप में डाउनलोड हो जाएगी, जिसमें आप अपना और अपने परिवार के अन्य सदस्यों का नाम देख सकते हैं।

आपके क्षेत्र के बीएलओ के पास भी मतदाता सूची का यह ड्राफ्ट मौजूद है। आप उनसे संपर्क कर अपना नाम और विवरण देख सकते हैं।

यदि मतदाता सूची में कोई गलती है या आपका/आपके परिवार के किसी सदस्य का नाम नहीं जोड़ा गया है, तो आप 02 अगस्त से 01 सितम्बर तक विशेष कैंपों में जाकर दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इन विशेष कैंपों का आयोजन प्रखंड सह अंचल कार्यालयों और नगर निकाय कार्यालयों में किया जाएगा। आवेदन करते समय संबंधित दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा।

## ऊलजलूल...

हम जैसे ही ये सबूत सबके सामने रखेंगेए पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग वोट चोरी करा रहा है। श्री गाँधी ने कहा चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। क्योंकि आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं जो देशद्रोह है। आप कहीं भी हों चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं हम आपको ढूंढ निकालेंगे। इस बयान पर चुनाव अयोग ने कहा कि कांग्रेस नेता श्री गाँधी को गत 12 जून को एक ई.मेल भेज कर आयोग में अपनी बात रखने के लिए आमंत्रित किया गया था लेकिन वह नहीं आये। उसी दिन उनको एक पत्र भी भेजा गया था लेकिन उसका भी उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया। आयोग ने कहा है उन्होंने गाँधी ने किसी भी मुद्दे पर आयोग को कोई पत्र नहीं भेजा। यह बहुत ही आश्चर्य की बात है कि वह ऊल.जलूल आरोप लगा रहे हैं और यहां तक कि उन्होंने अब आयोग और उसके कर्मियों को धमकियां देना भी शुरू कर दिया है।आयोग ने कांग्रेस नेता के बयानों को ष्निंदनीयष बताया है और अपने कर्मियों से निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से काम करते रहने को कहा है।

चुनाव आयोग...

आरोपों को नज़रअंदाज़ करता है और रोज़ रोज़ दी जा रही धमकियों के बावजूद निष्पक्ष और पारदर्शी तरीक़े से कार्य कर रहे सभी चुनावकर्मियों को ऐसे ग़ैरज़िम्मेदाराना बयानों पर ध्यान न देने के लिये कहता है।

## देश ...

आप कहीं भी हों, रिटायर्ड हों, कुछ भी हों, हम आपको ढूंढकर निकालेंगे।

## तेजी...

होना चाहिए। कार्यक्रम ?में रक्षा मंत्री ने संयुक्त सचिव एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय की पुनर्विकसित वेबसाइट बबब.दथधद्वधद.द्दधफ.द्घ्र का शुभारंभ किया, ?जिससे कर्मचारियों और आम जनता को कार्यालय से संबंधित सभी प्रासंगिक जानकारी ?मिल सकेंगी।? यहां कर्मचारी पदोन्नति, स्थानांतरण, चिकित्सा भत्ते की स्थिति, वेतन पर्ची और फॉर्म-16 आदि जैसे अपडेट ?मिलेंगे। रक्षा मंत्री ने वायु? सेना मुख्यालय के कार्मिकों को खेल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों के लिए ?सम्मानित किया तथा कर्मचारियों के कुछ बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार ?दिए।? राजनाथ सिंह ने 'विकसित भारतअ2047: कर्मचारियों के विचार' पुस्तक और 'संवाद' पत्रिका का भी विमोचन किया।

इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सचिव (पूर्व-सैनिक कल्याण) डॉ. नितेन चंद्रा, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत और वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) डॉ. मयंक शर्मा तथा रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## उमर ...

अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया ष्एक्सष पर पोस्ट में केवडिया यात्रा के फोटो साझा करते हुये कहाए श्एक पर्यटन कार्यक्रम के लिए अहमदाबाद में रहते हुएए मैंने यहाँ होने का लाभ उठाते हुए प्रसिद्ध साबरमती रिवरफ्रंट सैरगाह पर अपनी सुबह की दौड़ लगाई। यह उन सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है जहाँ मैं दौड़ पाया हूँ और इतने सारे अन्य पैदल यात्रियोंध्धावकों के साथ इसे साझा करना मेरे लिए खुशी की बात थी। मैं अद्भुत अटल फुट ब्रिज के पास से भी दौड़कर गुज़रा।

## काशी...

दिव्यांगजनों और वृद्धों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण भी बाटेंगे। इसके अलावा देश के अन्नदाताओं को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत पूरे देश के 9.70 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के खाते में 20,500 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित की जाएगी। इस योजना में काशी के 2.21 लाख किसान भी लाभान्वित होंगे।

प्रधानमंत्री यहां एक जनसभा भी सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली (कालिका धाम) गांव में करेंगे। भाजपा काशी क्षेत्र ने दावा किया है कि इस जनसभा में 50 हज़ार से अधिक लोग प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सुनने के लिए पहुंचेंगे। प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी का वाराणसी एयरपोर्ट पर स्वागत राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री करेंगे।

हर प्रकार की विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात

केन्द्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार पूर्वांचल की बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देकर उनका सुनियोजित विकास कर रही है। लोकार्पित और शिलान्यास होने वाली योजनाएं पूर्वांचल के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। योजनाओं के तहत ग्रामीण और शहरी इलाकों में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए नई सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण, पार्किंग, अस्पतालों का उच्चीकरण, शैक्षणिक संस्थानों को बेहतर बनाना, पेयजल, सीवरेज और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, खेल, होम्योपैथिक कॉलेज की स्थापना, पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से पक्के घाटों का निर्माण, पार्किंग, बिजली की व्यवस्था, तालाब का जीर्णोद्धार एवं जल शोधन का कार्य, लाइब्रेरी, पशु अस्पताल और डॉग केयर सेण्टर आदि हैं।

प्रधानमंत्री मोदी का यह 51वां काशी दौरा

भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का यह 51वां काशी दौरा होगा। प्रधानमंत्री सुबह लगभग 10 बजे बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद हेलीकॉप्टर से सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली (कालिका धाम) गांव में जनसभा स्थल पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि इस जनसभा में 50 हज़ार से अधिक लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जनसभा स्थल पर बने 20 ब्लॉकों में प्रत्येक में एक इंचार्ज तथा 12-12 पदाधिकारियों की विशेष तैनाती की गई है। वीआईपी, महिलाएं, किसान, प्रबुद्धजन, मीडिया एवं दिव्यांगजनों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के स्वागत में वाराणसी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े स्तर पर सजावट की जा रही है। एक हजार से अधिक होर्डिंग्स, भाजपा के झंडे, स्वागत तोरण द्वार बनाये जा रहे है, प्रमुख स्थलों पर किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी यहां की जनसभा में काशी और पूर्वांचल के लिए लगभग 2183.45 करोड़ की 52 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। जिसमें सड़क, स्वास्थ, शिक्षा, खेल, पर्यटन और बुनियादी और विकास की योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं का विवरण इस प्रकार है-

– वाराणसी-भदोही मार्ग का 4 लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (269.10 करोड़ रुपए)

– हरदत्तपुर रेलवे स्टेशन के पास मोहनसराय-अदलपुरा रोड पर 02 लेन आरओबी 10ए का निर्माण (42.22 करोड़ रुपए)

– 36वीं वाहिनी पीएसी रामनगर में 300 व्यक्तियों की क्षमता वाले बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण (2.54 करोड़ रुपए) – सीएसआर के अंतर्गत 08 कच्चे घाटों का पुनर्विकास (22.00 करोड़ रुपए)

– सेवापुरी स्थित कालिका धाम मंदिर का पर्यटन विकास (2.56 करोड़ रुपए)

– डॉ.भीमराव अंबेडकर खेल स्टेडियम, लालपुर में सिंथेटिक हॉकी मैदान का पुनर्निर्माण (4.88 करोड़ रुपए)

– तिलमापुर, शिवपुर में रंगीलादास कुटिया के पास तालाब का सौंदर्यीकरण और घाट का निर्माण (1.77 करोड़ रुपए)

– जनपद वाराणसी में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर एवं डॉग केयर सेंटर का निर्माण (1.85 करोड़ रुपए)

–वाराणसी नगर निगम सीमा के अंतर्गत 53 विद्यालय भवनों के मरम्मत और पुनरुद्धार का कार्य (7.89 करोड़ रुपए)

– महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र और होमी भाभा कैंसर अस्पताल, वाराणसी में 02 रेडिएशन मशीनों, रोबोटिक सर्जरी यूनिट और सीटी स्कैन मशीन की स्थापना (73.30 करोड़ रुपए)

– जल जीवन मिशन के अंतर्गत 47 ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण (129.97 करोड़ रुपए)

– दुर्गाकुंड के जीर्णोद्धार और जल शोधन का कार्य (3.40 करोड़ रुपए)

– एसएच-73 से गोसांईपुर से अहिरौली मार्ग (1.86 करोड़ रुपए)

– छितौनी कोट वाया नरोत्तमपुर खुर्द से तारापुर शूलटंकेश्वर मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढीकरण-2.01

– 1618.10 करोड़ की 38 परियोजनाओं का शिलान्यास

– राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल का निर्माण (85.72 करोड़ रुपए)

–नक्सल क्यूआरटी हेतु बैरक का निर्माण (1.54 करोड़ रुपए)

– स्वताता सेनानियों की स्मृति में ग्राम करखियांव के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्य (18.26 करोड़ रुपए)

– आध्यात्मिक परिपथ के अंतर्गत कर्दमेश्वर महादेव मंदिर का पर्यटन विकास कार्य (4.87 करोड़ रुपए)

– कपिलधारा मंदिर (पंचकोशी पंचम पदान) और थाईवर मंदिर (बुद्ध प्रतिमा) में फसाड लाइटिंग का कार्य (2.49 करोड़ रुपए)

– संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय,वाराणसी के आवासीय भवनों का नवीनीकरण (8.23 करोड़ रुपए)

– लमही स्थित मुंशी प्रेमचंद के घर का संग्रहालय के रूप में विकास (11.82 करोड़ रुपए)

– छितमपुर से राजवाडी बनिया धौरहरा तक सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (30.67 करोड़ रुपए)

– कछवा रोड से कपसेठी बाबतपुर होते हुए चौबेपुर तक सड़क का निर्माण (51.95 करोड़ रुपए)

– वाराणसी-गाजीपुर मार्ग से स्वर्वेद महामंदिर तक मार्ग के नव निर्माण का (11.46 करोड़ रुपए)

– दालमंडी मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का (215.88 करोड़ रुपए)

– कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ता कक्ष का निर्माण (4.95 करोड़ रुपए)

– लहरतारा-कोटवा-कोरउत परमपुर-अकेलवा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (21.70 करोड़ रुपए)

– रोहनिया से गंगापुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (20.29 करोड़ रुपए)

– मोहनसराय-गंगापुर-मोतीकोट मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (16.11 करोड़ रुपए)

– हरसोस-सुईचक-गंगापुर मार्ग 1.05 किमी चैनेज 2.000 से 3.050 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (24.99 करोड़ रुपए)

– हरसोस सुईचक गंगापुर मार्ग 1 से 2 किमी तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (24.98 करोड़ रुपए)

– हरसोस सुईचक गंगापुर मार्ग पर 0 से 1 किमी तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (24.95 करोड़ रुपए)

– फूलपुर-सिंधोरा मार्ग पर समपार संख्या 22 सी पर रेलवे उपरिगामी सेतु का निर्माण (52.33 करोड़ रुपए)

– स्मार्ट डिस्ट्रीब्यूशन एवं अंडरग्राउंड केबलिंग (881.56 करोड़ रुपए)

– उप निबन्धन कार्यालय, गंगापुर का निर्माण (2.29 करोड़ रुपए)

– नगर निगम वाराणसी द्वारा हरित कवरेज में सुधार हेतु 21 पार्कों का पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण (11.44 करोड़ रुपए)

अस्सी घाट पर मैकेनाइज्ड मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण (9.84 करोड़ रुपए)

– शहीद उद्यान पार्क का जीर्णोद्धार कार्य (7.5 करोड़ रुपए)

– सिगरा अपार्टमेंट विद्युत कार्यालय से कर्मचारी आवास होते हुए बंसीधर अपार्टमेंट तक एकीकृत विकास एवं उन्नयन कार्य (6.77 करोड़ रुपए)

– रामकुंड, मंदाकिनी, ईश्वरगंगी, भिखारीपुर, शंकुलधारा, बकरिया कुंड और पितृकुंड तालाबों के जल शोधन एवं रखरखाव का कार्य 03 वर्षों के लिए (6.28 करोड़ रुपए)

– पीलीकोठी, जनपद वाराणसी में कचरा स्थानांतरण स्टेशन शेड का निर्माण (5.69 करोड़ रुपए)

– सिटी फैसिलिटी सेंटर (सारनाथ) का निर्माण कार्य (5.38 करोड़ रुपए)

– सिटी फैसिलिटी सेंटर (रामनगर) का निर्माण कार्य (5.38 करोड़ रुपए)

– सिटी फैसिलिटी सेंटर (ऋषिमंदवी) का निर्माण कार्य (5.38 करोड़ रुपए)

– गंगा नदी के 24 घाटों का जीर्णोद्धार एवं साइनेज कार्य (4.66 करोड़ रुपए)

– लक्ष्मीकुंड का जल शोधन व जीर्णोद्धार कार्य (4.5 करोड़ रुपए)

– 4 पूजा प्लेटफार्म व चेजिंग रूम का कार्य (1.87 करोड़ रुपए)

– आदमपुर जोन अंतर्गत वार्ड सं 48 सूजाबाद में घटवारी माता मंदिर के पास अनटैप्ड नाले के पानी का शोधन कार्य (1.41 करोड़ रुपए)

– कंचनपुर में अर्बन मियावाकी फॉरेस्ट पार्क का विकास (1.29 करोड़ रुपए)

– आशापुर में फूड स्ट्रीट का निर्माण एवं विकास (1.08 करोड़ रुपए)

– राजकीय हाई स्कूल बेलारी, जखिनी, ठठरा, चित्तईपुर और लालपुर का पुनरुद्धार (2.87 करोड़ रुपए)

– वाराणसी में आधुनिक सुविधा युक्त नवीन जिला पुस्तकालय का निर्माण (19.71 करोड़ रुपए)

## उप्र...

प्रताप यादव द्वितीय को बांदा से कानपुर कमिश्नरेट, अनुज कुमार सिंह को महराजगंज से गोरखपुर भेजा गया। इनके अलावा गवेंद्र पाल गौतम को खीरी से 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़, अरविंद कुमार द्वितीय को नोएडा कमिश्नरेट से खीरी, आभा सिंह को महराजगंज से देवरिया, शिव प्रताप सिंह प्रथम को देवरिया से महराजगंज, आनंद कुमार चतुर्थ को डीजीपी मुख्यालय से 25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली, श्वेताभ भास्कर को अमरोहा से अमेठी, अखिलेश राजन को डीजीपी मुख्यालय से बांदा, राकेश कुमार नायक को 28वीं वाहिनी पीएसी इटावा से पहली वाहनी एसएसएफ लखनऊ, रामशब्द को डीजीपी मुख्यालय से फिंगर प्रिंट ब्यूरो, अमित कुमार को कानपुर कमिश्नरेट से पीटीएस मेरठ, प्रदीप कुमार यादव को सहायक सेना नायक 05वीं वाहिनी से सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ भेजा गया।

राम सिंह यादव द्वितीय को जालौन से वाराणसी कमिश्नरेट, अंबुज सिंह यादव को गाजियाबाद कमिश्नरेट से जालौन, उमेश कुमार पांडेय को जालौन से तीसरी वाहिनी एसएसएफ, जय शंकर मिश्रा को अलीगढ़ से बलिया, जगमोहन सिंह को पुलिस मुख्यालय भेजा गया हैं।

इनके अलावा शिल्पा कुमारी को हरदोई से गोरखपुर, आशुतोष को चंदौली से मुख्यमंत्री सुरक्षा, संगम कुमार को एटीसी सीतापुर से बाराबंकी, दिनेश कुमार पाठक को एलआईयू अयोध्या से एटीसी सीतापुर, शैलेंद्र सिंह को औरैया की जगह एलआईयू अयोध्या और पुरुषोत्तम शर्मा को 15वीं वाहिनी पीएसी आगरा से 43वीं वाहिनी पीएसी एटा भेजा गया है।

# इंटीग्रेटेड हिमालयन मोटर साइकिल एक्सपीडिशन शुरू

## सैन्य अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। भारतीय सेना मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने देहरादून से 'इंटीग्रेटेड हिमालयन मोटरसाइकिल एक्सपीडिशन द्वितीय 2025 को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

फ्लैग आफ से पूर्व जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य कमान ने मोटरसाइकिल एक्सपीडिशन टीम के सदस्यों से संवाद किया और औपचारिक रूप से एक्सपीडिशन फ्लैग टीम लीडर को सौंपा। एक्सपीडिशन टीम इस गौरवपूर्ण आयोजन का हिस्सा बनने के लिए पूर्णतः उत्साहित और प्रेरित नजर आई व भारतीय सेना के जांबाज़ जवानों के साथ मिलकर साहसिक चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार दिखाई दिये। सेना के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि गढ़वाल हिमालय की घाटियों से गुजरते हुए एक्सपीडिशन टीम अपने साथ भारतीय सेना की वीरता, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरक गाथाएँ लेकर चलेगा और यात्रा के दौरान इन कहानियों को गढ़वाल के जन-जन तक पहुँचाकर देशभक्ति की भावना का संचार करेगा। इस अभियान का उद्देश्य कारगिल युद्ध के वीरों को सम्मान देना, 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता बयान करना और स्थानीय युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करना है। इसके अंतर्गत स्थानीय लोगों से संवाद आयोजित कर 'ऑपरेशन विजय' और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सेना के साहस और शौर्य की गाथाओं को साझा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान में 25 मोटरसाइकिलों का समूह 13 दिन तक यात्रा पूरी करेंगे। 'इंटीग्रेटेड हिमालयन मोटरसाइकिल एक्सपीडिशन देहरादून से प्रारंभ होकर रूड़की, रायवाला, गौचर, जोशीमठ, रत्तना कोना, माणा, नीति पास, रिमखिम, कुर्कतुई, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, हर्षिल, थागला एक होते हुए पुनः हर्षिल, रायवाला और रूड़की तक की साहसिक परिक्रमा करेगा। उल्लेखनीय है कि गढ़वाल सेक्टर की दुर्गम पर्वतीय श्रृंखलाओं में लगभग दो हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने वाला यह रोमांचकारी अभियान केवल हिमालय की अनुपम प्राकृतिक भव्यता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का ही दर्शन नहीं कराएगा, बल्कि मातृभूमि की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों के अदम्य साहस और त्याग की भावना को सजीव श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। दुर्गम पहाड़ी मार्गों और प्रतिकूल मौसम की चुनौतियों का सामना करते हुए, अभियान दल रास्ते में आने वाले विभिन्न गाँव, स्कूल और महाविद्यालयों का भी भ्रमण करेगा क्र एक्सपीडिशन के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित कर हाल ही में संपन्न 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाएगा और स्थानीय युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में सम्मिलित होकर राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया जाएगा। इंटीग्रेटेड हिमालयन मोटरसाइकिल एक्सपीडिशन के द्वितीय संस्करण के फ्लैग ऑफ समारोह में भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ उत्तराखंड पर्यटन विभाग के सचिव, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड व रॉयल एनफील्ड के शीर्ष अधिकारियों की उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने मालेगांव मामले में हिन्दुओं को अपमानित किया: भाजपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। मालेगांव बम विस्फोट मामले की जांच कर रही एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) के पूर्व अधिकारी महबूब मुजावर के खुलासे के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कंग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि कंग्रेस ने मालेगांव मामले में भगवा आतंकवाद के नैरेटिव को फैलाने की कोशिश की। हिन्दुओं को अपमानित किया। भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. संबित पात्रा ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कल मालेगांव मामले में कोर्ट का जो फैसला आया है, उससे ये नैरेटिव औंधे मुंह गिर गया है। मालेगांव मामले में आज 2 नए डेवलमेंट हुए हैं। मालेगांव ब्लास्ट के दौरान जो एटीएस थी, जिसने जांच की थी, उसके एक अधिकारी महबूब मुजावर का एक खुलासा हुआ है, ये खुलासा बहुत ही चौंकाने वाला है। दूसरा- राहुल गांधी के कहने पर महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण बयान। उन्होंने कहा कि महबूब विस्फोट मामले की जांच के लिए गठित जांच समिति का एक अहम हिस्सा थे। उन्होंने खुलासा किया है कि उनके वरिष्ठ अधिकारियों और सरकार के वरिष्ठ नेताओं ने उन पर 'भगवा आतंकवाद' के मुद्दे को आगे बढ़ाने और संघ प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार करने के लिए भारी दबाव डाला था। मोहन भागवत का नाम न तो चार्जशीट में था और न ही केस में कहीं था। संविधान का हवाला देते हुए महबूब मुजावर ने मोहन भागवत को गिरफ्तार करने से इनकार कर दिया। महबूब मुजावर पर उनके वरिष्ठ अधिकारियों ने कुछ संगीन आरोप लगाए, जिसके परिणामस्वरूप उनकी पदोन्नति रोक दी गई। बाद में उन्हें अदालत ने बरी कर दिया। यह तत्कालीन कंग्रेस-नीत संप्रग सरकार के प्रतिशोधात्मक रवैये को दर्शाता है। यह सब गांधी परिवार के आदेश पर हो रहा था। संबित पात्रा ने कहा कि जिस प्रकार से देश में भगवा आतंकवाद के नैरेटिव को फैलाने की कोशिश कंग्रेस ने की थी और जिस प्रकार गांधी परिवार की चेष्टा थी कि हिंदुओ को अपमानित किया जाए। कहीं न कहीं तुष्टीकरण की राजनीति और वोटबैंक की राजनीति के कारण गांधी परिवार की ये तीव्र इच्छा थी कि सनातन एवं हिंदुओ पर कुठाराघात किया जाए।

## मां-शिशु के बीच जीवनदायी संबंध को सशक्त बनाने का संकल्प है स्तनपान सप्ताह: अन्नपूर्णा

नई दिल्ली। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर आज से 07 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह मना रहा है।महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने संदेश में कहा कि विश्व स्तनपान सप्ताह केवल एक स्वास्थ्य अभियान नहीं, बल्कि मां और शिशु के बीच जीवनदायी संबंध को सशक्त बनाने का संकल्प है। स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य बाल पोषण में सुधार एवं शिशु के विकास को बढाने तथा मां के दूध के महत्व के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसी पहलें मातृत्व को सुरक्षा, सम्मान और शक्ति प्रदान कर रही हैं।

# शिवहर विधायक चेतन आनंद के दुर्व्यवहार से नाराज पटना एम्स के डॉक्टरों ने किया प्रदर्शन




कैनविज टाइम्स संवाददाता


पटना। पटना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के रेजिडेंट डॉक्टरों ने शुक्रवार को शिवहर विधायक चेतन आनंद के 'दुर्व्यवहार' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन के कारण पटना एम्स में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित हो गईं। घटना का विरोध करते हुए एम्स के जूनियर डॉक्टरों ने इसे डॉक्टरों की सुरक्षा पर हमला बताया है। उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने भी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को पत्र लिखकर विधायक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और अस्पताल परिसर में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। आरडीए ने चिकित्सा अधीक्षक को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि शिवहर विधायक चेतन आनंद, उनकी पत्नी डॉ. आयुषी सिंह और उनके सशस्त्र गार्ड जबरन अस्पताल परिसर में घुस आए, सुरक्षा कर्मचारियों के साथ मारपीट की। रेजिडेंट डॉक्टरों को जान से मारने की धमकी दी और अस्पताल परिसर में बंदूक लहराई। इतना ही नहीं, एक अस्पताल गार्ड को बेरहमी से घायल कर दिया गया और रेजिडेंट डॉक्टरों को उनके अपने कार्यस्थल के अंदर ही धमकियों और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। डॉक्टरों ने आज सुबह 9:00 बजे से वैकल्पिक सेवाएं और आपातकालीन सेवाएं भी सशर्त बंद करने की घोषणा की। डॉक्टरों का कहना है कि जब तक विधायक चेतन आनंद अपने आचरण के लिए माफ़ी नहीं मांगते, तब तक सेवाएं बहाल नहीं की जाएंगी। डॉक्टरों ने कहा कि वे अपने जीवन और सम्मान को ख़तरे में डालकर काम नहीं कर सकते और न ही करेंगे।

क्या है मामला ?

दरअसल, बीते बुधवार की रात करीब 11 बजे विधायक चेतन आनंद अपनी पत्नी डॉ. आयुषी के साथ ट्रॉमा सेंटर में एक परिचित मरीज को देखने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ मौजूद सुरक्षा कर्मी (बॉडीगार्ड) को हथियार के साथ अंदर जाने से रोका गया, जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। अस्पताल के सुरक्षा गार्डों का आरोप है कि विधायक और उनके सुरक्षा कर्मी ने उनके साथ मारपीट की। वहीं, विधायक के समर्थकों का दावा है कि गार्डों ने विधायक के साथ बदसलूकी की और उन्हें करीब 30 मिनट तक बंधक बनाए रखा। घटना के बाद पूरे अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गई। सिटी पुलिस अधीक्षक (एसपी सिटी ), वेस्ट भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की ओर से थाने में प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराई गई है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही

## पंजाब में हुए फर्जी एनकाउंटर में पूर्व एसपी समेत पांच दोषी करार, सोमवार को सजा सुनाई जाएगी

चंडीगढ़। मोहाली स्थित सीबीआई कोर्ट ने पंजाब में आतंकवाद के दौरान वर्ष 1993 में हुए फर्जी एनकाउंटर केस में 33 साल बाद तत्कालीन एसएसपी और डीएसपी समेत 5 लोगों को दोषी करार दिया है। सभी दोषियों को सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। दोषी ठहराए जाने के बाद सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अदालत के फैसले पर पीड़ित परिवारों ने संतुष्टि जताई है। दोषी करार दिए गए अधिकारियों में रिटायर्ड एसएसपी भूपेंद्रजीत सिंह, रिटायर्ड इंस्पेक्टर सूबा सिंह, रिटायर्ड डीएसपी दविंदर सिंह और रिटायर्ड इंस्पेक्टर रघुबीर सिंह व गुलबर्ग सिंह हैं। इन सभी को आईपीसी की धारा 302 और 120-बी के तहत सजा सुनाई जाएगी। बचाव पक्ष के वकीलों ने बताया कि यह मामला 1993 का है, जिसमें सात नौजवानों को दो अलग-अलग पुलिस मुठभेड़ों में मरा हुआ दिखाया गया था।







चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।   फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com   RNI NO - UPHIN/2012/42063